✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 256 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 12 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


लोकसभा में बजट पर हुई चर्चा का जवाब देती वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

# फोर लेन होगी पटना-औरंगाबाद सड़क : मंत्री

## औरंगाबाद विधायक के सवाल पर पथ निर्माण मंत्री की घोषणा, डीपीआर तैयार कर केंद्र को सौंपेगी बिहार सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना को अरवल और औरंगाबाद के रास्ते झारखंड तथा मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाले अति महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 के बिहार खंड की फोर लेनिंग की प्रक्रिया तेज हो गई है। केंद्र सरकार की मांग पर बिहार सरकार अब इस परियोजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को शीघ्र सौंपने जा रही है। यह जानकारी बिहार विधानसभा के चालू बजट सत्र के दौरान औरंगाबाद के भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने दी। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने विधान सभा में कहा कि पटना-औरंगाबाद नेशनल हाईवे की चौड़ाई बढ़ानी अत्यंत जरूरी है। यह काफी महत्वपूर्ण और व्यस्त सड़क है, लेकिन चौड़ाई कम रहने के कारण इस पर काफी हादसे होते हैं। इस पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि





एनएच-139 की चौड़ाई बढ़ाने को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह गंभीर है और इसे लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पथ निर्माण मंत्री ने सदन को बताया कि उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से विमर्श के बाद 8 जनवरी 2026 को राज्य सरकार की ओर से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एनएच-139 की फोर लेनिंग के संबंध में पत्र भेजा गया था। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार को फोर लेनिंग के लिए डीपीआर तैयार कर भेजने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार डीपीआर के निर्माण पर तेजी से काम कर रही है और तैयार होते ही इसे केंद्र को सौंप दिया जाएगा। सदन में विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने एक अन्य अनुपूरक प्रश्न के जरिए खडीहा मोड़-रिसियप भाया सिमरा-बोधि बिगहा पथ के चौड़ीकरण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह सड़क एनएच-139 से जुड़ी हुई है और देव में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को जोड़ती है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान की थी। लगभग साढ़े बारह किलोमीटर लंबी इस सड़क का चौड़ीकरण आवश्यक है। विधायक ने बताया कि यह सड़क वर्तमान में ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है और आवश्यकता होने पर इसे पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जा सकता है। इस पर पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने स्पष्ट किया कि अब ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा भी ग्रामीण सड़कों का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इसलिए इस सड़क को पथ निर्माण विभाग को सौंपने की जरूरत नहीं है और ग्रामीण कार्य विभाग ही अन्य सड़कों के साथ इस महत्वपूर्ण पथ का भी चौड़ीकरण कराएगा।

# राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ऐसे में अब राष्ट्र गान 'जन गण मन' से पहले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' बजेगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार सरकार ने आधिकारिक मौकों पर 'वंदे मातरम' के छह अंतरा वाले संस्करण को बजाना या गायन अनिवार्य किया है। इसकी कुल अवधि 3. 10 मिनट होगी। राष्ट्रगीत के सभी छह छंद बजाए जाएंगे, जिनमें वे चार छंद भी शामिल हैं, जिन्हें कांग्रेस ने 1937 में हटा दिया था। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार यह नियम राष्ट्रीय ध्वज फहराने, कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, उनके भाषणों या राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले और बाद में अनिवार्य तौर पर लागू किया गया है। इसी के साथ सरकारी कार्यक्रमों, सरकारी स्कूलों के आयोजन या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया या गाया जाएगा। नई गाइडलाइन के मुताबिक वंदे मातरम का पूरा आधिकारिक संस्करण, जिसमें छह लाइनें हैं और जो लगभग 3 मिनट 10 सेकंड का है, बड़े सरकारी मौकों पर गाया या बजाया जाएगा।निर्देश का एक खास पहलू यह है कि जब भी किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम और राष्ट्रगान दोनों हों, तो राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाया जाना चाहिए। गाइडलाइंस में आगे बताया गया है कि इस दौरान सम्मान में हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। इसी के साथ गृह मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों से यह भी कहा है कि वे रोजाना स्कूल में प्रार्थना या जरूरी शैक्षणिक कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' गीत को बढ़ावा दें। इस कदम का मकसद छात्रों और आम लोगों में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी परीक्षाओं में आवेदन के लिए ओटीआर अनिवार्य

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अब ओटीआर और प्रोफाइल क्रिएशन अनिवार्य कर दिया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया गया है कि उक्त दोनों प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना अभ्यर्थी किसी भी भर्ती के लिए फॉर्म नहीं भर पाएंगे। ओटीआर के माध्यम से अभ्यर्थियों की आवश्यक जानकारी आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर सुरक्षित की जाती है, जिससे अभ्यर्थी बीपीएससी की विभिन्न परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### पटना में महिला वकील की अधजली लाश बरामद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र नगर रोड नंबर-2 स्थित एक दो मंजिला मकान से 65 वर्षीय महिला वकील डॉ. इंद्रा लक्ष्मी की अधजली लाश बरामद की गई है। कदमकुआं थाना क्षेत्र के रोड नंबर-2 स्थित दो मंजिला मकान में हुई इस वारदात ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका की पहचान 65 वर्षीय डॉ. इंद्रा लक्ष्मी के रूप में हुई है, जो पटना हाई कोर्ट और सिविल कोर्ट में वकालत करती थीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है।

### परीक्षार्थी गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** गर्दनीबाग मैदान में सिपाही भर्ती की चल रही शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने पहुंचे एक अभ्यर्थी को फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभ्यर्थी सहरसा निवासी सौरभ कुमार है। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि उसने एक सॉल्वर और बिचौलिए की मदद से लिखित परीक्षा पास की थी।

# लल्लू भाई मॉल में सेल टैक्स का छापा, करोड़ों की गड़बड़ी की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बुधवार को सेल टैक्स विभाग की विशेष टीमों ने समन्वित कार्रवाई करते हुए आरा, भभुआ और औरंगाबाद स्थित लल्लू भाई मॉल में एक साथ छापेमारी शुरू की। कार्रवाई इतनी गोपनीय तरीके से की गई कि स्थानीय स्तर पर किसी को भनक तक नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार विभाग को लंबे समय से भारी-भरकम आय छिपाने, टैक्स रिटर्न में कथित गड़बड़ी और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जानकारी मिल रही थी। प्रारंभिक जांच और डाटा विश्लेषण के बाद तीनों जिलों में एक साथ दबिश देने की रणनीति बनाई गई ताकि किसी प्रकार के दस्तावेज़ी बदलाव या साक्ष्य नष्ट होने की संभावना न रहे। जांच टीम वित्तीय प्रविष्टियों की बारीकी से समीक्षा कर रही है और संबंधित व्यक्तियों से



पूछताछ भी जारी है। तीनों स्थानों पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल को तैनात किया गया है। आम लोगों की आवाजाही को सीमित रखा गया है ताकि जांच प्रक्रिया प्रभावित न हो। अभी तक किसी भी राशि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन जांच का दायरा कई करोड़ रुपये के संभावित लेन-देन तक पहुंच सकता है। विभाग यह भी देख रहा है कि कहीं कई कंपनियों द्वारा फर्जी बिलिंग के जरिए आय को कम दर्शाने का प्रयास तो नहीं किया गया है। संभावना है कि यहां गड़बड़ी करोड़ों में है। सेल टैक्स विभाग की ओर से फिलहाल कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है। मॉल प्रबंधन ने भी सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत तथ्य सामने आएंगे। जानकारों का कहना है कि लल्लू भाई मॉल आरंभ से ही कुव्यवस्था और अनियमितता का केंद्र रहा है। सरकारी प्रावधानों के मुताबिक मॉल में जो सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, उसका मॉल संचालक द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। यहां 12-12 घंटे तक काम करने वाली महिलाओं को वेतन मद में बहुत कम राशि दी जाती है। अगर इस मॉल की अनियमितताओं की इमानदारी से जांच की जाए तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# पेड़ से टकराई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र की है। घोड़ासहन-ढाका मुख्य मार्ग पर महादेवा मसान चौक के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक के घटनास्थल से फरार होने की बात सामने आई है। चालक के शराब के नशे में होने की भी आशंका जताई जा रही है। मृतकों की पहचान राजेपुर थाना क्षेत्र के एक ही गांव के 55 वर्षीय विनोद प्रसाद, उनके चचेरे भाई 35 वर्षीय अनिल प्रसाद और 40 वर्षीय उपमुखिया गजेंद्र दास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वे पकड़ीदयाल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बताया गया है कि विनोद प्रसाद के बेटे की शादी पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के सिरहा गांव में हो रही थी और कार्यक्रम घोड़ासहन के एक विवाह भवन में आयोजित था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पेड़ से टकराने के बाद उछल गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही घोड़ासहन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों की शिनाख्त कर उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पंचायती राज विभाग का घूसखोर अभियंता धराया

## निगरानी विभाग की टीम ने 12 हजार रुपए लेते दबोचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी के लगातार एक्शन के बावजूद सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला मधुबनी से सामने आया है, जहां निगरानी विभाग की टीम ने पंचायती राज विभाग के जेई को घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरअसल निगरानी विभाग को सूचना मिली थी कि मधुबनी के कलुआही प्रखंड में तैनात पंचायती राज विभाग के जूनियर इंजीनियर हरिशंकर प्रसाद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। निगरानी में जेई के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद पहले उसकी जांच की गई। शुरुआती जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद निगरानी की टीम पटना से मधुबनी पहुंची। निगरानी विभाग के डीएसपी मो. वसीम के नेतृत्व में टीम ने घूसखोर जेई को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी जेई पीड़ित से 12 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर ले रहा था, निगरानी की टीम ने धावा बोल दिया और जेई को घूस के पैसों के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी की कार्रवाई से भ्रष्ट अधिकारी और कर्मियों में हड़कंप मच गया है। आरोपी जेई से पूछताछ के बाद निगरानी की टीम उसे अपने साथ लेकर पटना चली गई, जहां उसे निगरानी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। टीम का नेतृत्व डीएसपी एमडी वसीम फिरोज कर रहे थे। टीम में निगरानी इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक देवेंद्र कुमार, सिपाही पंकज कुमार, सिपाही धर्मवीर पासवान और कंप्यूटर आपरेटर चंदन कुमार शामिल थे।

# रालोमो ने की 40 जिला संयोजकों की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश के अध्यक्ष व विधायक आलोक कुमार सिंह ने 40 जिला संगठन के संयोजकों की घोषणा की। पार्टी के कैंप कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में उन्?होंने सभी नामों का एलान किया। 11 प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष भी बनाए गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक राम, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंदन यादव बनाए गए हैं। इसी तरह महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष इंजीनियर स्मृति कुमुद, छात्र प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. विवेक कुशवाहा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा दीपक कुशवाहा, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष गोंड बनाए गए हैं। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमा



शंकर जायसवाल, शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार सिंह, एवं विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. रत्नाकर पांडेय बनाए गए हैं। राजेश राम को बगहा, शैलेश कुशवाहा को पश्चिम चंपारण,इंजीनियर रमेश पासवान को पूर्वी चंपारण, चंद्रिका पासवान को सीतामढ़ी, कल्याण पटेल को शिवहर, रामेश्वर सिंह कुशवाहा को मुजफ्फरपुर, लालदेव राम को वैशाली एवं सुमेर कुशवाहा को गोपालगंज का जिला संयोजक बनाया गया है। बता दें कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा में अब ऑल इज वेल की स्थिति हो गई है। कुछ दिनों पूर्व तक पार्टी के तीन विधायकों के तीखे तेवर ने पार्टी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के लिए असहज स्थिति उत्पन्न कर दी थी। हालांकि तब भी वे यह कहते थे कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है। पार्टी पूरी तरह एकजुट है।

### मैट्रिक परीक्षा में फांदी दिवार तो दो साल तक नहीं दे पाएंगे परीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक (वार्षिक माध्यमिक) परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड की यह वार्षिक परीक्षा 17 से शुरू होकर 25 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा को सुचारू, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों पर विशेष नियम और निर्देश जारी किए हैं। सबसे पहले बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्र पर विलंब से पहुंचना कतई स्वीकार नहीं होगा। किसी भी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा केंद्र की चहारदीवारी फांदकर या किसी अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की गई तो वह दो वर्ष तक किसी भी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेगा। इसके साथ ही ऐसे परीक्षार्थियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बोर्ड ने इसे क्रिमिनल ट्रेसपास और कदाचार मानते हुए कड़ी सजा का प्रावधान किया है।

# बिहार के हर प्रमंडल में खुलेगा नेत्रहीन विद्यालय : मदन सहनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के हर प्रमंडल में नेत्रहीन और मूक बधिर विद्यालय खोले जाएंगे। इनकी क्षमता 500-500 बेड प्रति विद्यालय होगी। नीतीश सरकार ने बुधवार को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान यह घोषणा की। सामाजिक कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि ऐसे सभी स्कूलों को 8वीं से प्लस टू यानी 12वीं तक क्रमोन्नत किया जाएगा। राज्य सरकार ने दिव्यांग से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के नियम में भी बदलाव की घोषणा की। अब 60 फीसदी की जगह शारीरिक रूप से 40 फीसदी दिव्यांग व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। बिहार में अभी दिव्यां ग बच्चों के लिए विशेष स्कूलों की संख्या कम है। मंत्री सहनी ने सदन के अंदर बताया कि अभी राज्यभर में सिर्फ तीन नेत्रहीन विद्यालय ही हैं जो पटना, दरभंगा और भागलपुर में स्थित हैं। इसके अलावा पटना में दो और भागलपुर, दरभंगा एवं मुंगेर में एक-एक मूक बधिर विद्यालय है। सरकार अब इनकी संख्या बढ़ाने जा रही है। सामाजिक कल्याण मंत्री ने सदन में बताया कि दिव्यांगो को रोजगार एवं शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन को बिहार लो क सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा पास करने पर मुख्य परीक्षा एवं इंटरव्यू की तैयारी के लिए क्रमशः एक लाख और 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# 24 घंटे में हटेंगे अवैध ढांचे : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ताबड़तोड़ एक्शन में दिख रहे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने फिर से बड़ा आदेश जारी कर दिया है। डिप्टी सीएम ने अब पटना शहर में बुलडोजर चलाने का आदेश जारी किया है। पटना शहर में चल रहे अवैध कारोबार को 24 घंटे में ध्वस्त कर देने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, डिप्टी सीएम ने राजधानी पटना में अवैध होर्डिंग और पार्किंग के खेल पर अब बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। विजय सिन्हा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि शहर में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग और अवैध पार्किंग संचालकों पर तत्काल शिकंजा कसा जाए। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट आदेश दिया है कि 24 घंटे के भीतर सभी अवैध होर्डिंग और अवैध पार्किंग हटाई जाएं। संबंधित विभागों को संयुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और



राजस्व विभाग मिलकर यह अभियान चलाएंगे। सरकार द्वारा की गई समीक्षा में पटना शहर में कुल 1092 होर्डिंग चिह्नित किए गए हैं। इनमें 243 होर्डिंग सरकारी और वैध पाए गए हैं जबकि 849 होर्डिंग अवैध घोषित किए गए हैं। इन्हीं 849 अवैध होर्डिंगों को हटाने का आदेश जारी किया गया है। सरकारी आकलन के मुताबिक अवैध होर्डिंग और पार्किंग के कारण सरकार को हर साल करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध रूप से विज्ञापन और पार्किंग वसूली का नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था, जिस पर अब सख्ती की जा रही है। सिर्फ होर्डिंग ही नहीं बल्कि शहर में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर चल रही अवैध पार्किंग वसूली पर भी कार्रवाई होगी। बिना अनुमति पार्किंग शुल्क वसूलने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पटना में होर्डिंग और पार्किंग व्यवस्था की समग्र समीक्षा की जाएगी। भविष्य में सभी विज्ञापन और पार्किंग स्थलों को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत स्वीकृति देने की बात कही जा रही है। उपमुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जल्द ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और व्यस्त इलाकों में कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। राजधानी में इस सख्त रुख को लेकर राजनीतिक और व्यावसायिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। अब देखना होगा कि 24 घंटे के भीतर अवैध होर्डिंग और पार्किंग पर कितनी प्रभावी कार्रवाई होती है।

# जीविका दीदियों को पहचान पत्र देगी नीतीश सरकार : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नारी सशक्तीकरण का जीवंत प्रमाण बन चुकी जीविका दीदियों को सरकार आने वाले दिनों में पहचान पत्र भी देगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार बुधवार को विधानसभा में इसके लिए हामी भरी। इससे संबंधित स्नेहलता का अल्पसूचित प्रश्न था। मुख्यमंत्री के गुणगान के बाद उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जीविका दीदियों की महती भूमिका का उल्लेख किया। इसी के साथ उनकी सुरक्षा और आधिकारिक पहचान के लिए आधार-लिंक्ड पहचान-पत्र और ड्रेस कोड (साड़ी/एप्रन) उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इसके उत्तर में मंत्री ने बताया कि जीविका दीदियों तो स्वयं समाज को जागरूक कर रही हैं और वे सशक्त हैं। फिर भी सुरक्षा-जनित कोई समस्या है, तो वे 112 पर निःसंकोच डायल कर सकती



हैं। यह व्यवस्था पहले से और सभी नागरिकों के लिए है। उन्होंने आगे कि जहां तक ड्रेस कोड और पहचान-पत्र की बात है, तो वह सामुदायिक संगठन के दायरे का विषय है। उन्हें ही इन सबका दायित्व दिया गया है और विभाग के स्तर से एक बार फिर से निर्देशित कर दिया जाएगा। स्नेहलता के संतुष्ट नहीं होने पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने परामर्श दिया कि पहचान-पत्र दिला दी जाए। मंत्री ने इस आग्रह को स्वीकार कर लिया।

C M Y K

# जैविक खेती को जन आंदोलन बनाएं : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य जैविक मिशन के तहत राज्य में टिकाऊ और दीर्घकालीन कृषि प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से जैविक खेती को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि इन योजनाओं का लक्ष्य सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहित करना, किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करना और जैव एवं कार्बनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाना है। कृषि मंत्री ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक विकल्पों को अपनाने से मिट्टी के स्वास्थ्य और उर्वरा शक्ति का संरक्षण होगा। इससे मानव जीवन, पशु-पक्षियों और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। जैविक खेती अपनाने से फसल लागत में कमी आएगी तथा उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय में सकारात्मक बढ़ोतरी संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि योजनाओं के तहत ऑनलाइन डीबीटी पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर स्वीकृति दी जा रही है। ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे। योजनाओं के विवरण साझा करते हुए मंत्री ने बताया कि पक्का वर्मी कम्पोस्ट पीट इकाई योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभुक को अधिकतम तीन इकाइयों का लाभ दिया जाता है। प्रति पीट कुल लागत 10 हजार रुपये निर्धारित है जिस पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 5 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। गोबर/बायो गैस इकाई योजना में प्रत्येक लाभुक को एक इकाई का लाभ मिलता है। प्रति इकाई कुल लागत 42 हजार रुपये है जिस पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 21 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त 1,500 रुपये की टर्न-की सहायता भी प्रदान की जाती है। व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट इकाई योजना के तहत 1,000, 2,000 और 3,000 मेगाटन क्षमता की इकाइयों के लिए क्रमशः 16 लाख रुपये, 32 लाख रुपये और 50 लाख रुपये की लागत निर्धारित है। इन पर 40 प्रतिशत या अधिकतम क्रमशः 6.40 लाख रुपये, 12.80 लाख रुपये और 20 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार जैविक खेती को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि और अपनी आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित करें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रचिंतक परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के अवसर पर उनके तैल चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने 'अंत्योदय' के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का जो विचार दिया, वह आज भी नीति और शासन की आधारशिला है। उनका 'एकात्म मानववाद' केवल एक राजनीतिक दर्शन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों पर आधारित समग्र विकास की अवधारणा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि दीनदयाल जी का मानना था कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ नहीं पहुंचता, तब तक वास्तविक प्रगति अधूरी है। आज आवश्यकता है कि हम उनके सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि 'समर्पण दिवस' हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता और सुशासन के मार्ग पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार एवं सदस्य मिथिलेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## वातानुकूलित बोगी से अनाधिकृत यात्रा करते 120 यात्री पकड़े गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वालों के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग का कार्य सघनतापूर्वक कराया जाता रहता है। इसी क्रम में 11 फरवरी 2026 को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक/दानापुर अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार द्वारा मंडलीय पर्यवेक्षकों के साथ गाड़ी संख्या-12370 हरिद्वार-हावड़ा एक्सप्रेस में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान दानापुर स्टेशन पर इस गाड़ी का आज पुनः विशेष ठहराव लेकर, एसी कोचों सहित अन्य बोगियों की गहन जांच की गई। यह जांच अभियान टिकट जांच दस्ता तथा आरपीएफ कर्मियों के सहयोग से संयुक्त रूप से चलाया गया।

**बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समर्पण का अनुपम आदर्श : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' पर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्र चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटिशः नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज उस महापुरुष की पुण्यतिथि है जिसने अंत्योदय की कल्पना की और राष्ट्र निर्माण का सपना देखा। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणा का स्रोत है और हमें सेवा, समर्पण एवं 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहने का संकल्प प्रदान करता है। भाजपा अध्यक्ष सरावगी ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समर्पण का अनुपम आदर्श था। उनका 'अंत्योदय दर्शन' वंचितों के उत्थान के लिए पथ-प्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि उनका जो मार्गदर्शन था और जो विचारधारा थी, उस विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी पार्टी कर रही है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन प्रासंगिक रहेगा। सामाजिक जीवन में एक नेता को कैसा होना चाहिए, भारत के लोकतंत्र और मूल्यों को कैसे जीना चाहिए, दीनदयाल उपाध्याय इसके भी बहुत बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं महान राष्ट्र चिंतक दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' पर बिहार भाजपा कार्यालय में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार सरकार में मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, राम कृपाल यादव, शंकर प्रसाद सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, विधायक जीवेश मिश्रा, रोहित पांडे, त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू, अमृता भूषण राठौर सहित कई विधायक, भाजपा नेता, प्रदेश पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू थे जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने किया।

# यूनानी दिवस पर ज्ञान भवन, पटना में वैज्ञानिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** यूनानी दिवस - 2026 के अवसर पर राज्य आयुष समिति, पटना द्वारा ज्ञान भवन, पटना में यूनानी चिकित्सा पद्धति पर आधारित वैज्ञानिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव सह कार्यपालक निदेशक, राज्य आयुष समिति वैभव चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में शैलेश कुमार, विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग, अनुपमा सिंह, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति आलोक कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राज्य औषधीय पादप बोर्ड, बिहार, पटना सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से यूनानी चिकित्सा पद्धति की ऐतिहासिक विरासत, वैज्ञानिक आधार एवं वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यूनानी पद्धति शरीर की प्रकृति (मिजाज) के अनुसार उपचार पर आधारित एक समग्र चिकित्सा प्रणाली है जो रोग के मूल कारण को समझकर उपचार करती है। यह पद्धति जीवनशैली सुधार, प्राकृतिक औषधियों और संतुलित आहार-विहार पर विशेष बल देती है जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

# गैंगरेप मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** चेनारी थाना क्षेत्र के खुरमाबाद गांव में छह वर्ष पूर्व हुई गैंगरेप की घटना में बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए जिला जज-14 प्रहलाद कुमार की अदालत ने दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। सजा पाने वाले अभियुक्त मुन्ना कुरैशी और इकबाल कुरैशी, दोनों खुरमाबाद गांव, थाना चेनारी के निवासी हैं। यह मामला चेनारी थाना कांड संख्या 32/2020 के तहत दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता लक्ष्मण राय ने बताया कि घटना 18 फरवरी 2020 की रात करीब 10:30 बजे की है। पीड़ित महिला शौच के लिए गांव से सटे नहर किनारे गई थी जहां अभियुक्तों ने उसे जबरन पकड़ लिया और पिकअप वैन में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 16 गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई। सभी साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर अदालत ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुए कड़ी सजा सुनाई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के रूप में मनी

## पंडित दीनदयाल के 'अंत्योदय' का सपना पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं साकार : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कार्यालय के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 'अंत्योदय' का जो सपना देखा था, उसे आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंडित जी का मानना था कि राष्ट्रवाद हमारी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास पर आधारित होना चाहिए तथा जब तक सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचतीं, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहना चाहिए। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पंडित जी भारतीय संस्कृति के प्रबल समर्थक थे। महर्षियों और ऋषियों की इस संस्कृति के बल पर भारत एक समय 'विश्वगुरु' था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन, मातृ-शक्ति को उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस सिलेंडर तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रमुख पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 19 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए।

# कंकड़बाग में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के सौजन्य से अशोक नगर, कंकड़बाग स्थित रानी दुर्गावती सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन बिहार अग्रवाल महिला की अध्यक्ष समाज सेविका गीता जैन एवं इनरह्वील डिस्ट्रिक्ट की डीआईएसओ विभा चरणपहारी के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन, नए कपड़े, धागे, सिलाई किट, कैंची, इंची टेप आदि आवश्यक सामग्री वितरित की गई। क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी ने महिलाओं को हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और इस केंद्र को उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सेक्रेटरी श्रीमती नीलांजना ने अपने बेटे के जन्मदिन की खुशी में स्वामी विवेकानंद बाल संस्कारशाला-गराज स्कूल के छोटे बच्चों के बीच ड्राइंग बुक, कलर पेंसिल एवं क्रीम रोल वितरित किए। सभी उपस्थित सदस्यों एवं बच्चों ने उनके बेटे सक्षम को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट कंचन रॉय, निशा विद्यार्थी, सेक्रेटरी नीलांजना, एडिटर रेखा सिंह उपस्थित रहीं।

# स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पूर्व मध्य रेल सतत प्रयासरत

## जनवरी माह तक स्टेशनों पर गंदगी फैलाते हुए 3821 यात्री पकड़े गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कदम उठाया जाता है। सभी स्टेशनों पर नियमित आधार पर साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन किया जाता है। पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण 52 स्टेशनों पर साफ-सफाई हेतु मेकेनाइज्ड क्लिनिंग कंट्रेक्ट, इंटरफेस क्षेत्रों के विशिष्ट स्थानों पर स्वच्छता पोस्टर, नोटिस एवं कार्टुन चरित्र प्रदर्शित किए गए हैं तथा नियमित रूप से समयानुसार स्टेशनों पर सफाई के लिए सार्वजनिक घोषणाएं कराई जाती हैं। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के 52 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर सीसीटीवी द्वारा सफाई की गुणवत्ता की निगरानी की जा रही है तथा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल, 2025 से जनवरी, 2026 तक 3821 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 07 लाख 84 हजार रूपये वसूल किये गये। पूर्व मध्य रेल से खुलने वाली प्रमुख 85 ट्रेनों ओबीएचएस की सुविधा प्रदान की गई है। 'क्लीन ट्रेन स्टेशन योजना' के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन, बरौनी तथा बरकाकाना स्टेशनों से गुजरने वाली क्रमशः 79, 34 तथा 12 ट्रेनों में सफाई की जा रही है। 'रेल मदद सेवा' एसएमएस या वेब से प्राप्त सफाई से संबंधित यात्रियों की समस्याओं के निवारण हेतु यह ऑन लाइन सुविधा है।

# कुशल युवा कार्यक्रम में भुगतान टालने की साजिश : आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने के बावजूद राज्य के अनेक जिलों में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों को अब तक उनका वैध भुगतान नहीं किया गया है। जैसे ही केंद्र संचालकों द्वारा भुगतान की मांग उठाई जाती है, विभाग की ओर से विभिन्न तकनीकी आपत्तियों का हवाला देकर भुगतान प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है। हाल के दिनों में प्रत्येक जिले में जांच के नाम पर भुगतान रोकने की एक समान प्रवृत्ति सामने आई है जिससे गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने कहा कि जांच की आड़ में केंद्र संचालकों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब प्रशिक्षण, उपस्थिति, परीक्षा, पोर्टल एंट्री एवं अन्य सभी औपचारिकताएं विभागीय नियमों के अनुरूप पूरी की जा चुकी है तो भुगतान रोकने का औचित्य क्या है—यह विभाग को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना चाहिए। श्री झा ने गंभीर आशंका जताते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया कहीं अवैध वसूली की ओर संकेत तो नहीं कर रही है। विभाग से जुड़े पूर्व मामलों में अनियमितताओं और वसूली के आरोप सामने आ चुके हैं। हाल ही में विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को पांच लाख रुपये की घूस लेते हुए निगरानी टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़े जाने की घटना ने इन आशंकाओं को और गहरा कर दिया है। ऐसे में भुगतान प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि भुगतान में हो रही अनावश्यक देरी के कारण केंद्र संचालक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों का वेतन, बिजली बिल, किराया और अन्य संचालन व्यय समय पर वहन करना कठिन होता जा रहा है जिसका सीधा असर प्रशिक्षण व्यवस्था पर पड़ रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास और भविष्य पर पड़ना तय है।

# आध्यात्मिक सत्संग समिति द्वारा अधिक मास में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आध्यात्मिक सत्संग समिति के तत्वावधान में अधिक मास के पावन अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी आध्यात्मिक सत्संग समिति की बैठक में अध्यक्ष रमेश गुप्ता द्वारा दी गई। गुप्ता ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 25 मई से 31 मई 2026 तक दादी मंदिर, बैंक रोड स्थित अग्रसेन भवन में सम्पन्न होगा। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्री चंद्र भूषण जी मिश्र के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक होगी। आयोजन के अंतिम दिन 31 मई को प्रातः 9 बजे से 12 बजे दोपहर तक विशेष कथा के उपरांत दिन में 1 (एक) बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा। इस पुण्य आयोजन के मुख्य यजमान नन्द किशोर अग्रवाल होंगे जबकि नौ अन्य यजमान भी धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी रहेंगे। अधिक मास के इस विशेष आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, ज्ञान एवं आध्यात्मिक अनुभूति का अनुपम अवसर प्रदान किया जाएगा। आयोजन को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया जाएगा जिससे दूर-दराज के श्रद्धालु भी कथा का लाभ उठा सकेंगे। मौके पर अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता ने समिति के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# बिजली चोरी को लेकर दावथ व सूर्यपुरा क्षेत्र में आठ पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिलिंग गुणवत्ता व बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर चलाये जा रहे निरंतर विशेष अभियान के तहत दावथ व सूर्यपुरा प्रखंड अंतर्गत आठ पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बता दें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर बोदाढी के संतोष सिंह पिता-तूफानी सिंह पर 14545, भीखर सिंह पिता-राजगृही सिंह पर 21143, सुरहुरिया टोला के धनजी राय पिता-रामराज सिंह पर 46169 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा बिजली से सम्बंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। आगे बता दें कि मीटर से पहले सर्विस तार मे कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर सुरहुरिया के हीं दुलारो देवी पति-गांधी चौधरी पर 41085, बोदाढी के सोनू कुमार पिता-सहेंद्र सिंह पर 16150 रुपये जुर्माना लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियानों की शुरुआत की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने देशभर में रोड सेफ्टी को लेकर कई जागरूकता-केंद्रित पहलें आयोजित कीं। इन गतिविधियों के लिए कंपनी ने अपने डीलर नेटवर्क और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर सुरक्षित सड़क व्यवहार और ट्रैफिक नियमों की बेहतर समझ को बढ़ावा दिया। पूरे महीने के दौरान देश के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं जिनमें 30,000 से अधिक लोगों की भागीदारी रही। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अपनी पहलों के हिस्से के रूप में, एचएमएसआई ने जयपुर आइडियल रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट भी लॉन्च किया जो सुरक्षित और जिम्मेदार मोबिलिटी की दिशा में कंपनी के फोकस को दर्शाता है। इस पहल का फोकस जागरूकता और ट्रेनिंग, बेहतर सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर, चिन्हित जोन्स में सख्त अनुपालन और क्रिटिकल लोकेशंस के विश्लेषण पर है। फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स की बेहतर तैयारी के जरिए यह पहल दुर्घटनाओं को कम करने और जीवन बचाने का लक्ष्य रखती है, साथ ही एक अधिक जिम्मेदार, तैयार और सेफ्टी-कोंशियस समुदाय का निर्माण करती है जो देशभर के शहरों के लिए एक मॉडल बन सकता है।

## जिलाधिकारी ने किया डिहरी प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

# जनसेवाओं में पारदर्शिता व समयबद्ध निष्पादन पर दिया जोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिलाधिकारी द्वारा डिहरी प्रखंड कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर संचालित प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा, जन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर नागरिक सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभागीय कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निष्पादित किए जाएं। कार्यालय परिसर में उपस्थित स्थानीय नागरिकों एवं आगंतुकों से संवाद करते हुए उन्होंने उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में डिहरी प्रखंड एवं अंचल से संबंधित विकासात्मक एवं प्रशासनिक कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। नल-जल योजना, परिमार्जन एवं पेयजल समस्या जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग को महिला प्रसव से संबंधित सेवाओं में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, श्रम संसाधन, पंचायती राज, ग्रामीण विकास तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर छात्रों के रचनात्मक प्रयासों की जिला पदाधिकारी ने विशेष सराहना की। प्रखंड कार्यालय परिसर में जीविका सामुदायिक पुस्तकालय सह कैरियर विकास केंद्र एवं जिम सेंटर का उद्घाटन भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

## मृत्यु के बाद पंच के खाते में आई राशि लौटने की डीएम से की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड के गंगौली पंचायत निवासी दिव्यांग निवेदिता देवी ने अपने पंच पति निर्मल कुमार शर्मा की मृत्यु उपरांत सरकार से उनके खाते में आये मानदेय की राशि को तत्काल वापस लेने की गुहार डीएम के जनता दरबार में लगायी। उन्होंने कहा कि उनके पति निर्मल कुमार शर्मा 2016 में गंगौली पंचायत में पंच निर्वाचित हुए थे। उनकी मृत्यु 30 जून 2019 को हो गयी। मृत्यु की सूचना के बावजूद उनके खाते में मानदेय की राशि आता रहा जिस कारण बैंक द्वारा खाते के निजी राशि के भुगतान पर रोक लगी है। इस संबंध में बीडीओ ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को कई पत्र लिखा। वह भी कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से मिल गुहार लगा चुकी है, लेकिन आश्वासन के अलावा राशि लौटने की कार्रवाई नहीं की गई।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय चंदनपुरा ओपी अंतर्गत लोहराडीह गांव के समीप स्थित जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल के पास एक अनियंत्रित बाइक पेड़ से टक्करा गईं जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गईं। इसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर चन्दनपुरा ओपी मौके पर पहुंच घायलों को इलाज हेतु स्थानीय पीएचसी तिलौथू ले गईं जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज हेतु सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान ही एक युवक की मौत हो गईं वही घायल युवक को वाराणसी के ट्रामा सेंटर में बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान अंकित कुमार उम्र 25 वर्ष रोहतास थाना क्षेत्र के तुम्बा गांव निवासी रामकुमार पासवान के पुत्र तथा घायल युवक की पहचान गुलशन कुमार पिता भागीरथी पासवान गांव लोहराडीह थाना-तिलौथू के रूप में की गईं। थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि इस मामले में परिजन के तरफ से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## कैमूर में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, दो पोकलेन और दो हाइवा जब्त

### दो आरोपित गिरफ्तार, मशीनों पर 34 लाख से अधिक का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार के कैमूर जिले में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन के कारोबार के खिलाफ खनन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। चैनपुर थाना क्षेत्र के मदुरना पहाड़ी पर खनन निरीक्षक रुकैया खातून के नेतृत्व में की गई छापामारी में अवैध खनन में लगी दो पोकलेन मशीन और दो हाइवा जब्त किए गए जबकि मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष चैनपुर ने बताया कि विभागीय कार्रवाई के तहत की गई छापेमारी के दौरान खनन कार्य में सक्रिय दोनों आरोपियों को मौके से धर दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों में कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरांव निवासी अनिल गोंड, पिता भिखारी गोंड तथा उत्तर प्रदेश के बिजनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांदपुर निवासी पवन यादव, पिता बरम यादव शामिल हैं। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को चिकित्सकीय परीक्षण के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान जब्त दोनों पोकलेन मशीनों पर विभागीय नियमों के तहत 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं एक हाइवा पर 6 लाख 73 हजार 600 रुपये तथा दूसरे हाइवा पर 8 लाख 4 हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की जांच जारी है और अवैध खनन से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# डिहरी व्यवहार न्यायालय को मिला नया भवन

## मुख्य न्यायाधीश ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल न्यायालय के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने किया। उन्होंने कहा कि यह न्याय परिसर क्षेत्र की जनता के लिए न्याय को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और गरिमामय बनाएगा। मुख्य न्यायमूर्ति ने बताया कि इस अत्याधुनिक न्याय भवन में कुल 10 न्यायालय कक्ष स्थापित किए गए हैं जिनके माध्यम से अनुमंडल के पांच प्रखंडों की 54 पंचायतों की जनता को न्यायिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पांच मंजिला यह न्याय परिसर आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से युक्त है जिसे अधिवक्ताओं और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। 35 करोड़ की लागत से बना भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नव निर्मित भवन में न्यायिक अधिकारियों के लिए पृथक कक्ष, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम, पुस्तकालय, बैठक कक्ष तथा सुरक्षित अभिलेख कक्ष की व्यवस्था की गई है। महिलाओं के लिए विधिक सहायता केंद्र भी स्थापित किया गया है। सुरक्षा और मानवीय गरिमा को ध्यान में रखते हुए पुरुष और महिला बंदियों के लिए अलग-अलग हाजत भवन बनाए गए हैं। वहीं समावेशी सुविधा के तहत पुरुष, महिला, ट्रांसजेंडर एवं दिव्यांगजनों के लिए पृथक शौचालय, रैंप और लिफ्ट की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में पटना उच्च न्यायालय के जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद एवं रोहतास के निरीक्षी न्यायाधीश पार्थ सारथी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल विधिक संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी सहित कई अधिवक्ताओं ने आगत अतिथियों का अंगवस्त्र एवं फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। वहीं पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन स्थल पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रणव कुमार झा, जिला न्यायाधीश दिनेश प्रधान, बी.के. राय, जीवन लाल, आकाश कुमार, रवि शंकर दंडाधिकारी, जिलधिकारी उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार, ऋचा कश्यप, मुंसफ अर्चना कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार उपस्थित थे।

## डीआईजी ने की कैमूर जिले के अपराध की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डी आई जी डा. सत्यप्रकाश ने कैमूर जिले के आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की। अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में भभुआ एसडीपीओ मनोरंजन भारती व मोहनियां एसडीपीओ प्रदीप कुमार मौजूद थे। उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया। बैठक में थानावार लंबित अपराध व शराब बरामदगी से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कांडों के अनुसंधान में अनावश्यक रूप से लंबित न रखने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक में अपराधियों के फिंगरप्रिंट इंट्री बढ़ाने तथा गिरफ्तार व्यक्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड अद्यतन रखने पर विशेष बल दिया गया। निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र के निगरानी बदमाश, गुंडा बदमाश, आदतन अपराधियों की जानकारी नियमित रूप से सिस्टम में अपडेट करें जिससे अपराध नियंत्रण में तकनीकी सहायता मिल सके। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस में प्रविष्टियों को अद्यतन रखने, कारणों का विश्लेषण करने तथा घायलों के उपचार प्रबंधन को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया।

## शिशु संस्कार केंद्र जयनगरा के प्रांगण में सम्मान सभा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र जयनगरा में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सीखने की क्षमता एवं गति ही समाज में यथोचित स्थान प्रदान करती है। कुमार का धन्यवाद करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तिलौथू के नेतृत्व में प्रखंड में शैक्षिक माहौल बन रहा है। साथ ही निजी विद्यालयों के प्रति भी उनका सहयोगात्मक रवैया बेहद प्रसंसनीय है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्रा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों के हित में स्वास्थ्य शिविर व रेल छूट बहाली की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ नागरिक संघ, जिला रोहतास की कार्यकारिणी समिति की बैठक बी.डी. पब्लिक स्कूल, मोहन बीघा में जिलाध्यक्ष लाल जी प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संघ द्वारा तय किया गया कि नारायण मेडिकल कॉलेज, जमुहार के प्रबंधन से मिलकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कराया जाएगा।

## एसडीपीओ ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रूटीन ड्यूटी (रिव्यू) के तहत बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर के द्वारा मंगलवार को देर शाम दावथ थाने में औचक निरीक्षण का कार्य किया गया। इस क्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा हत्या, लूट एसी- एसटी समेत विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों की समीक्षा की गई। ऐसे सभी मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए तो वहीं अपराध नियंत्रण एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए कई तरह के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारी को उचित दिशा निर्देश देते हुए सभी लंबित मामलों में त्वरित कार्यवाही करने एवं उन्हें सहमत निपटाने की बातें भी कही। मौके पर दावथ थाना अध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा के अलावे पु0अ0नि0 जमशेद आलम, पु0अ0नि0 रामाकांत मांझी स0अ0नि0 जितेन्द्र कुमार संहिता अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## जदयू संगठन चुनाव को लेकर हलचल तेज, 20 से 23 फरवरी के बीच होगा प्रखंड अध्यक्षों का चुनाव



**नवबिहार टाइम संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड के संगठन चुनाव 2026 की तैयारियों को लेकर बुधवार को कैमूर जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय भभुआ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन चुनाव को निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने पर रणनीति तैयार की गई। बैठक जिला पर्यवेक्षक अशोक प्रजापति के दिशा-निर्देशों के तहत और जिला निर्वाचन पदाधिकारी लियाकत अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती और चुनाव प्रक्रिया के पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल सहित जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से चुनाव की समय-सीमा तय की गई,15 फरवरी 2026 तक सभी प्रखंडों में निर्वाचन पदाधिकारियों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। 20 फरवरी से 23 फरवरी 2026 इस अवधि के दौरान जिले के सभी प्रखंडों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी लियाकत अंसारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराया जाएगा ताकि जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। जिला पर्यवेक्षक अशोक प्रजापति ने प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव को सफल बनाएं। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है और प्रखंड स्तर पर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

## आल इण्डिया फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन की हड़ताल आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के राज्य सचिव अशोक बैठा ने बुधवार को प्रेस वार्ता में आल इण्डिया फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन द्वारा 12 फरवरी को देश व्यापी हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि हड़ताल का उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और उनकी मजदूरी व सुविधाओं में वृद्धि की मांग करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मजदूरों के अधिकारों को कम कर दिया है और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया है। मजदूरों की मेहनत की कमाई को पूंजीपति लीज पर रख लेते हैं और मजदूरों का शोषण करते हैं। उन्होने मांग की है कि मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी कानून बनाया जाए और उनकी काम की स्थिति व सुविधाएं बढ़ाई जाए। इसके अलावा बीज विधेयक अधिनियम 2025 के खिलाफ भी विरोध दर्ज किया गया है जिसमें कहा गया है कि यह कानून किसानों और दुकानदारों के लिए हानिकारक है और बीज की कीमतें बढ़ाने का कारण बनेगा। श्री बैठा ने सरकार से मांग की कि मजदूरों और किसानों के हितों की रक्षा के लिए उचित कानून बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार के किसान विरोधी नीति के चलते खेती किसानी घाटे का कार्य हो गया है। मनरेगा को समाप्त करके नरेंद्र मोदी सरकार ने ग्रामीण मजदूरों की हालत को और खराब एवं बदहाल जीवन बनाने के एक षड्यंत्र और साजिश के तहत विकसित भारत श्री राम जी कानून बनाया है। प्रेस कांफ्रेंस में राजेश गुप्ता भी मौजूद रहे।

## बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** चेनारी थाना क्षेत्र के मल्हीपुर स्टेट हाइवे पर पुलिस बल ने गश्ती के दौरान दो ओवर लोड बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया और एक चालक को भी गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है और चालक कृष्ण कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है और एक चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया है। गाड़ी मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## लेट्स इंस्पायर बिहार के लिटरेचर फेस्टिवल में गार्गी पाठशाला के बच्चों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** लेट्स इंस्पायर बिहार के तत्वावधान में लिटरेचर फेस्टिवल 2026 का भव्य आयोजन पटना के ऐतिहासिक विद्यापति भवन में किया गया। यह साहित्यिक महोत्सव लिटरेचर अध्याय की मुख्य समन्वयक ज्योति झा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बिहार सरकार के कला, संस्कृति, पर्यटन एवं युवा मंत्री अरुण शंकर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों द्वारा रचित कविताओं, साहित्यिक पंक्तियों एवं रचनात्मक अभिव्यक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का विकास होता है। इस अवसर पर लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य संरक्षक, बिहार कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने भी बच्चों की साहित्यिक प्रतिभा, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं निःशुल्क शिक्षा से जुड़े बच्चों का साहित्य के क्षेत्र में आगे आना पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है और यही लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की मूल आत्मा है। सासाराम स्थित गार्गी पाठशाला में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों सहित सासाराम के अन्य विद्यार्थियों अंश कुमार पांडेय, सत्यम कुमार, अनन्या कुमारी, काजल कुमारी, प्रतिज्ञा कुमारी, रिद्धि कुमारी, सपना कुमारी, शांति कुमारी सहित कई प्रतिभाशाली बच्चे को सम्मानित किया गया। बच्चों ने कविता पाठ एवं साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसे उपस्थित साहित्यप्रेमियों एवं गणमान्य अतिथियों ने खूब सराहा। इन बच्चों का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन गार्गी अध्याय की जिला मुख्य समन्वयक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलौथू की शिक्षिका नूतन पांडेय के द्वारा किया जा रहा है जिन्हें हाल ही में 200 से अधिक निःशुल्क बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के उल्लेखनीय कार्य के लिए बैंगलोर एवं हैदराबाद में गार्गी उत्कृष्टा सम्मान से भी सम्मानित किया गया। बच्चों के साथ-साथ नूतन पाण्डेय को सम्मानित किया गया और उनके सतत मार्गदर्शन से बच्चों ने शिक्षा के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहचान बनाई।

## सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत छह सूचकांकों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य : बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशानुसार आकांक्षी प्रखंड तिलौथू में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ बुधवार को चन्दनपुरा आंगनबाड़ी केन्द्र सं.-33 पर सिविल सर्जन सासाराम डा. मणिराज रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन, चन्दपुरा पंचायत मुखिया रेणू देवी, पीरामल डिवीजन हेड कुमार अभिषेक एवं पीरामल जिला प्रबंधक पल्लवी बोस के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभात कुमार, जिला मॉनिटरिंग अधिकारी अमित कुमार, पीरामल जिला हेड अर्जुन गोस्वामी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका, बीसीएम निक्की कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका कंचन कुमारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो प्रेम प्रकाश तथा गांधी फेलो राहुल भगत उपस्थित हुए। इसके साथ ही चंदनपुरा पंचायत के आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी तथा अन्य ग्रामीण जनता सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कृषि प्रक्षेत्र में आकांक्षी प्रखंड तिलौथू अन्तर्गत छह सूचकांकों को 14 अप्रैल 2026 तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराना है। बीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच संबंध स्थापित कर छह सूचकांकों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु शपथ लिया गया तथा आपसी सहयोग की अपेक्षा की गई।

बिहार सरकार
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला सामान्य शाखा)
**अल्पकालीन निविदा**

गजना महोत्सव, नवीनगर दिनांक–19 एवं 20 मार्च 2026 को मनाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लाईट, साउण्ड एवं पंडाल भाड़े पर लगाने के लिए दर निर्धारण एवं कार्य आवंटन हेतु इच्छुक फर्मो/आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द द्वि–लिफाफा प्रणाली में अंतिम तिथि दिनांक–28.02.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक विहित शर्तो के तहत निविदा जिला सामान्य शाखा, औरंगाबाद समाहरणालय में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक–28.02.2026 को अपराह्न 04:00 बजे समाहरणालय सभा कक्ष में खोली जायेगी। निविदा के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। विस्तृत निविदा जिला के वेबसाईट Aurangabad.bih.nic.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 023775 ( ART ) 2025-26

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
बिहार सरकार
अल्पकालीन निविदा संख्या– 09/भ0प्र0 औरंगाबाद/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 05.02.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 26.02.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 27.02.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 27.02.2026 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
(घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आकॉंक्षी प्रखंड कार्यक्रम (ABP) योजनान्तर्गत Construction of NCD Corner at Block Kutumba in Aurangabad | 4.34 | 8700.00 | 750.00 | 03 माह |
| 2 | आकॉंक्षी प्रखंड कार्यक्रम (ABP) योजनान्तर्गत Construction of Triage Room Corner at block Kutumba in Aurangabad | 3.776 | 7600.00 | 750.00 | 03 माह |
| 3 | आकॉंक्षी प्रखंड कार्यक्रम (ABP) योजनान्तर्गत Renovation of Lab room, T.B Ward & floor soiling in campus of PHC Block Kutumba | 4.654 | 9400.00 | 750.00 | 03 माह |
| | कुल | 12.77 | | | |

PR- 023824 (BCD) 2025-26

कार्यपालक, अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार की गारंटी देगा 'विकसित भारत जी राम जी' मिशन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से विकसित भारत गारंटी रोज़गार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को लेकर बिहारशरीफ में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्थायी रोजगार, स्वरोज़गार और सम्मानजनक आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में यह अधिनियम एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली गारंटीकृत मज़दूरी रोजगार की अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। योजना का उद्देश्य केवल मज़दूरी आधारित राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि टिकाऊ आजीविका, उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण और दीर्घकालिक आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, अमृत सरोवर, ग्रामीण अवसंरचना, संपर्क सड़क, भंडारण और आजीविका सहायक परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी विकास कार्य ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार की गई विकसित ग्राम पंचायत विकास योजनाओं के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कराए जाएंगे। यह योजना मनरेगा से आगे बढ़ते हुए एक अधिक एकीकृत और भविष्य उन्मुख ढांचे के रूप में विकसित की गई है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत ग्रामीण अवसंरचना स्टैक से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुआयामी लाभ मिलेगा। बेहतर सिंचाई, जल संरक्षण और ग्रामीण अवसंरचना के विकास से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी, किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी तथा आय में विविधता आएगी। रोजगार के बढ़ते अवसरों से ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाला मजबूरी का पलायन भी कम होगा। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बुआई और कटाई के मौसम में राज्यों को योजना के कार्य अस्थायी रूप से रोकने का प्रावधान किया गया है, ताकि कृषि कार्यों के लिए श्रम की उपलब्धता बनी रहे। आधार आधारित पंजीकरण और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली के माध्यम से मजदूरी का समय पर, पारदर्शी और सुरक्षित भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। रोजगार समय पर उपलब्ध न होने की स्थिति में बेरोज़गारी भत्ते का वैधानिक प्रावधान भी रखा गया है।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना में वित्तपोषण व्यवस्था को मांग आधारित मॉडल से हटाकर मानक वित्तपोषण प्रणाली में परिवर्तित किया गया है, जिससे राज्यों को पूर्वानुमेय वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे और योजना निर्माण अधिक प्रभावी होगा। साथ ही, एआई आधारित निगरानी, रियल टाइम एमआईएस डैशबोर्ड, जीपीएस व मोबाइल आधारित सत्यापन, सामाजिक अंकेक्षण और सार्वजनिक प्रकटीकरण जैसी व्यवस्थाओं से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। अंत में उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से नालंदा जिले में मजदूरों, किसानों, जीविका समूहों और अन्य ग्रामीण नागरिकों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीआरडीए के निदेशक, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मध्यस्थ न्यायिक पदाधिकारियों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार तथा प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा की अध्यक्षता में आज व्यवहार न्यायालय, नवादा के लाइब्रेरी हॉल में सभी मध्यस्थ अधिवक्ताओं एवं मध्यस्थ न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 90 दिवसीय मेडिटेशन फोर द नेशन ड्राइव 2.0 अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह पहल न्यायालय की जटिल प्रक्रिया के स्थान पर आपसी संवाद एवं सहमति से समाधान को प्राथमिकता देती है, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सके।

उन्होंने आगे बताया कि पक्षकार ऑनलाइन, ऑफलाइन एवं हाइब्रिड मोड में उपस्थित होकर मध्यस्थता प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं तथा आपसी सहमति से अपने विवादों का समाधान करा सकते हैं। यह अभियान उन मामलों को कवर करता है, जिनमें समझौते की संभावना अधिक होती है। इनमें परिवार वाद, क्लेम वाद, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, चेक बाउंस मामले, उपभोक्ता विवाद, सुलहनीय आपराधिक मुकदमे, बंटवारा वाद, मकान मालिक एवं किरायेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले आदि शामिल हैं।

प्रधान न्यायाधीश महोदय ने बताया कि फरवरी 2026 माह के दौरान ऐसे मामलों की पहचान कर पक्षकारों को सूचना दी जाएगी तथा संबंधित मामलों को मध्यस्थों को सौंपा जाएगा, जहां मध्यस्थ अधिवक्ता पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी सहमति से मामलों के निपटारे का प्रयास करेंगे। बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, षष्ठ, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अरुण कुमार सिन्हा, ओ. पी. चौरसिया, अरुण कुमार सिंह, विजय कृष्ण, मनोज कुमार, भारत भूषण सिन्हा, दिनेश प्रसाद, निशा गुप्ता, एस. एम. रज़ा उस्मानी, डॉ. संजय कुमार मिश्रा, रवि शंकर आदि न्यायिक पदाधिकारियों एवं मध्यस्थों ने भाग लिया।

## विद्यालयों के प्रधानों को दी गई आकलन प्रक्रिया की जानकारी

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** पकरीबरावां प्रखंड में समग्र शिक्षा अभियान नवादा के तत्वावधान में निपुण आकलन से संबंधित बैठक बीआरसी में हुई। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानों ने भाग लिया। बैठक में आकलन प्रक्रिया, डेटा संकलन तथा रिपोर्टिंग से जुड़े सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बताया गया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 12, 13 एवं 14 फरवरी को संबंधित विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा कक्षा 1, 2 एवं 3 के विद्यार्थियों का निपुण आकलन किया जाएगा। इसके पश्चात दिनांक 16 फरवरी को प्रधानाध्यापक द्वारा निपुण विद्यालय का डेटा निर्धारित प्रपत्र में संकलित कर भरा जाएगा। बैठक में लेखापाल रविन्द्र कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि गौरव ठाकुर एवं संजीव कुमार ने सभी प्रधानाध्यापकों को डेटा को पूरी पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा के साथ भरने तथा आकलन प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया।

## एक नजर

### डा.पार्थ सारथी ने दिया योगदान

**नारदीगंज,नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में डा.पार्थ सारथी ने बुधवार को योगदान दिया। वे जेनरल मेडिकल ऑफिसर हैं। इस केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.नवीन कुमार,डा.इकबाल अहमद,डा.विमलेंद्र कुमार सिन्हा, डा. विजय कृष्ण परमेश्वरम,प्रधान लिपिक सत्यप्रकाश, प्रखंड मूल्यांकन सह अनुश्रवण पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, लेखापाल धीरज कुमार, हेल्थ मैनेजर इरशाद, लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार, मुकुंद कुमार, आशुतोष कुमार समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी ने हर्ष व्यक्त करते शुभकामनाएं दी है।

### वारिस पिया के मजार के गुंबद पर आज लगेगा कलश

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा जिले के कौआकोल प्रखंड के पाण्डेयगंगौट में वारिस पिया की मजार और महत्थ बाबा की समाधि स्थल के गुंबद पर गुरुवार को कलश लगाया जाएगा। शारंगधर मोहन, जिन्हें लोग गुरुदेव कहते हैं ने बताया कि छह कलश मुरादाबाद से तैयार होकर आया है। साथ ही साथ कुशल कारीगर भी आये हैं। कलश लगाने की प्रक्रिया जारी है। गुरुवार को इसका लोकार्पण किया जाएगा। इस आयोजन को ले मढ़ही में देवाशरीफ और अन्यत्र जगहों से तमाम वारसी प्रेमी आ रहे हैं। कार्यक्रम को ले भक्तिभाव बना हुआ है। बताया गया कि कलश देवा के मैनेजर शाद महमूद के निर्देशन पर मुरादाबाद में तीन महीने से बन रहा था। लोग कलश के दर्शन कर रहे हैं।

### नवादा में जदयू की संगठनात्मक बैठक, प्रखंड निर्वाचन की तिथि घोषित

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को जनता दल (यूनाइटेड) के कर्पूरी सभागार स्थित जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी हरि कृपाल ने की। इस अवसर पर जिला पर्यवेक्षक इंजीनियर शंभू शरण, जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी तथा जिला प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों को संबोधित करते हुए हरि कृपाल ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रखंड अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष तीन-तीन साथियों के नाम प्रस्तावित करेंगे, जो संबंधित प्रखंड में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 20 फरवरी से 23 फरवरी के बीच सभी प्रखंडों में निर्वाचन कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिला पर्यवेक्षक इंजीनियर शंभू शरण ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। आपसी समन्वय और सक्रिय भागीदारी से ही संगठन का विस्तार संभव है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जिला पार्टी की ओर से प्रखंड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी, जिनकी देखरेख में निष्पक्ष चुनाव संपन्न होंगे।

बैठक में नवादा प्रखंड अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान सहित अजय कुमार राय, विकास कुमार, दिलीप कुमार कुशवाहा, शोभा कुमारी, विनोद कुमार वर्मा, प्रदीप यादव, दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह, मनोज कुमार कुशवाहा, निरंजन मिश्रा, सुनील कुमार नरहट, प्रदीप कुमार और मनोज कुमार उर्फ पप्पू उपस्थित रहे।

### इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न



**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 के आठवें दिन दिनांक 11 फरवरी 2026 को नवादा जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से संचालित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण एवं भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था का जायजा लेते रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक संचालित हुई। आज आठवें दिन प्रथम पाली में म्यूजिक विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 94 परीक्षार्थियों में से 91 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में होम साइंस विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 5,919 परीक्षार्थियों में से 5,851 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में मरीजों को सुविधा देने पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार क रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गयी। समिति के पदेन अध्यक्ष सह एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की वर्तमान व्यवस्था, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी। एसडीओ ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की नियमित देखरेख और वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मरीजों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने का निर्णय लिया गया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति और समयपालन पर भी चर्चा हुई। एसडीओ ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपातकालीन सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने, प्रसव कक्ष एवं शिशु वार्ड की सुविधाओं में सुधार करने तथा हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने का भी निर्णय लिया गया। अस्पताल भवन की मरम्मत, विद्युत व्यवस्था में सुधार और सुरक्षा प्रबंध को मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। रोगी कल्याण समिति की राशि का उपयोग पारदर्शिता के साथ जनहित में करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने आपसी समन्वय से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने समिति के सदस्यों से अस्पताल की समस्याओं और उसमें सुधार करने के लिए लिखित सुझाव की अपेक्षा की है। बैठक में अस्पताल उपाधीक्षक सह समिति सचिव डॉ. गौरव, डीसीएलआर राजीव रंजन, अस्पताल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह तथा समिति सदस्य अरुण कुमार उर्फ बिगुल सिंह, साबो देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर मेगा कैंप आयोजित कर दी जा रही फाइलेरिया की दवा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 - 27 फरवरी तक जिले में चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों पर मेगा कैंप आयोजित कर चलाया जा रहा है। जिसमें दो साल से कम उम्र के बच्चों गर्भवती एवं अति गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्यक्ष पर्यवेक्षित औषधि सेवन तहत दवा खिलाई जा रही है। जिले के 11 प्रखंडों में कुल 544 बूथ स्थापित किए गए हैं जिसके तहत लगभग 1,58,728 लाभुकों का लक्ष्य है। बिहारशरीफ सदर क्षेत्र में बड़ी पहाड़ी आंगनबाड़ी कोड 49 एवं बबुरबन्ना सोहसराय कोड 7 से लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से कैंप का शुभारंभ किया गया। जीविका के द्वारा लाभुकों का मोबिलाइजेशन का काम किया जा रहा है। आइसीडीएस के आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रो पर कैंप का आयोजन किया गया तथा ऑनलाइन रिपोर्टिंग की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से आशा फैसिलिटेटर एवं आशा वर्कर द्वारा इन बूथों पर लाभुको को दवा खिलाने का कार्य किया जा रहा है।

# ट्रक की चपेट में आकर छात्रा की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ-बरबीघा मुख्य मार्ग पर अस्थावां थाना क्षेत्र के सोईवापर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूली छात्रा को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतका की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के चिश्तिपुर गांव निवासी उपेंद्र बिंद की 15 वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। चांदनी 10वीं कक्षा की छात्रा थी और अस्थावां बाजार से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की खबर मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मुआवजे और फरार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बताया जाता है कि चांदनी दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ी थी। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही अस्थावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात ट्रक और चालक की पहचान के लिए जांच जारी है। सरकारी प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा और सहायता दी जाएगी।

# किसानों को दी गई आलू की उन्नत खेती का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के महुडर पंचायत अंतर्गत महुलियाटांड़ गांव में बुधवार को अनुसूचित जाति समुदाय के दर्जनों किसानों को आलू की उन्नत खेती से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र पटना और कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल नवादा के संयुक्त तत्वाधान में अनुसूचित जाति उप योजना के तहत आयोजित की गई। जिसमें किसानों को आलू उत्पादन की उन्नत तकनीक विषय पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र पटना के प्रभारी सह प्रधान वैज्ञानिक डॉ एसपी सिंह एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ राजकुमार सिंह तथा कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ रौशन कुमार के द्वारा आलू उत्पादन संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को आलू के पोषक तत्व प्रबंधन, कीट व्याधि प्रबंधन का विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान आलू बीज के सुरक्षित उत्पादन, उसके रखरखाव के तरीके,बीजोपचार तथा प्रसंस्करण के तरीका को भी बताया गया। कार्यक्रम के समापन उपरांत सभी किसानो को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं प्रशिक्षण कीट भी दिया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार, रजत रंजन, सुनील कुमार सिंह, महुलियाटांड़ ग्राम के प्रगतिशील किसान ब्रहमदेव रविदास आदि मौजूद थे।

## एसडीओ ने किसान पंजीकरण कैम्प का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग ने पकरीबरावां प्रखण्ड की बुधौली पंचायत के भलुआ गांव में किसान पंजीकरण कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। किसानों को जो भी परेशानियां आ रही है,u उसके समाधान के निर्देश दिए गए। कैम्प में दर्जनों किसानों का पंजीयन किया गया। एसडीओ ने किसानों से आग्रह किया कि निर्धारित समय के अंदर पंजीयन जरूर करा लें।

# हत्याकांड में चार दोषियों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बहुचर्चित हत्याकांड मामले में अदालत ने चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, सुसंगत अनुसंधान एवं समर्पित चार्जशीट के आधार पर मामले की सुनवाई की गई, जिसमें अभियोजन पक्ष के गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों के गहन परीक्षण के बाद अदालत ने यह निर्णय सुनाया। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार पांडे की अदालत ने वर्ष 2022 के इस चर्चित हत्याकांड में सुरेंद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद, कुंती देवी एवं संगीता देवी (सभी निवासी थाना हिलसा, जिला नालंदा) को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34, 147, 148, 149 तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाया। अदालत ने चारों अभियुक्तों को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में उन्हें 10 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त, अदालत ने धारा 147 के तहत एक वर्ष तथा धारा 148 के तहत दो वर्ष का कारावास भी सुनाया है। वहीं, आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत एक अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। इस राशि का भुगतान नहीं करने पर दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अदालत के इस फैसले से पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, वहीं पुलिस की सघन जांच और प्रभावी पैरवी की भी सराहना की जा रही है।

# निपुण भारत मिशन पर एचएम प्रशिक्षण संपन्न

## विद्यालयी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड सभागार में आज प्रधानाध्यापकों (एचएम) की महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत मिशन के अंतर्गत छात्रों के आकलन को लेकर प्रधानाध्यापकों को विस्तृत प्रशिक्षण देना था।

आज आयोजित इस प्रशिक्षण में निपुण भारत मिशन द्वारा किए जाने वाले छात्र आकलन की प्रक्रिया, उपकरणों एवं मानकों पर विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि विद्यालय स्तर पर आकलन कार्य को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान सीआरसी स्तर पर एचएम बैठकों में लिए गए निर्णयों पर भी चर्चा की गई तथा उनके अनुपालन पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान विद्यालयी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ कर छात्रों के अधिगम स्तर में वृद्धि करने के बिंदु पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक विद्यालय के लिए तैयार की गई अभ्यास पुस्तिकाओं का सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को वितरण किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो प्रशांत सोंटक्के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रधानाध्यापकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक बताया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर 'समर्पण दिवस' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के संगठन के स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर "समर्पण दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की प्रदेश नेत्री एवं महिला आयोग की सदस्य पिंकी कुशवाहा एवं जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह और विजय सिन्हा उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों व आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पिंकी कुशवाहा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत के माध्यम से भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, सादगी और समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके बताए मार्ग पर चलते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराएं। जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं, बल्कि सहिष्णुता और लोकहित की भावना पर आधारित होता है। उन्होंने कहा कि उपाध्याय जी के अनुसार भारतीय लोकतंत्र की जड़ें हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति में निहित हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भाजपा के वैचारिक प्रेरणास्रोत हैं और उनकी नीतियां आज भी प्रासंगिक हैं। राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज कल्याण होना चाहिए।इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद चून्नू, प्रिय रंजन श्रीनिवास, नरेश वर्मा, जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, नंदकिशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, विनोद भोली, मुकेश कुमार, नीतू गुप्ता, जिला मंत्री निशा राजवंशी, शिव यादव, सुनीता देवी, मीडिया प्रभारी मनोज पाचढ़ा, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अफसाना खातून, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, राहुल सिन्हा, शिवरानी केशरी, गोपाल कुमार, रामविलास कुशवाहा एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेमीफाइनल में पहुंची युवा होंडा की टीम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में सिरदला के लौंद हाई स्कूल में आयोजित ए डिविजन लीग में आज युवा होंडा क्रिकेट क्लब का मुकाबला गौतम बुद्ध क्रिकेट क्लब की टीम से हुआ। युवा होंडा के कप्तान दीपक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 358 रनों का स्कोर खड़ा किया। युवा होंडा के बल्लेबाज सुदर्शन कुमार ने शानदार शतक 129 एवं कप्तान दीपक के 88 तथा कृष्ण कन्हैया ने तेज तर्रार 54 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी करते हुए गौतम बुद्ध के गेंदबाज पप्पू यादव ने तीन जबकि बृजेश कुमार ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौतम बुद्ध क्रिकेट क्लब की पूरी टीम मात्र 18 ओवरों में 97 रन बनाकर ऑल आउट हो गई गौतम बुद्ध की तरफ से बल्लेबाज शिवम ने 28 बृजेश ने 24 जबकि रौनक ने 22 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। युवा होंडा के गेंदबाज अभिनव सिंह ने तीन कृष्ण कन्हैया ने दो जबकि दीपक भी दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह से युवा होंडा ने गौतम बुद्ध क्रिकेट क्लब की टीम को 261 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। आज के मैच में शानदार शतक बनाने वाले सुदर्शन कुमार तथा दीपक कुमार को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। मैच के संचालन में बिहार टीम मैनेजर मनीष आनंद, संयुक्त सचिव सुरेश यादव चयनकर्ता विकास कुमार, राजेश कुमार सुनील कुमार अजय कुमार मौजूद रहे।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना पूरे कराने को डीएम ने दी 31 मार्च की डेडलाइन

## पैकेज 10 के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिक से अधिक मशीनरी व मैन पावर बढ़ाने के दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया/कोंच।** उत्तर कोयल नहर परियोजना के काम पूरे करने के लिए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने 31 मार्च 2026 की डेडलाइन तय कर दी है। उन्होंने इसके लिए अधिक से अधिक मशीनरी व मैन पावर बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पैकेज 10 के अधीन चल रही इस परियोजना के कार्यों का उन्होंने बुधवार को वाप्कोस के अभियंता, संवेदक एमएसआर कंस्ट्रक्शन के अभियंता एवं जल संसाधन विभाग के अभियंता के साथ स्थल निरीक्षण किय। इस दौरान आमस अंचल के सितहल गांव से होते हुए नीमा गांव तक करीब 6.5 किलोमीटर में कार्यों की रफ्तार देखी। कहा कि कुल 19 संरचनाओं के निर्माण में 11 के काम तो तेजी से हो रहे, परंतु 8 की रफ्तार धीमी है। इसे हर हाल में तेजी से पूरा करना है।

डीएम ने देखा कि जीटी रोड से उत्तर कोयल मुख्य नहर के अप स्ट्रीम में वॉटर लॉगिंग की समस्या है। उन्होंने इसका शीघ्र समाधान कराने के लिए कहा।

कार्यपालक अभियंता को मिट्टी का कार्य तेजी से पूर्ण कराने, नहर पक्कीकरण का कार्य 7 दिनों के अंदर चालू करवाने समेत सभी कार्य पूरे करवाने के लिए कहा। कार्यपालक अभियंता ने उन्हें बताया कि एसएलआर ब्रिज, डीएलआर ब्रिज, सुपर पैसेज समेत विभिन्न संरचनाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। बता दें कि यह 1367.61 करोड़ रुपए की लागत से झारखंड और बिहार के बीच एक महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय सिंचाई और जल संसाधन परियोजना है। इससे मुख्य रूप से बिहार के गया और औरंगाबाद जिलों में कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। सिंचाई के लिए किसानों की राह आसान होगी। इसके साथ ही उत्तर कोयल नदी झारखंड में बहती है। इसका उद्गम स्थल छोटा नागपुर पठार है और यह लातेहार जिले में प्रवेश करती है। वहां यह सोन नदी में मिल जाती है। यहां से सीधे पलामू, गढ़वा औरंगाबाद एवं गया जिले में सिंचाई प्रणाली को जोड़ती है। मुख्य नहर से शाखा नहर, शाखा नहर से वितरणी नहर- उप वितरणी नहर- लघु नहर के माध्यम से होते हुए किसानों के खेतों तक सिचाई के लिए पानी पहुंचता है। इस परियोजना के पूर्ण होने से गया ज़िले की सिंचाई क्षमता में लगभग 25 से 30 हजार हेक्टेयर से अधिक का इजाफा होगा। जिले के 5 अंचल क्षेत्र आमस, गुरुआ, गुरारू, कोच एवं परैया में सिंचाई क्षमता काफी बढ़ जाएगी।

# बिहार विधान सभा की कार्यवाही देखने पहुंचे क्वेर्टी विद्यालय के छात्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय परंपराओं की प्रत्यक्ष समझ विकसित करने के उद्देश्य से क्वेर्टी विद्यालय, गयाजी के छात्र आज बिहार विधान सभा पहुंचे। छात्रों ने विधान सभा की कार्यवाही को करीब से देखा और सदन की कार्यप्रणाली, नियमों एवं अनुशासन के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने छात्रों से संवाद किया और उनके साथ समूह फोटोग्राफी कराकर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की शैक्षणिक पहल से विद्यार्थियों में लोकतंत्र, संविधान और संसदीय परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ ही इससे युवाओं में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना मजबूत होती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विद्यालय स्तर पर ही यदि बच्चों को विधान मंडल की कार्यवाही देखने और समझने का अवसर मिले तो वे देश और राज्य की शासन व्यवस्था को बेहतर ढंग से जान पाते हैं। इससे उनमें प्रश्न पूछने, विचार व्यक्त करने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा मिलती है। विधान सभा भ्रमण के दौरान छात्रों ने सदन की कार्यवाही को ध्यानपूर्वक देखा और अपने जिज्ञासाओं के समाधान भी प्राप्त किए। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया और कहा कि इस अनुभव से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी समझ और गहरी होगी। छात्रों ने भी विधान सभा का भ्रमण अपने लिए यादगार अनुभव बताते हुए कहा कि इससे उन्हें राजनीति और शासन व्यवस्था को समझने का वास्तविक अवसर मिला।

# छात्राओं को मासिक धर्म की दी गयी जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** ग्रामीण युवाओं को 'कृषि उद्यमी' बनाने और 'महिला सशक्तिकरण' को अमली जामा पहनाने के लिए गया के प्रसिद्ध और प्रतिबद्ध एनजीओ 'समर्थ' के बैनर तले 'मगध इंटरनेशनल स्कूल, टिकारी' में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें संस्था की प्रसिद्ध डॉक्टर 'सुरभि मैम' ने विद्यालय की छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले मासिक धर्म से जुड़ी अनेक जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि यह एक सहज प्राकृतिक प्रक्रिया है जिससे प्रत्येक किशोरी को गुजरना पड़ता है। इसे लेकर किसी को घबराने, चिंतित होने या किसी तरह की गलतफहमी पालने की जरूरत नहीं है। आगे उन्होंने विस्तार पूर्वक किशोरियों को समझाया और उनसे प्रश्न भी किए। छात्राएं भी ध्यानपूर्वक उनकी बातें सुनीं और मुखर होकर डॉक्टर साहिबा से प्रश्न किए जिसका उत्तर डॉक्टर सुरभि ने सहजता पूर्वक बोधगम्य शैली में दिया। इस सेमिनार में डॉक्टर सुरभि और उनकी सहायिका सुश्री अनु, सुश्री दीक्षा, विद्यालय की छठी से आठवीं कक्षा तक की सभी छात्राएं तथा विद्यालय की कुछ शिक्षिका उपस्थित रहीं। विद्यालय के निदेशक सुधीर कुमार ने संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे जन कल्याणकारी सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और डॉक्टर सुरभि एवं उनकी टीम के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# छह साल से फाइलों में अटका दुल्हिन मंदिर का जीर्णोद्धार, धरोहर बचाने को उठी विधानसभा में मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** ऐतिहासिक दुल्हिन मंदिर संरक्षण की लंबी प्रतीक्षा में खड़ा है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। करीब 160 वर्ष पुराना यह मंदिर धार्मिक, ऐतिहासिक और स्थापत्य दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। फिर भी पिछले छह वर्षों से इसके जीर्णोद्धार की प्रक्रिया कागजों से आगे नहीं बढ़ सकी। स्थानीय लोगों में अब नाराजगी और निराशा दोनों साफ झलक रही है। नगर के दुल्हिन मुहल्ला में स्थित यह मंदिर कभी सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। जमींदारी काल में रंगलाल कुंवर की पत्नी गणेश कुंवर द्वारा बनवाया गया यह मंदिर लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में फैला है। इसकी बनावट और ऊंचाई इसे विशेष पहचान देती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार इसकी ऊंचाई बोधगया के महाबोधि मंदिर से बहुत कम अंतर पर है। मंदिर का विशाल मुख्य द्वार और कलात्मक संरचना आज भी उस दौर की स्थापत्य कला का उदाहरण प्रस्तुत करती है। स्थानीय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं लेखक विजय कुमार दत्त बताते हैं कि अनुमंडल क्षेत्र में राम-जानकी को समर्पित इतना भव्य मंदिर दूसरा नहीं है। धार्मिक दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है। रामनवमी और रामयात्रा जैसे आयोजनों की रथयात्रा का समापन इसी मंदिर परिसर में होता है जिससे इसकी पहचान और गहरी हो जाती है। साल 2020 में पुरातत्व विभाग ने मंदिर परिसर का सर्वे किया था। उस समय लोगों को उम्मीद थी कि संरक्षण और जीर्णोद्धार का कार्य जल्द शुरू होगा, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आई। मंदिर समिति के पूर्व सचिव अजीत कुमार सिंह का कहना है कि पर्याप्त जमीन और संपत्ति होने के बावजूद देखरेख की व्यवस्था नहीं बन पाई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते संरक्षण कार्य शुरू नहीं हुआ तो यह ऐतिहासिक धरोहर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है। अब सबकी नजरें प्रशासन और पुरातत्व विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# आमजनों की समस्याओं का निपटारा प्रथम प्राथमिकता

## जनता दरबार में आए मामलों का शीघ्र समाधान करें अधिकारी : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आमजन की समस्याओं का निपटारा सरकार की प्रथम प्राथमिकता है। जनता दरबार में आनेवाले मामलों का समाधान सभी अधिकारी शीघ्र और ईमानदारी से करें। ये बातें डीएम शशांक शुभंकर ने बुधवार को जिले के अधिकारियों से कहीं। वे जिला स्तरीय अधिकारियों समेत वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास अधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। डीएम ने कहा कि जनता दरबार में बड़ी संख्या में आवेदक अपनी समस्या लेकर आते हैं। उन सभी आवेदनों पर उचित एवं नियम अनुसार जो भी समाधान किए जाने हैं, वो निश्चित रूप से और समय से करवाए जाएं। जनता दरबार में आए आवेदनों की पूरी मॉनिटरिंग के लिए एक पोर्टल भी तैयार किया गया है। इस पर आवेदक भी अपने आवेदन की स्थिति जान सकते हैं। सभी विभागों को इसका लॉगिन आईडी दिया गया है। अधिकारी अपने लॉगिन आईडी को खोलकर आवेदनों को निष्पादित करेंगे एवं ऑनलाइन उसे अपलोड भी कर देंगे। डीएम ने यह भी कहा कि जनता दरबार की मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय से की जा रही है।

# जनता दरबार में आठ मामलों का निष्पादन, ग्रामीणों में संतोष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन आंती में बुधवार को मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल आठ मामले सामने आए जिनका मौके पर ही निष्पादन किया गया। जनता दरबार में पंचायत सचिव राज कुमार द्विवेदी एवं कार्यपालक सहायक राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त कर संबंधित मामलों की अग्रेतर कार्रवाई एवं समाधान की प्रक्रिया शुरू की। बताया गया कि पंचायत सरकार भवन में प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड या अन्य कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। स्थानीय लोगों ने इस पहल पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहित में सराहनीय कदम बताया।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** इंजीनियरिंग, कॉलेज गया में बुधवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय सरबहदा, प्रखंड खिजरसराय, जिला गया के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर का अवलोकन किया तथा विभिन्न विभागों की शैक्षणिक एवं तकनीकी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में तकनीकी शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है तथा उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने में प्रेरणा मिलती है। उन्होंने छात्रों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान छात्रों को प्रयोगशालाओं, कक्षाओं एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन कराया गया। शिक्षकों एवं संस्थान के अधिकारियों ने छात्रों के प्रश्नों का समाधान करते हुए इंजीनियरिंग शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विद्यालय परिवार ने गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।


## बिहार सरकार

### कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद

सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना

(वित्तीय वर्ष 2026–27)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा जिला परिषद औरंगाबाद के नियंत्राधीन विभिन्न बस स्टैण्ड / हाट बाजार एवं तालाब आदि की वित्तीय वर्ष 2026–27 में (01.04.2026 से 31.03.2027 तक) की बंदोबस्ती जिला परिषद कार्यलय में दिनांक 20.02.2026, 21.02.2026 एवं 23.02.2026 को 11 बजे पूर्वाहन् में खुली डाक प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी। यदि उक्त निर्धारित तिथि को बंदोबस्ती शेष रह जाती है , तब पुनः दिनांक 25.02.2026, 26.02.2026 एवं 27.02.2026 को एवं उसमें से शेश रह जाने पर पुनः दिनांक– 06.03.2026, 07.03.2026 एवं 09.03.2026 को जिला परिशद कार्यालय में 11 बजे पूर्वाहन् में बन्दोबस्ती की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित तिथियों को डाक में भाग ले सकते हैं। यदि सुरक्षित जमा राशि में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह लेसी को स्वीकार करना होगा।

| क्र0सं0 | सैरात | सुरक्षित राशि | अग्रधन की राशि (कुल सुरक्षित राशि का 20%) | सुरक्षित राशि का निर्धारण |
|---|---|---|---|---|
| **बस स्टैण्ड** | | | | |
| 1 | गोह बस स्टैण्ड | 708228.00 | 141646.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 2 | जम्होर बस स्टैण्ड | 950763.00 | 190153.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 3 | हसपुरा बस स्टैण्ड | 446028.00 | 89206.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 4 | पौथु बस स्टैण्ड | 162495.00 | 32499.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 5 | टण्डवा बस स्टैण्ड | 404455.00 | 80891.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| **हाट बाजार** | | | | |
| 6 | जम्होर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 352821.00 | 70564.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 7 | गोह सब्जी बाजार | 346610.00 | 69322.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 8 | नबीनगर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 127187.00 | 25437.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 9 | देवहरा बाजार | 161575.00 | 32315.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 10 | फेसर बाजार | 67563.00 | 13513.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 11 | हसपुरा बाजार | 393300.00 | 78660.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 12 | देव बाजार (जि0प0 नियंत्राधीन) | 64860.00 | 12972.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 13 | अम्बा बाजार (जि0प0 नियंत्राधीन) | 172500.00 | 34500.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 14 | जम्होर बाजार | 52821.00 | 10564.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 15 | कासमा बाजार | 42033.00 | 8407.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 16 | खुदवॉ बाजार | 31191.00 | 6238.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 17 | सुन्दरगंज बाजार | 29325.00 | 5865.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 18 | चरण बाजार | 50773.00 | 10155.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 19 | जाखीम (कजपा) बाजार | 1380.00 | 276.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 20 | केताकी बाजार | 1047.00 | 209.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 21 | ग्राम मेह, नरारी खुर्द में पुरईन घास की बन्दोबस्ती। | 376040.00 | 75208.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 22 | बारूण बाजार (राजस्व) | 502148.00 | 100430.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 23 | अम्बा बाजार (राजस्व) | 230000.00 | 46000.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 24 | देव कार्तिक छठ मेला | 503298.00 | 100660.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 25 | देव बाजार (राजस्व) | 403650.00 | 80730.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 26 | शिवगंज बाजार (राजस्व) | 231150.00 | 46230.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 27 | मदनपुर बाजार (राजस्व) | 703225.00 | 140645.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 28 | भदवा बाजार (राजस्व) | 200227.00 | 40045.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 29 | खराटी पशु मेला (राजस्व) | 333832.00 | 66766.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 30 | ओबरा बाजार (राजस्व) | 389620.00 | 77924.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 31 | देव अदरा नक्षत्र मेला (राजस्व) | 185955.00 | 37191.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| 32 | जम्होर बंसत पंचमी मेला। | 152088.00 | 30418.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |
| **तालाब** | | | | |
| 33 | लेम्बोखाप सिन्दुरिया तालाब | 99751.00 | 19950.00 | 2024–25 से 2026–27 तक |

नोट – इसके लिए वेबसाईट www.auranabad.bih.nic.in देखा जा सकता है एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, औरंगाबाद

PR. No. 023758 (B&C ) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।


# राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें परियोजना के तहत सिकरिया मोड़, सीताकुंड बायपास पुल व गया-पटना मार्ग के समीप प्रवेश बिंदुओं पर वेलकम गेट, वायु प्रदूषण की स्थिति दिखाने के लिए माउंटेड टॉवर की स्थापना और पौधरोपण आदि की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा गया जी डैम के निकट, जेपी झरना से नाजरथ अकादमी तक मार्ग के किनारे विभिन्न कार्य कराने, मोक्ष धाम गया जी की प्रकाश सज्जा, दिग्घी तालाब के सौंदर्यीकरण, गया शहरी क्षेत्र को और अच्छे तरीके से विकसित एवं सुंदर सुसज्जित बनाने आदि की स्वीकृति दी गई। डीएम ने इन कार्यों के लिए तेजी से एस्टीमेट बनवाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त अभिषेक पलाशिया, आर्किटेक्ट, विभिन्न अभियंता आदि थे।

# लाइन मैन की लापरवाही से विद्युत पोल टूटा, बाजार में अफरा-तफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू चौक पर परैया रोड की तरफ से आ रहा हाइवा द्वारा चौक स्थित एस एच 69 पर गाड़ी चढ़ाने के क्रम में विद्युत पोल से टकरा जाने से आधा पोल टूट कर लटक गया। इस घटनाक्रम से बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। दुकानदारों के सूचना पर लाइन को बंद किया गया। गौरतलब है कि चौक स्थित कई दुकानदारों ने बताया कि उक्त क्षतिग्रस्त पोल को पिछले पांच -छः साल पूर्व वर्तमान में पदस्थापित लाइन मैन राजेश कुमार द्वारा नये सिरे से गाड़े जा रहे 11 केवी के पोल को उक्त स्थान के दुकानदारों के मेल में आकर लाभ



पहुंचाने की नियत से अनैतिक रूप से पूर्व से गड़े पोल के स्थान से नये पोल को पश्चिम की ओर दो फीट आगे बढ़ा दिया गया था जिससे दुकानदार के दुकान की मुंह की चौड़ाई दो फीट बढ़ गई और विद्युत पोल बेतरतीब होने से हमेशा उस पोल से गाड़ियों का टकराना आम होता चला आ रहा था और बुधवार को हाइवा के हल्की रगड़ से पोल आधे से टूट गया और अनहोनी घटना टल गई। आगे ग्रामीणों ने बताया कि राजेश कुमार द्वारा ही ग्यारह के वी के विद्युत तार को पोल बचाने की नियत से प्रखण्ड कार्यालय के पीछे हरे पेड़ को छांट कर एवं उस पेड़ पर ग्यारह के वी के तार को खिंचकर बिजली सप्लाई किया गया था और मीडिया में समाचार आने पर आनन-फानन में उक्त स्थान पर पोल गाड़ा गया था। ज्ञात हो कि उक्त पोल पर ग्यारह के.वी. एवं एल.टी. दोनों लाइनों के तार टांगे गये हैं। गनीमत रही कि विद्युत प्रवाहित तार नहीं टूट सका अन्यथा अनर्थ हो सकता था।

# मांगलिक लगन और होली को लेकर तेज हुई शराब की तस्करी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** चार फरवरी से शादी-विवाह शुरू है। बीस दिन बाद मस्ती का त्योहार होली है। मांगलिक लग्न और होली को लेकर शराब की तस्करी तेज हो गई है। खासकर अंग्रेजी शराब की। झारखंड से सटा जिला होने के कारण जीटी पर तस्कर सक्रिय हो गए हैं। तस्करों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर उत्पाद विभाग ने भी छापेमारी तेज कर दी है। तीन-चार फरवरी से हर दिन जिले में अंग्रेजी शराब की खेप पकड़ी गई। लग्जरी कार व ऑटो के साथ तस्कर भी गिरफ्तार किए जा रहे हैं। महज छह दिनों में लगभग 4500 बोतल अंग्रेजी शराब पकड़ी जा चुकी है। दस तस्कर सलाखों के पीछे भेजे गए हैं। शराब तस्करी में लग्जरी कारें और ऑटो भी पकड़े गए हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का समर्पण, राष्ट्रसेवा की प्रेरणादायी गाथा : डॉ मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय राजनीति और विचारधारा के क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का नाम समर्पण, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा का पर्याय है। आज पुण्यतिथि के अवसर पर उनके समर्पण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय, गया जी में श्रद्धा और सम्मान के साथ उनका स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। सर्वप्रथम भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माला-पुष्प अर्पित कर नमन किया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा




कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कभी व्यक्तिगत सुख-सुविधा, पद या प्रतिष्ठा को महत्व नहीं दिया। उनका मानना था कि राजनीति सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का माध्यम है। इसी सोच के आधार पर उन्होंने 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत प्रस्तुत किया जो भारतीय संस्कृति, समाज और अर्थव्यवस्था को समग्र दृष्टि से देखने की प्रेरणा देता है। पंडित जी का समर्पण केवल विचारों तक सीमित नहीं था, बल्कि उनके आचरण में भी पूर्ण रूप से दिखाई देता था। साधारण जीवन, उच्च विचार और कठोर अनुशासन उनके व्यक्तित्व की विशेषता थी। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि आज के समय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। किसान, मजदूर, युवा और समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए उनकी सोच हमें मार्गदर्शन देती है। हर भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व है कि पंडित जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाए और उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया जाए। संतोष ठाकुर ने कहा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने, समाज सेवा में निष्ठा से कार्य करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले में भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह, गोपाल प्रसाद यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता, नीरज कुमार सिन्हा, हीरा यादव, अभिषेक कुमार, महेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

संपादकीय

# राष्ट्रीय न्यायिक नीति की दरकार

देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने राष्ट्रीय न्यायिक नीति का मुद्दा एक बार फिर उठाया है, जिस पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। हालांकि यह मुद्दा पहले भी उठता रहा है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा इसे धार देने से नई बहस शुरू हो गई है। भोपाल की राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में सम्पन्न सुप्रीम कोर्ट और राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों के दो दिनी सम्मेलन में कई अहम बातें हुईं, जिनमें न्यायिक नीति के अलावा सरकारों और अन्य के बीच सालों चलने वाले मुकदमों पर अंकुश लगाने के लिए पहले स्वयं कोर्ट ही ऐसे मामले में दोनो पक्षों में आपसी समझौते की पहल आदि शामिल है। इस बात पर सभी न्यायाधीश एकमत दिखे कि केंद्र और राज्य अदालतों में बढ़ते लंबित मामलों की सबसे बड़ी वजह सरकारी केस हैं। यह आम राय दिखी कि सरकारों को वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सरकार की ओर से केस दायर किए जाने पर अब जज ही उन्हें कहें कि पहले आपसी समझौते से समाधान के विकल्प तलाशें, उसके बाद ही अदालत का रुख करें। सरकारी पक्ष को यह भी कहा जाएगा कि वर्षों तक अदालतों में केस लड़ने से होने वाले नुकसान के बजाय सरकारें मामूली नुकसान स्वीकार कर तुरंत समाधान की दिशा में आगे बढ़ें। अगर मध्यप्रदेश की ही बात करें तो मप्र हाई कोर्ट में लंबित 65 से 70% केस ऐसे हैं, जिनमे मप्र शासन या फिर केंद्र पार्टी है। इसमें कुछ केस ऐसे भी हैं, जो मप्र शासन या फिर केंद्र ने ही दायर किए हैं। अदालतों में लंबित मामलों में 10 से 15% सर्विस मैटर हैं। सरकार सबसे बड़ी जमीन मालिक भी है, इसलिए कई सिविल विवाद उसी से जुड़े हैं। ऐसे मामलों को कोर्ट की बजाय मध्यस्थता से सुलझाया जाए, तो निपटारा तेज होगा। न्यायपालिका स्तर पर शुरुआत होने से प्रक्रिया और तेज हो सकती है। इसी प्रकार फौजदारी मामलों में लंबित केसों का बोझ कम करने के लिए यह रणनीति तय की गई कि 7 साल तक की सजा वाले मामलों को सुनवाई में प्राथमिकता दी जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस में सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता में माना गया कि देश को अब एक राष्ट्रीय न्यायिक नीति की जरूरत है। यह नीति न्यायपालिका को एकीकृत, संगठित और मजबूत बनाएगी। साथ ही अदालतों को तेज, सरल, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने में मदद करेगी। न्यायाधीशों ने देश में बढ़ते मीडिया ट्रायल पर भी गंभीर चिंता जताई गई। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने साफ कहा कि न्याय सिर्फ अदालत में होना चाहिए, मीडिया में नहीं। जजों को मीडिया में चल रही चर्चाओं के प्रति संवेदनशील तो होना चाहिए, लेकिन उनसे प्रभावित नहीं होना चाहिए। कहा गया कि न्याय का फैसला कोर्ट में होना चाहिए, टीवी स्टूडियो में नहीं। मीडिया ट्रायल से निर्दोष व्यक्ति की छवि खराब होती है और इसे रोकना जरूरी है। सम्मेलन में डिजिटल व भाषाई समावेशनः सम्मलेन में ई-कोर्ट, डिजिटल फाइलिंग और स्थानीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देकर न्याय को आम जनता के और करीब लाने का संकल्प लिया गया। इसमें दो राय नहीं कि सरकार को न्याय के मामले में एक राष्ट्रीय नीति घोषित करनी चाहिए ताकि इस संदर्भ में पूरे देश में एकरूपता रहे। राष्ट्रीय न्यायिक नीति सरकार की न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और अदालतों की न्यायशीलता को सुनिश्चित करेगी। इसी प्रकार राष्ट्रीय न्यायिक सेवा की मांग भी बरसों से की जा रही है। निचली अदालतों में इस व्यवस्था को लागू किया जा सकता है। अभी हर राज्य में अलग-अलग तरह से जजो की भर्ती होती है। देश में न्यायिक सुधार समय की मांग है। सरकार को इस पर जल्द कदम उठाना चाहिए।

# रण में प्रदर्शित दुनिया का सबसे विशाल खादी तिरंगा

## आत्मनिर्भर 'नये भारत' की गाथा



**मनोज कुमार**
**अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार**

कच्छ का सफेद रण- जहाँ धरती और आकाश मानो एक-दूसरे में विलीन होते दिखाई देते हैं-आज केवल प्राकृतिक आश्चर्य का स्थल नहीं, बल्कि नये भारत के बदलते आत्मविश्वास का सजीव प्रतीक बन चुका है। इसी विराट विस्तार के बीच, हाल ही में गणतंत्र दिवस के अवसर पर, दुनिया के सबसे विशाल प्रतीकात्मक खादी तिरंगे (Iconic Khadi Tiranga) का भव्य एवं दिव्य प्रदर्शन किया गया। यह केवल एक आयोजन नहीं था, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वदेशी परंपरा, राष्ट्रीय संकल्प और समकालीन भारत की विकास-दृष्टि की सशक्त सार्वजनिक अभिव्यक्ति थी।

इस अद्भुत, अविश्वसनीय, अकल्पनीय दृश्य के साक्षी देश के कारीगर, सुरक्षा बलों के जवान और अनेक नागरिक बने। ये भी अपने आप में नया कीर्तिमान बना कि देशभर के लाखों खादी कारीगरों ने वीडियो संदेश के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देखकर इतिहास रच दिया। यह क्षण इस बात को रेखांकित करता है कि राष्ट्र निर्माण किसी एक संस्था या वर्ग का कार्य नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। यह तिरंगा केवल कपड़े का विस्तार नहीं, बल्कि विचार का विस्तार है। खादी, जिसे कभी स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा कहा गया, आज आत्मनिर्भर भारत की ऊर्जा के रूप में पुनर्परिभाषित हो रही है। महात्मा गांधी का यह कथन-खादी भारत की आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मसम्मान का प्रतीक है- समकालीन भारत में एक नए अर्थ के साथ जीवंत दिखाई देता है।

इस राष्ट्रीय पुनर्जागरण को समझना हो तो भुज की ओर देखना पर्याप्त है। विनाशकारी भूकंप ने कभी इस शहर को गहरे घाव दिए थे, किंतु संकट के उसी क्षण में एक दीर्घदर्शी दृष्टि ने पुनर्निर्माण को केवल आवश्यकता नहीं, अवसर के रूप में देखा। तत्कालीन मुख्यमंत्री और आज के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भुज का पुनर्जन्म हुआ- योजनाबद्ध शहरीकरण, सुदृढ़ अधोसंरचना और सामुदायिक पुनर्स्थापन के माध्यम से।

पुनर्निर्माण के 25 वर्ष बाद, भुज केवल खड़ा नहीं है; वह आगे बढ़ रहा है। वह इस सत्य का प्रमाण है कि जब नेतृत्व में स्पष्टता और संकल्प हो, तो आपदा भी विकास की प्रस्तावना बन सकती है।

भौगोलिक रूप से सीमांत क्षेत्र में स्थित होने के कारण भुज का महत्व और भी बढ़ जाता है। यहाँ विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। तैनात भारतीय सैनिकों की सतर्क उपस्थिति हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति उसकी सामरिक स्थिरता पर ही टिकती है। ऑपरेशन सिंदूर की भावना से प्रेरित विश्व के सबसे विशाल प्रतीकात्मक खादी तिरंगे (Iconic Khadi Tiranga) को दी गई सलामी वस्तुतः उन अनगिनत वीरों के प्रति राष्ट्र की सामूहिक कृतज्ञता है, जिनके त्याग से विकास की धारा निर्बाध बहती है।



यदि तिरंगा राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, तो खादी उस गौरव की आत्मा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खादी को अतीत की स्मृति से निकालकर भविष्य की रणनीति का हिस्सा बनाया है। उनके शब्दों में- खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का विचार और जन-आंदोलन है।

इस जन-आंदोलन ने पूरे भारत को आंदोलित किया है। परिणाम सामने है। आज ग्राम स्वराज की अवधारणा व्यवहारिक अर्थशास्त्र में परिवर्तित होती दिखाई दे रही है। खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 1.70 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और शीघ्र ही 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने की ओर अग्रसर है। इससे भी अधिक उल्लेखनीय यह है कि इस क्षेत्र ने 2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है- एक ऐसा परिवर्तन जो ग्रामीण भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक शक्ति के रूप में स्थापित करता है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशिक्षण, टूल्स वितरण और स्थानीय कौशल को प्रोत्साहन देने वाली पहलों ने विकास का एक विकेंद्रीकृत मॉडल प्रस्तुत किया है। पिछले 11 वर्षों 2.88 लाख से अधिक मशीनों और टूलकिट्स के वितरण ने यह साफ संकेत दिया है कि भारत का विकास अब महानगरों तक सीमित नहीं; वह गाँवों, कुटीर उद्योगों और पारंपरिक कारीगरों के माध्यम से व्यापक सामाजिक आधार प्राप्त कर रहा है।

इस परिवर्तन के केंद्र में श्रम की गरिमा है। खादी कारीगरों की पारिश्रमिक 15 रुपये प्रति लच्छा तक पहुँच चुकी है और इसे 20 रुपये प्रति लच्छा से आगे ले जाने का संकल्प इस बात का द्योतक है कि आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ आय वृद्धि के साथ सम्मान की स्थापना भी है। यह परिघटना वस्तुतः एक उभरते आर्टिजन युग का संकेत देती है- एक ऐसा कालखंड, जिसमें परंपरा और प्रौद्योगिकी मिलकर नई समृद्धि का निर्माण कर रहे हैं।

डिजिटल युग में प्रतीकों की शक्ति और भी बढ़ जाती है। #IconicKhadiTiranga का सोशल मीडिया पर 20 मिलियन से अधिक व्यूज़ प्राप्त करना केवल लोकप्रियता का संकेत नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक परिवर्तन का द्योतक है। विशेषकर त्नद्गठ्ठ- का इस प्रतीक से जुड़ना बताता है कि नई पीढ़ी वैश्विक आकांक्षाओं के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी उतनी ही दृढ़ता से स्वीकार करना चाहती है।

कच्छ के सफेद रण में भव्य और दिव्य रूप में आलोकित होता यह तिरंगा अंततः हमें एक व्यापक सत्य की ओर ले जाता है- राष्ट्र निर्माण किसी एक नीति, एक परियोजना या एक समयखंड का परिणाम नहीं होता। वह दृष्टि, निरंतरता और सामूहिक विश्वास से निर्मित होता है। जब विरासत को सम्मान मिलता है, जब विकास समावेशी होता है, जब सीमाएँ सुरक्षित होती हैं और जब नेतृत्व भविष्य को देखने का साहस रखता है-तब परिवर्तन एक घटना नहीं, एक युग बन जाता है।

भुज का पुनर्जागरण, खादी का पुनरुत्थान और ग्राम स्वराज की नई ऊर्जा मिलकर जिस भारत की रचना कर रहे हैं, वह संभावनाओं का नहीं, उपलब्धियों का भारत है- आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और निर्णायक।

सफेद रण में विराजमान प्रतीकात्मक खादी तिरंगा (Iconic Khadi Tiranga) इसी भारत का ध्वजवाहक है- एक ध्वज, जो केवल हवा में नहीं लहराता, बल्कि एक राष्ट्र की चेतना को वैश्विक पटल पर नयी पहचान देता है।

अध्यात्म

# कई बार सफलता तुरंत नहीं मिलती, इसलिए हार न मानें



एक लोक कथा है। पुराने समय में एक गांव के मंदिर में एक बड़ा सा पत्थर रखा हुआ था। वह पत्थर वर्षों से वहीं पड़ा था और किसी काम में नहीं आ रहा था। एक दिन मंदिर के पुजारी के मन में विचार आया कि इस पत्थर को तराशकर भगवान शिव की सुंदर मूर्ति बनवानी चाहिए, जिससे मंदिर की शोभा बढ़ जाएगी।

पुजारी ने गांव के एक मूर्तिकार को बुलाया और उसे पत्थर से शिव जी की मूर्ति बनाने का काम सौंपा। मूर्तिकार ने पूरे उत्साह के साथ काम शुरू किया। वह लगातार हथौड़ी और छेनी से पत्थर पर वार करता रहा, लेकिन पत्थर बेहद कठोर था। कई घंटों की मेहनत के बाद भी उसमें कोई खास दरार नहीं पड़ी। पूरा दिन बीत गया। अगले दिन भी मूर्तिकार ने पूरी ताकत से कोशिश करता रहा, लेकिन पत्थर टूटा नहीं। उसके हाथ दर्द करने लगे, शरीर थक गया और मन निराशा से भर गया। उसे लगने लगा कि यह काम उसके बस का नहीं है। आखिरकार उसने हार मान ली और पुजारी से कहा कि यह पत्थर बहुत कठोर है, मैं इसे तराश नहीं सकता।

अगले दिन पुजारी ने दूसरे मूर्तिकार को बुलाया। उसने काम शुरू किया। जैसे ही उसने हथौड़ी से पहला प्रहार किया, पत्थर तुरंत टूट गया। कुछ ही दिनों की मेहनत में उसने भगवान शिव की सुंदर और आकर्षक मूर्ति बना दी। जब पुजारी ने यह सब देखा, तो वह मुस्कुरा उठा। उसे समझ आ गया कि पहले मूर्तिकार के अनगिनत प्रहारों से पत्थर पहले ही कमजोर हो चुका था। अगर वह अंतिम समय में एक और वार कर देता, तो सफलता उसी को मिल जाती, लेकिन उसने ठीक मंजिल के पास पहुंचकर हार मान ली। यह घटना हमें सिखाती है कि जीवन में कई बार हमारी मेहनत का फल तुरंत दिखाई नहीं देता, लेकिन हर प्रयास हमें सफलता के और करीब ले जाता है। अंतिम क्षणों में किया गया प्रयास ही अक्सर निर्णायक होता है।

# भगवा बनाम भगवा, संत बनाम संत, कब होगा अंत

**यह सच है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता ज्यादातर उत्तरप्रदेश से ही होकर निकलता है। यह भी सच है कि भले ही देश में नरेन्द्र मोदी को लेकर कोई विकल्प न हो लेकिन उनके उत्तराधिकारी के रूप में अघोषित रूप से योगी आदित्यनाथ का नाम सबसे पहले आता है। वहीं अक्सर सियासत में कहे-अनकहे ऐसे दांव-पेंच चले जाते हैं या हो जाते हैं जिससे आसान राहें भी मुश्किलें बढ़ाती नजर आने लगती हैं। फिलाहाल उत्तरप्रदेश में चुनावी सरगर्मी तो नहीं है लेकिन राजनीतिक सरगर्मी ने पहले पौष की कड़कड़ती ठण्ड और अब माघ की जाती ठण्ड में भी जबरदस्त और इतनी कि लू सरीखे सियासी तपन का अहसास जरूर करा दिया।**

**ऋतुपर्ण दवे**

दरअसल, उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के प्रमुख स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 28 जनवरी को माघ मेला में स्नान किए बिना लौटना भले ही एक धार्मिक मामला हो। लेकिन वास्तव में सियासी ज्यादा रहा। नए वर्ष की शुरुआत में ही उत्तरप्रदेश में 'भगवा बनाम भगवा' का मुद्दा जबरदस्त राजनीतिक और धार्मिक विमर्श का अहम मुद्दा रहा। लेकिन इसका यह आशय नहीं कि अब सब कुछ ठीक हो गया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के स्नान और पालकी सहित जाने की जिद और प्रशासन के नहीं जाने देने से उत्पन्न विवाद इतना बड़ा तूल पकड़ेगा, इसका जनमानस को जरूर अंदाजा नहीं रहा। हाँ, सियासतदारों को जरूर बैठे, बिठाए बड़ा मौका मिल गया।

वास्तव में अविमुक्तेश्वरानंद अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वो किसी को भी नहीं छोड़ते ऐसी स्थिति में उनसे इस टकराहट को असाधारण माना जा रहा है। यदि वास्तव में प्रयागराज मेला प्रशासन चाहता तो इसे टाल सकता था लेकिन कहते हैं न कि राजनीति में लिए गए छोटे से छोटे फैसलों के दूरगामी परिणाम मतलब भरे होते हैं। हुआ भी वही। अब लोग भले ही यह कहें कि सरकार ने गलत किया या स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने। लेकिन सच तो यह है कि इसे प्रशासन की चूक या भूल भी कहना बेमानी होगा। एक ओर रूठे हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठ गए तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी ने शंकराचार्य विवाद के दौरान ही सीधे नाम न लेकर, सनातन धर्म की आड़ में राष्ट्रविरोधी या सनातन विरोधी एजेंडा चलाने वालों को 'कालनेमि' कह दिया। जाहिर है इशारा अविमुक्तेश्वरानंद पर था। बाद में प्रयागराज में जो घटा, उसे देश ने देखा। बात असली और नकली शंकराचार्य तक जा पहुंची तो भला अविमुक्तेश्वरानंद कैसे चुप रहते? उन्होंने भी सीधे-सीधे आदित्यनाथ से टकराने की रणनीति अपना ली। इस बीच प्रशासन ने शंकराचार्य को नोटिस पकड़ा दिया कि 18 जनवरी को त्रिवेणी संगम में जबरदस्ती घुसने के प्रयास से भगदड़ मच सकती थी। इतना ही नहीं यह तक पूछ लिया कि क्यों न उन्हें भविष्य के मेलों में भाग लेने से रोक दिया जाए? तल्खी और तब बढ़ी जब अगले नोटिस में मेला अधिकारियों ने 2022 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए शंकराचार्य की उपाधि पर ही सवाल उठा, विवाद को गहरा दिया। ऐसा देश ने पहली बार देखा।

शह-मात के इस खेल में स्वामी अविमुक्तेश्वरनद ने अपने जवाब में उल्टा पूछ लिया कि 'ना प्रशासन, ना उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री, और ना ही देश के राष्ट्रपति तय करेंगे कि कौन शंकराचार्य हो? हालांकि शंकराचार्य पर आरोप लगे कि वो कांग्रेसी विचारधारा के हैं। लेकिन उन्होंने राहुल गांधी को भी नहीं छोड़ा। मामले ने तब और तूल पकड़ा जब समाजवादी पार्टी ने उनका समर्थन किया और कई बड़े नेताओं ने मुलाकात की। निश्चित रूप से वक्त के साथ



शंकराचार्य विवाद राजनीतिक रूप ले चुका था। जिसमें कई मोड़ आए। एक ओर जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने भी विश्वास व्यक्त किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज और उत्तरप्रदेश सरकार के बीच कोई सकारात्मक समाधान निकलेगा वहीं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उनसे स्नान करने की अपील की और कहा कि मैं ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के चरणों में प्रणाम करता हूं, उनसे प्रार्थना है कि वह स्नान कर इस विषय का समापन करें। लेकिन यह हो न सका।

बस यहीं से जो मामला भगवा बनाम भगवा था उसे पार्टी लाइन की ओर भी समझा जाने लगा। उत्तरप्रदेश में भाजपा की गुटबाजी जगजाहिर है। यह तब और समझ में आई जब बीते महीने 30 जनवरी को महोबा विधायक में भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत और योगी कैबिनेट के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आपस में तकरार हो गई। मंत्री एक कार्यक्रम से लौट रहे थे कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे विधायक ने 100 ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर उनका रास्ता रोक लिया और 100 गांवों में पानी न पहुंचने और पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने पर नाराजगी जताई। इसी तरह केशव प्रसाद मौर्य का बयान आना कोई सामान्य घटना नहीं है। बहरहाल इस पर भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रया नहीं आई लेकिन मौर्य का निवेदन हाईकमान का रुख माना जा रहा है तो ज़िला प्रशासन का ऐक्शन योगी सरकार का कदम। यकीनन ऐसी घटनाओं के पीछे बड़ी सियासत होगी जो आम लोगों की समझ से बाहर है। वैसे सबको पता है कि कैसी कवायद से योगी पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। उसके बाद उनकी कार्यप्रणाली से उनका कद लगातार बड़ा होता चला गया।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 28 जनवरी को दुखी मन से वाराणसी से विदा ली और बिना स्नान लौट गए। घटना को अकल्पनीय बताया। हालांकि संतों में भी दो परस्पर विरोधी गुट बन गए। वही अविमुक्तेश्वरानंद भी कमर कस के तैयार हैं। उन्होंने उत्तरप्रदेश में गाय को राजमाता का दर्जा दिलाने और गौ हत्या रोकने के लिए 40 दिनों की मोहलत दी जिस पर संत परमहंसाचार्य ने इसे राजनीति से प्रेरित बता कहा कि केवल गाय नहीं पूरा गौवंश (बैल, बछड़ा, नंदी) को राष्ट्रीय धरोहर घोषित हो तभी पूर्ण गौ-रक्षा संभव है। बहरहाल योगी आदित्यनाथ और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की इस जुबानी जंग को लोग ऊंचे दर्जे की राजनीति से भी जोड़कर देख रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में कुछ इसे केन्द्र और राज्य के बीच का मसला समझते हैं तो कुछ इसे योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कद से जोड़कर देख रहे हैं। बहरहाल ऐसी घटनाओं से अपने आप ही समझ आता है कि माजरा क्या है? अब देखना है कि अगले वर्ष उत्तरप्रदेश में चुनाव हैं ऐसे में भगवा बनाम भगवा और संत बनाम संत की इस लड़ाई में किसे, कितना नफा-नुकसान होता है क्योंकि इतने बड़े मसले पर भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व या पार्टी की चुप्पी भी बड़ा इशारा जरूर करती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। व्यस्तता के बावजूद आज कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ**
प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को चिन्ता रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। बुरी आदतों से आपको बचना चाहिये। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये।

**मिथुन**
अपने काम की गुणवत्ता में कमी न आने दें। प्रशासन के लोगों से आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों का काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।

**कर्क**
सरकारी कार्यों में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। कोई बड़ी डील आपको मिल सकती है।

**सिंह**
मानसिक शान्ति में कमी रहेगी। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। बातचीत के दौरान शब्दों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या**
आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बच्चों और परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की छवि बहुत अच्छी होगी।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर अचानक काफी दबाव बढ़ने वाला है। माता-पिता से बहसबाजी न करें। आपके काम अन्तिम समय में खराब हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
कारोबार में अचानक धन लाभ हो सकता है। सभी कार्य उत्साह से करेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं। बड़े भाई बहनों से मनमुटाव हो सकता है।

**धनु**
कारोबार में बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। भाइयों के साथ सम्पत्ति विवाद हल होंगे। यात्रा से आपको लाभ मिलेगा। विनिर्माण के कार्यों से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

**मकर**
व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बितायेंगे। खर्च बढ़ने से आपके कुछ काम प्रभावित होंगे। अत्यधिक लालच से आपको बचना चाहिये।

**कुंभ**
पुराने रोग उभर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। अपने पद का दुरुपयोग न करें।

**मीन**
आज का दिन आपके लिये आनन्ददायक रहने वाला है। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अथमलगोला पुलिस ने 45 लीटर विदेशी शराब किया बरामद




**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बहादुर पुर निवासी गौतम कुमार के घर में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांडो की 45 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि प्रतीत होता है कि होली पर्व में खपाने के मद्देनजर शराब की यह खेप छुपा कर रखी गई थी। शराब कारोबारी की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि आगे भी थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### पालीगंज में सोने का लॉकेट छिनतई मामले का खुलासा, तीन युवक गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज पुलिस ने सोने का लॉकेट छिनतई के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जितेंद्र साव (25) पिता सुरेंद्र साव, मो. आरिफ आलम (22) तथा मो. इंशाद (24) पिता मो. फिरोज अंसारी शामिल हैं। थानाध्यक्ष सुमन कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्कूल बैग में शराब लेकर जा रहे एक युवक को पुलिस ने दबोचा, चार बोतल विदेशी शराब जप्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में शराब सप्लायर शराब बचने के लिए अब स्कूल बैग का सहारा ले रहे हैं। दरअसल गुरुवार की दोपहर में एक स्कूल बैग में भरकर शराब ले जा रहे एक युवक को पुलिस ने गंगाचक मलिकाना के पास दबोचा है, तलाशी के दौरान चार बोतल विदेशी शराब जप्त की गई है। गिरफ्तार युवक का नाम ओम कुमार ओम 20 वर्ष पिता उमेश साव, जिलाल बिगहा बताया जाता है दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी की एक लड़का स्कूल बैग में शराब भर कर ले जा रहा है, सूचना को सत्यापन करते हुए पुलिस की टीम गंगाचक मालिकाना वाले रास्ते में स्कूल बैग में ले जा रहे युवक को देखा,जहाँ पुलिस को आते देख भागने लगा जिसे खदेड कर पुलिस ने पकडा, तलाशी के दौरान चार विदेशी बोतल रॉयल स्टैग कब बरामद की गई है,शराब कहां से ला रहा था, कहां ले जा रहा था, मामले की छानबीन में जुटी है।

### तरेगना जीआरपी पुलिस ने नदौल रेलवे स्टेशन पर चलाया घंटों तलाशी अभियान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदौल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में जीआरपी द्वारा व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस




दौरान प्लेटफार्म पर बेवजह बैठने वालों पर अंतरिम चेतावनी देते हुए उन सब को खदेड़ा गया, जीआरपी थाना अध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया कि लगातार सूचनाओं मिल रही थी कि कई युवक प्लेटफार्म पर बैठकर यात्रियों के साथ छिनतई करने की प्लानिंग करते ,जिसको लेकर प्लेटफार्म पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया,इसके साथ ही स्टेशन परिसर के यात्री प्रतीक्षालय,, फुटओवर ब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा स्टेशनों पर खड़ी और गुजरने वाली ट्रेनों में संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की गहनता से जांच की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रही और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास का माहौल दिखाई दिया। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान समय में रेलवे स्टेशन अत्यंत संवेदनशील स्थान होते हैं, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए निरंतर सतर्कता आवश्यक है।

# पांचवीं बार मिली आरडीएस बम की सूचना, मसौढी सिविल कोर्ट कैंपस को कराया गया खाली





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आखिर क्या है आरडीएक्स बम की मेल पर दी जाने वाली सूचना, क्या है इसकी हकीकत... दरअसल बुधवार को एक बार फिर से पटना समेत सभी सिविल कोर्ट में आरडीएक्स बम रखे जाने की सूचना मिली थी, बुधवार को तकरीबन 10:00 बजे जैसे ही कोर्ट खुली वैसे ही सभी न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि कोर्ट कैंपस खाली करो, उसके बाद सभी अधिवक्ता एवं अन्य सभी लोग कोर्ट से बाहर हो गये। दरअसल यह सूचना पटना हाई कोर्ट के डीजे के मेल पर आई थी, सूचना मिलते ही सभी कोर्ट कैंपस को आनन फानन में खाली कराया गया है। उसके बाद स्थानीय पुलिस की टीम आकर पूरे कैंपस की तलाशी अभियान चलाई गई है। बम की सूचना मिलने की यह घटना पांचवीं बार है। सबसे पहले 29 अगस्त को बम की सूचना मिली थी उसके बाद 16 अक्टूबर को बम होने की सूचना दी गई थी। फिर 8 जनवरी को और फिर बिते सोमवार को बम होने की सूचना मिली है। और अब बुधवार को आरडीएक्स मिलने की सूचना से हर कोई के दहशत मे दिखे। गौरतलब है कि मेल पर आई सूचना मे लिखा गया है की तमिलनाडु के कांस्टेबलों को निवेथा पेयूराज और अन्य उ्टङ की रखैलों के कपड़े और गंदे बर्तन साफ करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई लोगों को इस वजह से अपमान और दस्त की समस्या हुई है। इसलिए, पूर्व LTTE सदस्यों ने आजाद कश्मीर पाक क्रकसदस्यों के साथ मिलकर इस प्रथा के खिलाफ आवाज उठाने और तमिलनाडु में कांस्टेबलों के लिए 1979 के नैनार दास पुलिस यूनियन की सिफारिशों को लागू करवाने के लिए आज आपकी कोर्ट को निशाना बनाया है। हमारी मांगों को सुनाने का हमारे पास कोई और रास्ता नहीं है, माफ करें।इसके अलावा उन्होंने लिखा है की C-4 RDX का इस्तेमाल करके बनाए गए 3 FRDX IED पहले ही कोर्ट बिल्डिंग में आहम जगहों पर रख दिए गए हैं। 1 या 2 सदस्य लंच के समय कोर्ट ब्रांच के करीब आएंगे और जब रिमोट कंट्रोल ट्रिगर ले जा रहे LTTE सदस्य परिसर के 100 फीट के दायरे में आएंगे तो क्एऊ अपने आप फट जाएंगे। अगर किसी वजह से वे एक्टिवेट नहीं होते हैं, तो सदस्य खुद बिल्डिंग के अंदर आएंगे और श्रीलंका के ईस्टर ऑपरेशन की तरह सभी स्टाफ और ग्राहकों के साथ खुद को उठा लेंगे। बहरहाल सिविल कोर्ट मसौढी के अभियोजन पदाधिकारी भरतजी ने बताया कि धमकी भरे मेल मिलने पर एहतियात बरतते हुए सभी कोर्ट कैंपस में सुरक्षा बलों को की सक्रियता बढ़ा दी गई है और पुलिस को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है सभी जगह पर सघन तलाशी अभियान चलाई जा रही हैं।

**पेड़ से टकराई बाइक, पीछे से आए ट्रक ने युवक को रौंदा**

## पालीगंज में दर्दनाक हादसा एक की मौत, चालक फरार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज-चंढोस मुख्य पथ पर सेहरा गांव के पास सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोटरसाइकिल से घर लौट रहे चाचा-भतीजा की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने सड़क पर गिरे भतीजे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घायल चाचा ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिगोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतक की पहचान सिकरिया गांव निवासी अर्जुन सिंह के 42 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायल चाचा दिलीप सिंह का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने पालीगंज-चंढोस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि रात के समय ट्रकों की तेज गति के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया है। फरार ट्रक चालक की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी।

## भगवानगंज में एक बार फिर से बालू का अवैध खनन बेरोक टोक जारी, पुलिस बेखबर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बालू के अवैध खनन को लेकर लगातार खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की छापेमारी की जा रही है बावजूद एक बार फिर से मसौढ़ी में बालू माफिया हावी है खासकर मसौढ़ी के पश्चिमी इलाकों में भगवानगंज थाना क्षेत्र में एक बार फिर से बालू का अवैध खनन धडल्ले से चोरी छिपे शुरू हो गया है। इसके अलावा कुछ बालू घाटों से बालू माफिया देर रात से सुबह तक बालू का खनन कर रहे हैं. बालू माफिया प्रतिदिन ट्रैक्टर से बालू निकाल कर खुले बाजार में ऊंची कीमत में बेचकर मालामाल हो रहे हैं. सबसे आश्चर्य इस बात का है कि अवैध बालू उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है और इसके लिए जिम्मेदार प्रशासन के अलावा पुलिस व खनन विभाग चुप है. इस पर कोई भी कुछ बोलने से परहेज कर रहा है।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष की शादी के मौके पर मंत्री रामकृपाल एवं जिलाध्यक्ष ने किया सम्मानित



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव की शादी के मौके पर पहुंचकर जयमाला के स्टेज पर ही मंत्री रामकृपाल यादव ने आशीष देव को सम्मानित किया,दरअसल भाजपा प्रदेश कार्यालय, अटल सभागार में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' (जनवरी 2026) में उल्लेखनीय प्रदर्शन हेतु मसौढ़ी विधानसभा के दो कर्मठ मंडल अध्यक्ष मसौढ़ी नगर अध्यक्ष आशीष देव एवं रामजीवन मंडल के अध्यक्ष अजीत पांडे को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा सम्मानित किये गये थे,यह सम्मान दोनों मंडल अध्यक्षों की सक्रिय संगठनात्मक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि मसौढ़ी विधानसभा के प्रत्येक समर्पित भाजपा कार्यकर्ता के अथक परिश्रम और निष्ठा की भी सार्वजनिक स्वीकृति है। इस उपलब्धि से समस्त कार्यकर्ताओं में उत्साह, गर्व और नवऊर्जा का संचार हुआ है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने नगर अध्यक्ष आशीष देव के वैवाहिक समारोह में सहभागिता कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। और दूल्हा बने नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव कौशल उड़ाकर सम्मानित किया और जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दिए गए मोमेंटो को देकर सम्मानित किया। मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा यह सम्मान संगठनात्मक एकता, नेतृत्व के मार्गदर्शन और जमीनी कार्यकताओं के समर्पण का सशक्त प्रतीक है। मौके पर आशा किरण सिंह, अजय कुमार, राकेश कुमार, विजय यादव, संजय केसरी, हिमांशु कुमार समेत सभी भाजपा के पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित रहे।

## सिटी एसपी ने किया वार्षिक उत्सव खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन, नशे जैसे लातों से दूर रहने की दी सीख





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को महादेव स्थान स्थित बीडीएम पब्लिक स्कूल के परिसर में वार्षिक खेल सप्ताह का शुभारंभ हुआ. खेलकूद कार्यक्रम का विधिवत पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया गया. कार्यक्रम के अवसर पर सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहाकि हम पढ़ लिखकर भले ही कुछ भी बन जाएँ, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है एक अच्छा इंसान बनना. अच्छे इंसान की ही हर जगह पर सम्मान के साथ नाम लिया जाता है. छात्र छात्राओं को नशे जैसी बुरी लत से सदैव दूर रहने की सीख दी. उन्होंने अपने संबोधन में साइबर क्राइम से बचाव के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा मित्रवत पुलिसिंग के संबंध में बताया. उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे अनेक लोग होते हैं, जो पुलिसिंग के संबंध में सकारात्मक सोच नहीं रखते है. जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के लोग नहीं रहते हों. अच्छा या बुरा होना किन्हीं संस्थागत मूल्यों पर नहीं, बल्कि हमारी परवरिश और पारिवारिक संस्कारों पर निर्भर करता है. इसके अलावा सिटी एसपी ने खोखो, वॉलीबॉल समेत कई खेल आयोजित हुई. इसके बाद सिटी एसपी ने बालक वर्ग के वॉलीबॉल मैच का टॉस द्वारा उद्घाटन किया. बालिका वर्ग में आठवीं कक्षा की विजेता रही छात्राओं सोनाली कुमारी, सरिता कुमारी और प्रतियोगिता में उपविजेता रही नौवीं कक्षा की छात्राओं सुष्मिता जानवी, काजल, अंजलि वगैरह को पदक देकर सम्मानित किया. साथ ही विद्यालय के बालक एवं बालिका वर्गों में प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों दिलखुश, आजाद, अंकित, पायल, कृति अनामिका, सरिता, प्रियंका इत्यादि को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मौके पर निदेशक विजय शंकर, रवि शंकर, आदित्य शंकर, प्रिंसिपल बृज किशोर सिंह सहित कई लोग थे।

## श्रम कानून के खिलाफ भाकपा माले समेत कई संगठनों की आज राष्ट्रीय हड़ताल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम कानून के खिलाफ गुरुवार को यानी आज राष्ट्रीय हड़ताल की घोषणा की गई है और इस हड़ताल में भाकपा माले खेत व ग्रामीण मजदूर, आशा फैसिलिटेटर, ममता, रसोईया, निर्माण मजदूर, असंगठित कामगार महासंघ ऐक्टू शामिल होगें। भाकपा माले के जिला सचिव कमलेश कुमार ने कहा कि श्रम कानून ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय जनता के संघर्षो से हासिल हुए थे, डाक्टर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने ब्रिटिश, औपनिवेशिक भारत में इन लेबर कोड कानुनों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई थी ये कोड देश के संविधान पर बड़ा हमला है। ये कोड मालिकों की मांग पर और आरएसएस भाजपा समर्थित टेड युनियन बीएमएस के समर्थन से लाए गए है। ऐक्टु सहित सभी केन्द्रीय टेड युनियन व मजदूर कर्मचारी व बाम पार्टियों ने आन्दोलन के जरिये शुरू से ही इन कोडो का विरोध किया है, और इन्हें रद्द करने की मांग की है। इस लेबर कोड का मतलब है, कारपोरेट व मालिकों को खुली छुट, मजदूरों की गुलामी कम वेतन पर ज्यादा काम,कम सुरक्षा और कम आजादी। न्युनतम वेतनमान खत्म,उसकी जगह फ्लोट नाममात्र, भूखमरी का वेतन आधे से कम श्रमिक कानूनों के दायरे से बाहर, समाजिक सुरक्षा खत्म यूनियन बनानें, सामूहिक संघर्ष व मोलभाव और हड़ताल करने का अधिकार झिन लिया जायगा। इस की तैयारी में बुधवार को मसौढी धनरूआ में प्रचार अभियांन जनसंपर्क व नुक्कड़ सभा किए गए जिसे निरंजन वर्मा मुन्ना प्रसाद सिद्देधश्वर रवीदास संजय पासवान नागेश्वर पासवान राकेश अकलु पासवान विरिंद्र प्रसाद जितेंद्र राम ने की।

## पटना में गोल का मेगा मोटिवेशनल सेमिनारः ए.एन. कॉलेज ऑडिटोरियम बना सपनों की उड़ान का साक्षी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के भव्य ऑडिटोरियम में आयोजित 'How to Crack NEET & JEE' सेमिनार ने आज इतिहास रच दिया। 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की अभूतपूर्व उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि बिहार के युवा अब अपने सपनों को साकार करने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। सभागार में उमड़ा जनसैलाब केवल भीड़ नहीं था, बल्कि वह ऊर्जा, उम्मीद और लक्ष्य के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक था। गोल इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित यह सेमिनार छात्रों के लिए केवल मार्गदर्शन कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाला प्रेरणा पर्व बन गया। कार्यक्रम का संचालन एडमिशन इंचार्ज श्री बिनीत ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया और पूरे वातावरण को जोश एवं अनुशासन से भर दिया। संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "NEET और खएए की तैयारी केवल किताबों से नहीं होती, यह मानसिक मजबूती, निरंतर अभ्यास और सही रणनीति का परिणाम है। गोल का उद्देश्य छात्रों को सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और विजेता की सोच देना है। जब लक्ष्य स्पष्ट हो और मार्गदर्शन सही हो, तो सफलता निश्चित है। उनके शब्दों ने विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार किया। सहायक निदेशक रंजय सिंह ने भावुक शब्दों में कहा, हर छात्र के पीछे उसके माता-पिता के सपने और त्याग जुड़े होते हैं। गोल परिवार इन सपनों को अपना सपना मानकर कार्य करता है। यहां हर बच्चे को व्यक्तिगत मार्गदर्शन, अनुशासित माहौल और वैज्ञानिक रणनीति के साथ आगे बढ़ाया जाता है, ताकि वह अपने लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त कर सके। आर एंड डी हेड श्री आनंद वत्स ने छात्रों को परीक्षा की वैज्ञानिक तैयारी का महत्व समझाते हुए कहा,ह्लसफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सही दिशा में की गई मेहनत से मिलती है। टेस्ट एनालिसिस, समय प्रबंधन और नियमित मूल्यांकन ही टॉप रैंक दिलाते हैं। गोल में प्रत्येक छात्र की तैयारी डेटा आधारित विश्लेषण से की जाती है, जिससे उसकी कमजोरियों को ताकत में बदला जा सके। अकादमिक हेड गौरव सिंह ने कहा, कॉन्सेप्ट की स्पष्टता ही सफलता की असली कुंजी है। जब विद्यार्थी विषय को गहराई से समझता है, तभी वह कठिन से कठिन प्रश्नों को आत्मविश्वास से हल कर पाता है। गोल में हम बच्चों को रटने की नहीं, सोचने और समझने की आदत सिखाते हैं।




## मनेर में आंगनबाड़ी केंद्रों पर चला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चित्रकला एवं अन्य माध्यमों से बेटी बचाओ का दिया संदेश



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विकास परियोजना की ओर से बुधवार को मनेर प्रखंड के शेरपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन सीडीपीओ दर्शन मेविका के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से कन्या शिशु के जन्म पर बधाई संदेश कार्ड उनके माताओं को दिया गया। संपूर्ण प्रतिरक्षित टीकाकृत कन्या शिशुओं को सम्मान के तौर पर उन्हें बेबी किट दी गई और साथ ही मिठाई एवं उन बच्चियों के नाम से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र प्रशिक्षण ग्रहण करने वाले बच्चों के बीच खेलकूद चित्रकला एवं कविता प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को आईसीडीएस की ओर से सीडीपीओ दर्शन मेविका ने लंच बॉक्स पेंसिल बॉक्स प्रमाण पत्र के अलावा शील्ड भी दिए।शेरपुर पूर्वी हीरा टोला 142/सेक्टर 02 आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में हेमलता जयसवाल, ज्ञानती देवी, रीना देवी मनीता कुमारी,सुनीता कुमारी, रविकांत कुमार, संजय कुमार सहयोगी आदि मौजूद थे।

## मसौढ़ी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर फाइलेरिया मेगा कैंप, सीडीपीओ ने महिलाओं को खिलाई दवा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की पहल पर मसौढी प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बुधवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर मेगा कैंप का सफल आयोजन किया गया। जहां रौनिया स्थित आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र पर सीडीपीओ अनिता कुमारी ने महिलाओं को फाइलेरिया की दवा खिला कर इसके प्रति लोगों को जागरूक किया। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया की इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त करना है। कैंप के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई।उन्होंने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो मच्छरों के माध्यम से फैलता है और समय पर दवा के सेवन से इसका बचाव संभव है। सरकार का लक्ष्य नियमित दवा सेवन के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। बताया कि कैंप के दौरान लोगों में बीमारी के प्रति जागरूकता भी फैलाई गई।स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा का सेवन अवश्य करें। विभाग का मानना है कि जनभागीदारी से ही एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सरकार प्रतिबद्ध, मसौढी में सिविल सर्जन ने मेगा कैंप का किया उद्घाटन





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फाइलेरिया जैसी गंभीर और विकलांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से मसौढी को मुक्त करने के उद्देश्य से 10 फरवरी से सामूहिक दवा सेवन अभियान की शुरूआत की गई है। ऐसे मे बुधवार को मेगा एमडीए कैंप का आयोजन किया गया, जहां मसौढ़ी प्रखंड के रौनिया गांव स्थित मध्य विद्यालय बारा स्कूल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी के तत्वावधान में एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) राउंड का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीविका दीदियों एवं उपस्थित ग्रामीणों को एल्बेंडाजोल एवं डीईसी (डाइएथाइलकाबार्माजीन) दवा खिलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह अभियान हाथीपांव (फाइलेरिया) जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि वे एमडीए राउंड के दौरान निर्धारित दवा अवश्य सेवन करें, ताकि फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके।कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. जोगिंदर प्रसाद मंडल,जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ. सुभाष प्रसाद,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जय शर्मा,अस्पताल प्रबंधक झ शब्बीर खान (गुरु गोविंद सिंह हॉस्पिटल, पटना) जीविका प्रखंड प्रबंधक,स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह,लेखा प्रबंधक चंद्रभूषण प्रसाद मूल्यांकन सहायक दयानंद, डॉ. आनंद कुमार सिंह,गौरव कुमार,जितेंद्र मिश्रा (पिरामल),विकास कुमार (पिरामल) एएनएम (रौनिया) मंजू कुमारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी खुशबू कुमारी,प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक राकेश पटेल आदी शामिल रहे।इस अवसर पर सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की दवा का सेवन करना आवश्यक है। जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी ने बताया कि दवा पूरी तरह सुरक्षित है और स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में इसका सेवन कराया जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से फाइलेरिया मुक्त बिहार के संकल्प को सफल बनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं. उच्च रक्तचाप, शुगर, गठिया जैसी सामान्य बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति भी इन दवाओं का सेवन कर सकते हैं. दवा खाने के बाद अगर किसी को हल्की मितली या चक्कर महसूस हो, तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह संकेत है कि शरीर में मौजूद परजीवी दवा के असर से नष्ट हो रहे हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसपी सख्त, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपराध नियंत्रण में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने थानों में दर्ज लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने तथा पर्यवेक्षण मजबूत करने पर जोर दिया। महाशिवरात्रि, होली व ईद को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बढ़ती वाहन चोरी पर चिंता जताते हुए विशेष जांच अभियान, वारंटियों की गिरफ्तारी और शराब तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आदेश दिया गया।बैठक में सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी, नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



### वर्ल्ड होम्योपैथिक समिट में डॉ. संजय कुमार सम्मानित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. संजय कुमार को कजाकिस्तान के अलमाटी में आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथिक समिट 2026 में सम्मानित किया गया। यह सम्मान कैस्पीयन यूनिवर्सिटीज के वाइस चांसलर डॉ. (प्रो.) अंबेक सईद ने प्रदान किया। समिट का आयोजन 6 फरवरी को केंट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हाजीपुर और कैस्पीयन यूनिवर्सिटीज के इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मेडिसिन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। डॉ. संजय ने किडनी स्टोन व महिलाओं में ब्रेस्ट ट्यूमर के उपचार में होम्योपैथी की भूमिका पर शोध प्रस्तुत किया। उनकी उपलब्धि पर डॉ. घनश्याम, डॉ. कामेश्वर, डॉ. संतोष, डॉ. परवेज, डॉ. नवीन, डॉ. सचिन और डॉ. सत्यम ने हर्ष जताया।



### आदर्श मध्य विद्यालय खैरा के दो छात्र गायब

**छपरा/नगरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के खैरा थाना क्षेत्र के हरेराम के टोला गांव के आदर्श मध्य विद्यालय खैरा में पढ़ने गए 6वीं कक्षा के दो छात्र छुट्टी के बाद घर नहीं लौटे, जिसके बाद परिजनों ने थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। परिजन हरिशंकर प्रसाद और अजय राय ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनका पोता अमन कुमार एवं दूसरा छात्र अंकित कुमार रोजाना की तरह स्कूल गए थे, लेकिन वापस नहीं आए। परिजनों की शिकायत पर प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार स्कूल पहुंचे और शिक्षकों सहित दोनों छात्रों के सहपाठियों से जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि बच्चों द्वारा बताए गए संभावित स्थानों, खैरा रेलवे स्टेशन तथा आसपास के क्षेत्रों में पुलिस टीम के साथ गहनता से खोजबीन की गई है। उन्होंने कहा कि मामले के हर बिंदु पर जांच की जा रही है और बच्चों को खोजने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से लगी है।




### सीकरिया फार्मेसी कॉलेज में दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उद्योगपति भाजपा युवा नेता यमुना कुमार सीकरीया के द्वारा अपने सीकरीया फामेर्सी कॉलेज परिसर में दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर यमुना सीकरीया ने कहा मूल्यों पर आधारित उनके सिद्धांत और बिचार देश की हर पीढ़ी के लिए पथ प्रदर्शक बने रहेंगे। उन्होंने कहा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र के विचार का परिचालक है। ऐसा विचार देने वाले दीनदयाल जी असंख्य पीढ़ियों के लिए राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बने रहेंगे। आज उनके विचार भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश के बिकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, और विश्व हमारे संस्कृति और संस्कार से मार्गदर्शन ले रहा है।



### बिना चालान का ओवरलोड बालू ले जा रहा ट्रैक्टर जप्त

**छपरा/नगरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खैरा थाना क्षेत्र के शाहपुर चौक पर बिना चालान ओवरलोड बालू ढो रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जप्त कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई अभिनंदन कुमार अपनी टीम के साथ गश्ती पर थे। इसी दौरान उन्हें शाहपुर चौक पर बालू से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर संदिग्ध अवस्था में दिखा। रोके जाने का प्रयास होते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा की गई जांच में पाया गया कि वाहन पर लदा बालू बिना किसी वैध चालान के ले जाया जा रहा था। प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि बिना चालान अवैध बालू ढुलाई को लेकर ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है तथा मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### हेराफेरी कर 20,200 रुपये निकाल लिए

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के महावीर चौक स्थित एटीएम सेंटर में कार्ड की हेराफेरी कर रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित इसुआपुर थाना क्षेत्र के चहपुरा सढ़वारा निवासी आफताब आलम ने बताया कि 10 फरवरी को वह एटीएम से निकासी करने पहुंचे थे। निकासी के दौरान उनका कार्ड मशीन में फंस गया। इसी बीच एटीएम बूथ पर दर्ज नंबर पर फोन करने पर एक शख्स ने उन्हें स्टेशन रोड बुलाया, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। वापस लौटने पर उनका एटीएम कार्ड गायब था। बाद में भारतीय स्टेट बैंक श्याम कौड़ियां शाखा पहुंचकर खाते की जांच की गई तो पाया गया कि 20,200 रुपये फर्जी तरीके से निकाल लिए गए हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना पुलिस को दी है।

### पिकअप में 2100 लीटर स्प्रीट जब्त, दो गिरफ्तार

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक मद्य निषेध थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 2100 लीटर स्प्रीट बरामद की है। तरैया थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव स्थित एसएच-73 पर की गई इस छापेमारी में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रवि रंजन ने बताया कि पिकअप में मोबिल के 105 सील बंद गैलनों में स्प्रीट छिपाकर लाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों में मो. अली (निवासी फतेहाबाद, मुजफ्फरपुर) और राज कुमार यादव (निवासी पचभिड़ा, सारण) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पिकअप पटना से आ रही थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### डॉ दीपक बने आर एल एम के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुर्व केंद्रीय मंत्री सह वर्तमान राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के निदेशानुसार राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार के अध्यक्ष सह दिनारा के विधायक अलोक सिंह के द्वारा बुधवार को पार्टी के पंद्रह प्रकोष्ठ के बिहार अध्यक्ष की घोषणा की गई, जिसमें पूर्वी चम्पारण के चिकित्सक डॉ. दीपक कुमार को पुनः एक बार राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बतादे कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा पिछला बिहार विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था । पार्टी के चार विधायक जीते है एवं पार्टी के एक साथी बिहार सरकार में मंत्री भी है। चुनाव के तुरंत बाद संगठन में मजबूती एवं बदलाव हेतु बिहार कमिटी भंग कर दी गई थी। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ. दीपक कुमार ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक माधव आनंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक अलोक सिंह एवं वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया। बधाई देने वालों में ई.रमेश पासवान, संत सिंह कुशवाहा, रामपुकार सिन्हा, मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, रुपलाल प्रसाद, राजनारायण प्रसाद कुशवाहा, मुजीबूर रहमान, लोकेश कुमार, डॉ. शैलेश कुशवाहा, बेदप्रकाश गुप्ता, कौशल कुमार, मिठू कुमार, प्रेमचंद कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा, हरिकिशोर प्रसाद कुशवाहा, डॉ. शम्भू कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, प्रकाश सिंह कुशवाहा, सुरेश कुमार मेहता, लालबहादुर कुशवाहा भूषण कुमार, रोज आलम, खुशबू कुमारी, अखिलेश कुमार सिंह, ई.राजीव श्रीवास्तव, डॉ. संजय कुशवाहा शामिल थे।



# विकसित भारत रोजगार मिशन से ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार की गारंटी



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण समाहरणालय के संवाद कक्ष में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन की अध्यक्षता में भ्रम बनाम तथ्य तथा रोजगार से परिसंपत्ति तक विषय पर मीडिया संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डीआरडीए पुरुषोत्तम त्रिवेदी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कार्यपालक अभियंता (मनरेगा) सहित इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि संसद द्वारा पारित 'विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) अधिनियम, 2025' ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के इच्छुक वयस्क सदस्य को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के अकुशल मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी, जो पूर्व की 100 दिनों की सीमा से अधिक है। समय पर काम उपलब्ध नहीं होने पर बेरोजगारी भत्ता देय होगा।योजना में जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्धन और जलवायु अनुकूल कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी। ग्राम सभा की सहभागिता से ग्राम पंचायत योजनाएं तैयार होंगी तथा कम से कम 50 प्रतिशत कार्यों का क्रियान्वयन पंचायतों द्वारा किया जाएगा। मजदूरी का भुगतान डीबीटी व आधार आधारित प्रणाली से होगा। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, स्पैटियल टेक्नोलॉजी, मोबाइल मॉनिटरिंग व सोशल ऑडिट से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। केंद्र-राज्य निधि साझेदारी पूर्वोत्तर व हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 तथा अन्य राज्यों के लिए 60:40 होगी। अधिकारियों ने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत आधार तैयार करेगा।

## चिरैया विधायक ने विधानसभा में उठाया विद्यालय में भवन व चाहरदीवारी का मुद्दा

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने बिहार विधानसभा में अपने विधानसभा क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए शिक्षा विभाग से जवाब मांगा। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा कि चिरैया प्रखंड अंतर्गत खड़तरी पश्चिमी पंचायत स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय पटजिलवा में भवन एवं चाहरदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है। अतिरिक्त कमरा नहीं रहने के कारण छात्र - छात्राओं को पठन पाठन में काफी परेशानी होती है। सरकार उक्त विद्यालय में भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है? इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दो कमरे में कक्षा संचालित किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में विद्यालय के भवन निर्माण हेतु वर्तमान में भूमि उपलब्ध नहीं है। परन्तु इसी गांव के ग्रामीण द्वारा प्रधानाध्यापक के नाम से विद्यालय निर्माण के लिए भूमि दान देने हेतु सहमति पत्र दी गई है। जो प्रक्रियाधीन है। भूमि उपलब्ध होते ही भवन निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर करा लिया जाएगा जानकारी देते हुए उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में दो ही कक्ष उपलब्ध हैं। जिससे पठन-पाठन कार्य संचालित करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यकता के अनुसार छह से सात अतिरिक्त वर्ग कक्ष होने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा व वातावरण मिले, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं एवं जब तक विद्यालय में पर्याप्त भवन एवं संसाधन उपलब्ध नहीं हो जाते है तथा कमरे के अभाव में पढ़ाई बाधित ना हो इसको लेकर वे प्रयासरत है।

## व्यवसायियों को फायर सेफ्टी एन ओ सी प्राप्त करने में हो रही देरी की समस्या की जांच एवं समाधान हेतु टास्क फोर्स का गठन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी ने स्थानीय व्यवसायियों और प्रतिष्ठानों को अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों और अनावश्यक विलम्ब की समस्या के सम्बन्ध में एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। यह निर्णय जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय व्यवसायियों के साथ हुई बैठक के पश्चात लिया गया है, ताकि व्यवसायियों को सरकारी सेवाओं का लाभ शीघ्र और सुगम तरीके से मिल सके। टास्क फोर्स का गठन अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी की अध्यक्षता में किया गया है। इसके सदस्यों में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी एवं होम गार्ड कमांडेंट सह अग्निशमन पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को शामिल किया गया है। यह टास्क फोर्स फायर सेफ्टी नो ओ सी से संबंधित सभी लंबित आवेदन पत्रों की विस्तृत समीक्षा करेगी, विलम्ब के वास्तविक कारणों का पता लगाएगी और प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए ठोस सुझाव देगी। टास्क फोर्स को पंद्रह दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि टास्क फोर्स प्रत्येक लंबित मामले की गहन जांच करे और यह सुनिश्चित करे कि किसी भी व्यवसायी को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही या जानबूझकर विलम्ब करने का मामला सामने आता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस पहल से फायर सेफ्टी एन ओ सी प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और व्यवसायियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### दोन इलाके में सड़क निर्माण की मांग, सांसद सुनील कुमार ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने लोकसभा में अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने माननीय मंत्री का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र वाल्मीकिनगर का अधिकांश भाग वन्य क्षेत्र में आता है, जहां बड़ी संख्या में जनजातीय आबादी निवास करती है। सांसद ने बताया कि सड़क सुविधा के अभाव में रामनगर प्रखंड तथा बगहा-दो प्रखंड के दोन इलाके के लोगों का जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण और दुष्कर बना हुआ है।सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण यहां के लोग आज भी आदिवासी और वनवासी जीवन जीने को मजबूर हैं।इससे दोनवासी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि समाज की मुख्यधारा से जोड़कर ही यहां के लोगों की पीड़ा और आक्रोश को समाप्त किया जा सकता है।

## रामगढ़वा पुलिस की बड़ी कामयाबी 8.9 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर दबोचे




**रक्सौल/रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामगढ़वा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कॉपरेटिव कॉलेज रोड स्थित चिमनी भट्ठा के पास छापेमारी कर 8.9 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने इलाके में घेराबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन मुस्तैदी दिखाते हुए पुलिस टीम ने उन्हें खदेड़कर मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 8.9 किलो गांजा बरामद किया गया, जबकि तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपियों की पहचान**

अब्दुल कादिर, पिता-स्व. सुलेमान मियां, निवासी-बेला, थाना-रामगढ़वा, रवि रंजन कुमार उर्फ रॉकी, पिता- स्व. बिक्रमा सिंह, निवासी- बेला, थाना-रामगढ़वा। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई सुमित कुमार, एसआई प्रिया कुमारी, एसआई परमा यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई को रामगढ़वा पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ चल रही मुहिम में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक समर्पित राजनेता महान विचारक एवं कुशल संगठक थे : पवन राज**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददता।** एकात्म राष्ट्रवाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' पर बुधवार को मोतिहारी स्थित लुम्बनी भवन के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पंडित दिन दयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन राज ने की वही संचालन सुधांशु रंजन ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रसिद्ध विचारक और दार्शनिक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा में हुआ था। पंडित दीनदयाल जब अपनी स्नातक स्तर की शिक्षा ले रहे थे, उसी समय वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आरएसएस के संपर्क में आए। वह आरएसएस के प्रचारक बन गए। हालांकि प्रचारक बनने से पहले उन्होंने 1939 और 1942 में संघ की शिक्षा का प्रशिक्षण भी हासिल किया था। इस प्रशिक्षण के बाद ही उन्हें प्रचारक बनाया गया था।श्री सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके जीवन यात्रा की प्रमुख घटनाओं और परिघटनाओं पर आधारित प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने भारतीय रीति, नीति और संस्कृति के अनुसार एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत को प्रतिपादित किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गाँव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित और आदिवासियों के कल्याण की बात की। वे एक समर्पित राजनेता भी थे, महान विचारक भी थे और कुशल संगठक भी थे।
मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रकिशोर मिश्र एवं प्रकाश अस्थाना, उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, राकेश गुप्ता, विनोद कुशवाहा, जिला महामंत्री योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मार्तण्ड नारायण सिंह एवं संजय कुमार चौधरी, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, रोचक झा, सुदीप कुमार, उत्तम मिश्रा, संजय ठाकुर, सन्नी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### उत्पाद थाना भवन निर्माण को लेकर भूमि सीमांकन की प्रक्रिया तेज

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्पाद विभाग की पुलिस अधीक्षक सीमा चौरसिया ने विभागीय निर्देश के आलोक में बुधवार को अंचल कार्यालय बगहा-एक पहुंचकर सीओ नर्मदा श्रीवास्तव से मुलाकात की। इस दौरान नगर थाना के समीप स्थित पूर्व शराब डिपो की भूमि को उत्पाद थाना भवन निर्माण के लिए चिन्हित कर पैमाइश कराने पर चर्चा हुई। ताकि भूमि चिन्हांकन और सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर भवन निर्माण की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। उत्पादन अधीक्षक सीमा चौरसिया ने बताया कि भूमि चिन्हित व पैमाइश होते ही विभाग को समय से रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जा सके । उन्होंने कहा कि बगहा-दो में जिस भवन में फिलहाल उत्पाद थाना अस्थायी रूप से संचालित हो रहा है, किसी तरह कार्य चलाया जा रहा है । ऐसे में नए भवन की आवश्यकता को देखते हुए विभागीय स्तर पर एक एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार किया गया है। लेकिन भूमि उपलब्ध नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

## आइपीएल किसान जागरूकता रथ रवाना उर्वरक प्रबंधन पर मिलेंगे व्यावहारिक सुझाव



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग एवं असली-नकली उर्वरक की पहचान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) का किसान जागरूकता रथ बुधवार को जिला कृषि कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आत्मा के परियोजना उपनिदेशक भरत भूषण एवं सहायक निदेशक शस्य प्रक्षेत्र मुस्तफा अंसारी ने संयुक्त रूप से रथ को रवाना किया। आईपीएल के संजय कुमार ने बताया कि जागरूकता वैन के माध्यम से किसानों को पोटाश सहित अन्य उर्वरकों की गुणवत्ता पहचानने के तरीके, संतुलित खाद प्रयोग तथा जैविक खाद के महत्व की जानकारी दी जाएगी। फिल्म प्रदर्शन और संवाद के जरिए किसानों को व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना उपनिदेशक भरत भूषण ने बताया कि यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में 25 दिनों तक भ्रमण कर किसानों को उर्वरक प्रबंधन, मिट्टी की सेहत और संतुलित पोषण के बारे में जागरूक करेगा। मौके पर कृषि कर्मी अभिषेक कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी (प्रक्षेत्र) रंजीत वर्मा भी उपस्थित रहे। रथ के साथ आईपीएल के चंद्रेश पांडेय, रत्नेश कुमार, आशीष शर्मा एवं रोजित शुक्ला सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हैं।

### मशरक सीएचसी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत की गई। नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों और उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह ने स्वयं दवा का सेवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप, डॉ. एस.के. विद्यार्थी, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, मलेरिया पदाधिकारी नेसाब आलम, वार्ड पार्षद राजेश कुमार तिवारी समेत कई अन्य मौजूद रहे।

## मध्यस्थता से चार वर्षों पुराने दांपत्य विवाद का हुआ सुखद समाधान



**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध्यस्थता केंद्र, पूर्वी चंपारण में राष्ट्र के नाम मध्यस्थता कार्यक्रम 0.2 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सफलता दर्ज की गई। पति-पत्नी के बीच लगभग चार वर्षों से चल रहे विवाद का आपसी सहमति से पटाक्षेप हो गया । पति कृष्णा पटेल एवं पत्नी निशा कुमारी के बीच लंबे समय से चला आ रहा दांपत्य विवाद, मध्यस्थ सह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी के सकारात्मक प्रयासों एवं कुशल मार्गदर्शन से सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर पुनः पारिवारिक जीवन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। यह मध्यस्थता कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतीहारी के तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य न्यायालयीन बोझ कम करना एवं पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करना है।

# खेलो इंडिया एवं युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अस्मिता सेपक टकरा लीग आयोजितः जिला खेल पदाधिकारी

**अस्मिता सेपक टकरा लीग में दिखा बेटियों का दम, भागवत विद्यापीठ बना चैंपियन**





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों की बेटियों को विभिन्न प्रकार के खेलों से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्थानीय शहर के भागवत विद्यापीठ में खेलो इंडिया एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अस्मिता सेपक टकरा लीग 2025- 26 का आयोजन किया गया। उक्त बातें जिला खेल पदाधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी ने उद्घाटन समारोह के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा कि सारण जिले की महिला खिलाड़ियों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है, बल्कि समाज को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश भी दिया है। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खेलो इंडिया एवं युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अस्मिता सेपक टकरा लीग कराया जा रहा है। अस्मिता लीग जैसी प्रतियोगिताएं बेटियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और बेहतर भविष्य की दिशा देती हैं। छपरा की खिलाड़ियों ने जिस उत्साह और प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह आने वाले समय में जिले के लिए गौरव का कारण बनेगा। सारण जिला सेपक टकरा संघ के सचिव तरुण कुमार सिंह ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत बिहार के तीन जिले यथा- पटना, सारण और बेगूसराय में इस लीग का आयोजन किया जा रहा है। उक्त तीनों जिलों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें नेशनल कैंप में उन्नत प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण स्तर की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय मंच तक पहुंचें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस आयोजन ने जिले की बेटियों में खेलों के प्रति नया उत्साह जगाया है और भविष्य में और भी बड़े स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान किए जाएंगे।

कृत्रिम दूधिया रोशनी और हल्की ठंड के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा, वहीं खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी, बिहार सेपक टकरा संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. करुणेश, डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, जिला संघ के सचिव तरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष तनुजा विकास राठौर तथा कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी मुकाबले बिहार टीम के कोच अजीत कुमार और विक्की कुमार के निर्देशन में संपन्न कराए गए। जबकि बिहार सेपक टकरा संघ एवं जिला संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में छपरा, दरियापुर, नवादा, मसरख सहित करीब आधा दर्जन प्रखंडों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दी। प्रतियोगिता में मेजबान भागवत विद्यापीठ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि दरियापुर की टीम उपविजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# केवाइसी बैंक और ग्राहक दोनों के लिए सुरक्षा का अनिवार्य कवच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस वर्ष केवाइसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम की विशेष थीम के साथ देशव्यापी 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' की शुरूआत की गयी। 9 फरवरी से 13 फरवरी तक चलने वाला इस अभियान को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में बैंकिंग को अधिक सुरक्षित और सुलभ बनाना है।



स्वाधार फ़िनएक्सेस की अहम भूमिका हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी भारतीय रिज़र्व बैंक के मनीवाइज़ वित्तीय साक्षरता केंद्रों का संचालन कर रहे स्वाधार फ़िनएक्सेस ने जमीनी स्तर पर कमान संभाली है। संस्था ने रफीगंज प्रखंड के कजपा पंचायत के ज़ाखिम गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया। जिसमें आधुनिक तरीके से कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पोस्टर, ज्ञानवर्धक वीडियो और प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से केवाइसी की बारीकियों से रूबरू कराया गया। मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रिणी प्रबंधक आनंद वर्धन, आरएसईटी के डायरेक्टर राजकुमार ,उद्योग विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजर, नाबार्ड से सुशील कुमार, स्वधार फिननएक्सेस डिस्ट्रिक इंचार्ज मनोरंजन पाठक, ट्रेनर शोभित कुमार, सीएफएल इंचार्ज मनीष कुमार सिंह, जीविका सीसी नीरज कुमार एवं जीविका सीएम सोनी देवी, शकुंतला देवी, सूर्यवती देवी ने ग्रामीणों को विस्तृत और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। कहा कि केवाइसी बैंक और ग्राहक दोनों के लिए सुरक्षा का एक अनिवार्य कवच है। केवाईसी कराने के बाद केंद्रीकृत सुविधा सीकेवाई सी का लाभ उठाएं, जिससे दस्तावेजीकरण से बचा जा सके।

अज्ञात लिंक पर क्लिक करने के खतरों और बैंकिंग फ्रॉड से बचने के व्यावहारिक तरीके साझा किया गया। "केवाईसी केवल एक दस्तावेजी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आपकी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने की पहली सीढ़ी है। डिजिटल ट्रांजेक्शन के दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।"

ग्रामीणों ने अपनी बैंकिंग संबंधी शंकाओं का समाधान किया और भविष्य में किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर निजी जानकारी साझा न करने का संकल्प लिया।

## शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के सिहुली गांव स्थित मस्जिद के पास शराब के नशे में हल्ला हंगामा कर रहे हैं, बरुणा गांव निवासी मंटू शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष शम्भु कुमार ने बताया कि 112 के कंट्रोल रूम से सूचना मिला की सिहुली गांव में मस्जिद के पास एक व्यक्ति हल्ला हंगामा कर रहा है। पुलिस को आता देख हल्ला कर व्यक्ति भागने लगा, पुलिस के सहयोग से पकड़ लिया गया। थाना लाकर ब्रेथ एनालाइजर की मदद से जांच करने पर उक्त युवक को नशे में पाया गया। युवक पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका हैं। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शराब पीने एवं हल्ला हंगामा के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# दहेज व मारपीट मामले में सात नामजद, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के गेवाल बिगहा गांव में दहेज प्रताड़ना और मारपीट के गंभीर मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओबरा थाना क्षेत्र के शेख बिगहा निवासी मो. आलमगीर ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी बहन नाजिया खातून की शादी करीब दस माह पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से गोरडीहा पंचायत के गेवाल बिगहा निवासी मो. अनीस के पुत्र मो. इस्तेखार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में एक बुलेट मोटरसाइकिल और तीन लाख रुपये की मांग को लेकर नाजिया को प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति सहित अन्य परिजन लगातार मारपीट करते थे।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि 9 फरवरी को ससुराल वालों ने नाजिया के साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मायके पक्ष गांव पहुंचा तो नाजिया बेहोशी की हालत में पड़ी थी। उसके गले और शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई और घायल को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। नामजद आरोपियों में से मो. इस्तेखार और मो. एहसान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# कजाकिस्तान में बेस्ट होमियोपैथिक चिकित्सक से नवाजे गये डॉ एस के शशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के शशि होम्योपैथी क्लिनिक कासमा के डॉ एस के शशि (पियूष कुमार) को होमियोपैथी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। कैट होमियोपैथिक लैबोरेटरी एंड मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कजाकिस्तान के अलमाटी स्थित कैस्पियन यूनिवर्सिटी एंड मेडिकल कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय साइंटिफिक सेमिनार एवं वर्ल्ड होमियोपैथिक समिट के दौरान दोनों चिकित्सक दंपती को बेस्ट होमियोपैथिक चिकित्सक के सम्मान से नवाजा गया। गत छह फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में कैस्पियन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर अयूब सईद ने दोनों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान असाध्य एवं असहाय रोगों के सफल इलाज तथा नयी होमियोपैथिक दवाओं की खोज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। सम्मान समारोह के दौरान डॉ पीयूष कुमार ने अपने शोध, उपचार पद्धतियों और नयी दवाओं की खोज से जुड़े अनुभव साझा किए, जिसकी लगभग 80 देशों से आए चिकित्सकों ने सराहना की। इस उपलब्धि से दोनों चिकित्सकों ने न केवल देश-विदेश में अपनी पहचान बनायी है, बल्कि बिहार, औरंगाबाद, रफीगंज और कासमा का नाम भी गौरवान्वित किया है। इससे पूर्व भी वे दुबई, नेपाल, अबूधाबी, नागपुर, लखनऊ, बनारस सहित अधिकांश भर देशों में सम्मानित हो चुके हैं। उनकी इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर होमियोपैथी जगत से जुड़े चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।




## ठगी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

नबिटा संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के गंजपर मोहल्ले में साधु के भेष में पहुंचकर महिला से ठगी करने की कोशिश कर रहे अंतरजिला गिरोह के दो सदस्यों को स्थानीय लोगों ने रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि बुधवार को दो युवक साधु का भेष धारण कर गंजपर मोहल्ला पहुंचे। उन्होंने एक महिला को भयभीत करकर जेवर दोगुना करने का लालच दिया।

झांसे में आकर महिला ने सोने की एक जोड़ी कान की बाली उन्हें सौंप दी। इसके बाद दोनों युवक मौके से फरार होने लगे, लेकिन आसपास के लोगों को संदेह हुआ। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रोहतास जिला निवासी शर्मा नट तथा औरंगाबाद जिला निवासी दीपक नट के रूप में हुई है।

# किसानों की जमीनों का जबरन अधिग्रहण बंद करे सरकार : भाकपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** भाकपा (माले) की संबद्ध इकाई अखिल भारतीय किसान महासभा ने किसान और मजदूर हितैषी मुद्दों को लेकर बुधवार को विरोध मार्च निकाला। कार्यकर्ता सरकार और उसकी नीतियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पार्टी कार्यालय से अंबा चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय परिसर पहुंचें और धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड सचिव कॉमरेड रमेश पासवान ने कहा कि सरकार प्रखंड क्षेत्र के निरंजनापुर, सहदेई परसावां और कझपा गांव के किसानों का जबरन भूमि अधिग्रहण कर रही है। हमारी मांग है कि किसाने की मर्जी के बगैर उनकी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जाए। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि सरकार कॉरपोरेट के हिसाब से कानून बनाकर किसानों पर थोप रही है। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मध्यम वर्गीय किसान और मजदूर पूरी तरह खेती पर निर्भर है। अगर उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई तो उनके जीवनयापन का जरिया छीन जाएगा। सरकार की नीतियों के विरुद्ध किसान, मजदूर, छात्र और नौजवानों ने मिलकर एक छोटा सा आंदोलन शुरू किया है। अगर किसान विरोधी एक्ट में संशोधन नहीं किया गया और किसानों की सहमति के बगैर उनकी जमीन अधिग्रहित की गई तो लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के उपरांत बिहार सरकार के नाम अंचल अधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। जिसके माध्यम से किसान विरोधी भारत - अमेरिका समझौता रद्द करने, उत्तर कोयल नहर परियोजना का निर्माण कार्य अविलंब पूरा करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, इंद्रपुरी जलाशय (कदवन डैम) का निर्माण, बलपूर्वक व अंधाधुंध कृषि भूमि अधिग्रहण पर रोक, 60 वर्ष पूरे कर चुके महिला व पुरुष को दस हजार रुपए पेंशन, वीबी जीरामजी कानून को अभिलंब वापस कर मनरेगा को पुनर्बहाल करने तथा किसान विरोधी तीन काले कानून को चोर दरवाजे से चालू करने की नियत से लाए गए कृषि विपणन पर नया राष्ट्रीय प्रस्ताव लाए जाने की मांग की है। प्रदर्शन में सचिव कॉमरेड रमेश पासवान, किसान महासभा के जिला सचिव कॉमरेड कामता यादव, जिला अध्यक्ष कॉमरेड सतेन्द्र सिंह, निर्माण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष कॉमरेड बिरजू चौधरी, सांसद प्रतिनिधि नवीनगर कॉमरेड वीरेंद्र मेहता सहित किसान, मजदूर और महिलाएं शामिल थीं।



# औरंगाबाद में भाजपा ने मनाया समर्पण दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी, औरंगाबाद द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में जिला सदर विधायक माननीय त्रिविक्रम नारायण सिंह के कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एकात्म मानववाद और अंत्योदय दर्शन के प्रणेता थे। उनका सपना था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज उनके विचार और संकल्प साकार होते दिखाई दे रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेंगे और अधिक से अधिक संकल्पित कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करेंगे।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण राठौर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव "राष्ट्र प्रथम" की भावना के साथ कार्य किया। उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए ध्येय मंत्र है। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण राठौर, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विशाल वैभव उर्फ टैगोर, जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक सुबोध सिंह, अशोक पांडे, सुमन अग्रवाल, कार्यालय मंत्री विकेश सिंह, जिला प्रवक्ता उज्ज्वल सिंह, जुलेखा खातून, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंद पासवान, कुटुंब विधानसभा संयोजक रामेश्वर बैठा सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुकानों और अस्पतालों में फायर उपकरणों की हुई जांच

नबिटा संवाददाता

**औरंगाबाद।** सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में जिले के विभिन्न विभिन्न अस्पतालों और दुकानों की जांच की गई। इस दौरान फायर उपकरणों की जांच कर आग से बचाव की जानकारी दी गई। सभी हॉस्पिटल संचलको को बालू और आग बुझाने वाले यंत्रों के सही इस्तेमाल की जानकारी दी गई। अग्निक हरेराम सिंह के द्वारा सभी यंत्रों के चलाने की विधि और आग पर काबू कैसे पाए, जरूरी जानकारी दी गई। साथ ही क्षेत्र में अगलगी की घटना होने पर तुरंत स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित करने की अपील किया ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

## वार्ड के समग्र विकास के लिए जनता की सहभागिता जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट की तैयारी को लेकर वार्ड 15 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधी माहिद खान की अध्यक्षता में वार्ड सभा का आयोजन किया गया। सभा में वार्ड के विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य कई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित वार्डवासियों ने सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, जल निकासी तथा सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों को जोड़ने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधी ने कहा कि वार्ड के समग्र विकास के लिए जनता की सहभागिता जरूरी है और प्राप्त सुझावों को बजट प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वार्ड की प्राथमिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी एवं जनहितकारी बजट तैयार किया जाएगा। सभा में स्थानीय नगर पंचायत के योजना सहायक हारून रसीद, मौलाना सफीक, हारून रसीद, नौसाद आलम, मुख्तार आलम, अखलाक आलम, बरकत खान, अकरम खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गिरफ्तारी के नियमों के पालन पर कोर्ट सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के न्यायाधीशों द्वारा लगातार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तारी के नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। इसी क्रम में एक वाद की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने केस डायरी और उपलब्ध तथ्यों पर विचार करते हुए पाया कि अनुसंधानकर्ता की ओर से कोई भी ठोस और गंभीर साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे अभियुक्त की संलिप्तता स्पष्ट हो सके।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायालय के समक्ष न तो सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत किया गया और न ही किसी प्रकार की वीडियो रिकॉर्डिंग साक्ष्य के रूप में लाई गई। ऐसी स्थिति में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने अभियुक्त को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अनुसंधानकर्ता जब भी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करें, तो गिरफ्तारी के सभी नियमों का कड़ाई से पालन होना चाहिए और अभियुक्त के विरुद्ध स्पष्ट व ठोस साक्ष्य होना आवश्यक है। इसके साथ ही जब्ती सूची की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए।

न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि यदि मामले में चोट से संबंधित प्रतिवेदन हो, तो उसमें जख्मों के रंगीन फोटो शामिल होने चाहिए, ताकि साक्ष्य स्पष्ट और विश्वसनीय हो सके।




## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाय समर्पण दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कार्यालय में समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता शशिभूषण सिंह उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर पं दीनदयाल उपाध्याय जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि,दीप प्रज्वलन कर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए देशसेवा का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा नेता शशिभूषण सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे दूरदर्शी मनीषी थे, जिन्होंने देश को पूंजीवाद और साम्यवाद के द्वंद्व से निकालकर 'एकात्म मानववाद' का विकल्प दिया। आज भारत जिस ओजस्वी राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, उसमें दीनदयाल जी के विचारों की केंद्रीय भूमिका है।


**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**

Govt. of Bihar

ई–मेल. msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष आवेदकः श्री रंजन सिंह, पिता–श्री कामेन्द्र सिंह, पताः खाता नंबर–55, बड़ीकलां, बारूण, जिला–औरंगाबाद, राज्य–बिहार, पिन कोड–824112 द्वारा सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–16C बालू घाट, मौजा–करहा, ब्लॉक–बारूण, जिला–औरंगाबाद एवं मेसर्स सुनिल इंजीनियरिंग वर्क्स, प्रस्तावकः श्री सुनिल कुमार, पिताः श्री कैलाश सिंह, ग्राम–सनथ बिगहा, पोस्ट+थाना–डालमियानगर, जिला–रोहतास, राज्य–बिहार, पिन कोड–821305 द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन–15C बालू घाट, मौजा–डिहरा, पो०+थाना+ब्लॉक–ओबरा, जिला–औरंगाबाद में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| क्रमांक | दिनांकः | समय | अंचल का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 17.03.2026 | अपराह्न 12:30 बजे | बारूण, जिला–औरंगाबाद | करहा | औरंगाबाद सोन–16C | प्रखंड कार्यालय, बारूण, जिला–औरंगाबाद |
| 2. | | अपराह्न 03:30 बजे | ओबरा, जिला–औरंगाबाद | डिहरा | औरंगाबाद सोन–15C | प्रखंड कार्यालय, ओबरा, जिला–औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेगें।

PR- 023880 ( B & C ) 2025-26

सदस्य सचिव

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

सं.:डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2026/2
दानापुर, दि.: 07.02.2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :–

कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर डिवीजन के तहत JTDM-DHWN सेक्शन में फजलचक और टॉप सरथुआ स्टेशन पर ट्रेन ऑपरेशन में सुरक्षा के लिए S&T उपकरणों के सुधार एवं मरम्मत हेतु कार्य। अनुमानित लागत : ₹1,95,48,386.94, बयाना राशि : ₹2,47,800/–, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 02.03.2026 को 15.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.03.2026 को 15.00 बजे। वेबसाइट का विवरण :www.ireps.gov.in कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

सहायक संकेत एवं दूर संचार अभियंता/पूमरे/दानापुर

पीआर/1764/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/25–26/36



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 43–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 10.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल–सीतारामपुर–झाझा शाखा में लूप लाइनों की लंबाई का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु.1,96,21,753.96, **बयाना राशि:** रु. 2,48,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 05.03.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-343/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**
**OFFICE OF THE DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, PALAMAU**
**Tender Reference No: 01/DLSA/PAL/2026 Dated: 11.02.2026**

Sealed tenders are invited from reputed Manufacturers/Authorized Dealers/Suppliers for the Supply and Delivery of the following vehicle for the District Legal Services Authority, Palamau

**1. Vehicle Description**
- Model: One (01) Unit of Mahindra Bolero Neo N11 White (Latest Model).

**2. Terms & Conditions**
- **Rate Quoting**: Bidders are required to quote rates on a per-unit basis.
- **Inclusions**: Rates must be inclusive of all Taxes, GST, Registration, and any other applicable charges.
- **Submission:** Bidders must submit sealed quotations to the Office of the Secretary, District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau.
- **Eligibility:** The bidder must be an Authorized Dealer of Mahindra & Mahindra. A valid authorization certificate, GST, and PAN registration certificates are mandatory.
- Delivery Timeline: The successful bidder must ensure delivery of the vehicle within 7 days from the receipt of the formal Purchase Order.
- Technical Details: Detailed specifications may be obtained from the DLSA Palamau Office during working hours.
- Rights Reserved: The Purchase Committee reserves the right to reject any or all bids without assigning any reason.

**3. Key Dates**

| | |
|---|---|
| Start Date of Submission | 13.02.2026 at 11:00 AM |
| Last Date of Submission | 20.02.2026 up to 05:00 PM |
| Date & Time of Tender Opening | 21.02.2026 at 01:30 PM |
| Officer Inviting Tender | Secretary, District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau. Email-dlsapalamu123@gmail.com |

For any further details, please contact the Office of District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau, call us at 8757269596 or email us at dlsapalamu123@gmail.com

Secretary
District Legal Services Authority,
Palamau

PR 372827 District(25-26)D



**पूर्व मध्य रेल**

**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या**

**ईएल/50/दानापुर/खुली/47/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विधुत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या :** ईएल/50/दानापुर/खुली/47/2025–26, **क्र.सं० : 1. कार्य का नाम :** दानापुर डिवीजन के तहत अलग–अलग PH-53(CAP), PH-51(51) और PH-51(DF-2) के तहत विभिन्न स्थानों पर RCC OH टैंक और गहरे ट्यूबवेल के प्रावधान से संबंधित इलेक्ट्रिकल (G) कार्य। **2. अनुमानित लागत :** रू. 1,34,22,569.33/–, **3. अग्रधन राशि :** रू. 2,17,100/–, **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 09.03.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। **5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

**नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरुरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक (विधुत/सा०)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/1773/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/44

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन देश के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शक

## भाजपा जिला कार्यालय में समर्पण दिवस कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर समर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के निमित्त प्रदेश से प्रभारी के रुप मे आए रामकुमार झा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दर्शन आज भी देश और समाज के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को केंद्र में रखकर राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना की, जिसे भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के कार्यों में समर्पित भाव से जुटें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल एक महान विचारक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति पूर्णतः समर्पित एक सच्चे कर्मयोगी थे। उनका संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, संगठन और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि पंडित दीनदयाल द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद का सिद्धांत आज भी भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन के लिए सबसे प्रासंगिक विचारधारा है। यह दर्शन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास का वास्तविक अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और अवसर पहुँचाना है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, सवर्ण आयोग के सदस्य जयकृष्ण झा, रमेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, विकास चौधरी, सोनी पूर्वे, संगीता साह, श्रवण मिश्र, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, जिला मंत्री मीरा मेहता, बालेंदु झा,विनोद सिंह यादव, सपना भारती, ओमप्रकाश सिंह, सुंदरलाल चौधरी, वीरेंद्र पासवान, रौशन कुमार, गुलशन चौधरी, डॉ अमोद झा, विष्णुकांत चौधरी, अवधेश चौधरी, अविनाश सहनी, आरती कुमारी, दीपक पंजियार, अशोक शाह, उत्सव कुमार, उज्जवल चौधरी सहीत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनुशासनहीनता के आरोप में मिठनपुरा थानाध्यक्ष पर कार्रवाई शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले में वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने कर्तव्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में मिठनपुरा थानाध्यक्ष के निलंबन की प्रक्रिया शुरू की है, जबकि मनियारी थाने के सब-इंस्पेक्टर कन्हैया कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। देर रात एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मिठनपुरा थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे रात्रि गश्त देख रहे थे। निरीक्षण में पाया गया कि मिठनपुरा थानाध्यक्ष न केवल थाने से नदारद थे, बल्कि वे क्षेत्र में गश्त पर भी नहीं थे। उन्होंने थानाध्यक्ष के खिलाफ निलंबन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। लापरवाही के लिए स्पष्टीकरण मांगा है।

दूसरी ओर, मनियारी थाने में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक कन्हैया कुमार पर भी कार्रवाई हुई है। उन पर केसों के अनुसंधान में अत्यधिक ढिलाई बरतने और समय पर जांच पूरी न करने के आरोप हैं। विभागीय समीक्षा में अपने दायित्वों के प्रति उनकी लापरवाही सामने आने के बाद एसएसपी ने उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया। निलंबन की अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार केवल जीवन-यापन भत्ता ही देय होगा। इस कार्रवाई के बाद एसएसपी कांतेस कुमार मिश्रा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रभावी रात्रि गश्ती, रात के समय पुलिस की मौजूदगी सड़कों पर दिखनी चाहिए ताकि अपराधियों में भय और जनता में सुरक्षा का भाव बना रहे। माफियाओं पर नकेल, अवैध शराब की तस्करी और खनन माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। जनता से व्यवहार, आम नागरिकों के साथ पुलिस का व्यवहार शालीन होना चाहिए और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान हो।

**हीरोइन तस्करी में एक पुरुष दो महिला गिरफ्तार : दानापुर।** गुप्त सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिम पटना के निर्देश पर रूपसपुर थानाध्यक्ष द्वारा छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त स्थान पर छापामारी कर एक पुरुष दो महिला के पास से 102.88 ग्राम हीरोइन जैसा पदार्थ बरामद किया गया।

# सवा करोड़ रुपए की ठगी में पुलिस ने साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

### अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले में साइबर डिजिटल गिरफ्तारी कर करीब सवा करोड़ रुपए के ठगी के मामले में पुलिस ने आज मधुबनी से एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है।

भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बुधवार को यहां बताया कि स्थानीय साइबर थाना में दर्ज इस मामले में लिप्त साइबर अपराधी के मधुबनी जिले में छिपे रहने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष, साइबर थाना के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मधुबनी जिले के विस्पी क्षेत्र में उसके पैतृक घर पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने साइबर अपराधी मो. गुफरान को गिरफ्तार किया है। टीम के जांच पड़ताल में यह ज्ञात हुआ है कि वह हरियाणा के फरीदाबाद शहर में एक संगठित अवैध फाइनेंशियल नेटवर्क चलाता है, जिसके माध्यम से साइबर अपराध में ट्रांजेक्शन की गई राशि को विदेश भेजता है।

श्री यादव ने बताया कि उक्त अपराधी का दुबई सहित विदेश के कई शहरों में नेटवर्क है। उसने इस नेटवर्क के माध्यम से भागलपुर शहर के रहने वाले इस कांड के पीड़ित से डिजिटल गिरफ्तारी के जरिए ठगी गई राशि (करीब सवा करोड़) को विदेश भेजा है। इधर टीम ने मो.गुफरान से कड़ी पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में लिप्त अन्य साइबर अपराधियों की पहचान तथा गिरफ्तारी हेतु छापेमारी शुरू कर दी है।

# भाजपा ने पं दीनदयाल की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिक्रम।** नगर के काली मंदिर प्रांगण के समुदायिक भवन में भाजपा पटना ग्रामीण की ओर से पं0 दीनदयाल उपाध्याप की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। वक्ताओं ने कहा कि पंडित ने अपना पूरा जीवन अपने सादगी के साथ गरीबों एवं जरूरत लोगो उत्थान के लिए काम करते हुए राष्ट्र की सेवा में सर्मिपित होकर एक सच्चे देश भक्त का परिचय दिया। प्रदेश प्रवक्ता विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल ने कहा कि उनके द्वारा बताये गये रास्ते पर चलकर देश आगे बढ़ रहा है। उक्त कार्य कर्म में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राज कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष तेज नारायण शर्मा, शशांकधर शर्मा, जितेन्द्र यादव, विनोद सिंह, नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष लंकेश सिंह, राम शर्मा, नुपुर कुमारी, अविनाश उपाध्याय, लाल बाबु सिंह, संधीर यादव, अभिषेक रंजन मोन्टी, सूर्य नारायण सिन्हा, योगेश तिवारी, सतीश कुमार, पिन्टु कुमार, उज्ज्वल कुमार, सर्वजीत कुमार, उत्तम कुमार, रंजीत पासवान, ललन पासवान, अमर यादव, पवन तिवारी, ब्रजेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल में बुधवार को बारहवीं वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के लिए फ़ेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक जी. जे. गॉल्स्टन ने दीप प्रज्वलित कर किया। 11वीं वर्ग की छात्राओ ने वेलकम डान्स कर सभी के मन को मोह लिया। तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें नृत्य, गाने, नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। प्रश्न-उत्तर श्रृंखला में छात्रों का सामान्य ज्ञान भी जाँचा गया। वितुल सौन्दर्य कंठ एवं शशांक सिंह को मिस्टर एवं मिस डोमिनिक चुना गया। प्रशांत कुमार को मिस्टर पर्सनालिटि तथा अंजलिका को मिस चार्मिंग चुना गया। तन्नु को सर्वाधिक सुरूचिपुर्ण तथा विशाल चौधरी को अकादमिक शस्त्र का पुरस्कार दिया गया। अपने अभिभाषण में गॉल्स्टन ने विद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को सराहा। उन्होने कहा कि शिक्षा में अनुशासन बहुत ही जरूरी है क्योंकि अनुशासन शिक्षा की रीढ है। इस मौके पर एक 10 पौंड का केक काटा गया। विद्यालय की प्राचार्या ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। साथ ही उप-प्रधानाचार्या ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# लनामिवि महिला कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की महिला कबड्डी टीम ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को 46-30 अंकों के निर्णायक अंतर से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। इस जीत के साथ ही टीम ने प्रतियोगिता में अपना पदक भी पक्का कर लिया है, जो विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय विजेता तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय उपविजेता रही थी। ऐसे में यह जीत केवल एक प्रतियोगी सफलता नहीं, बल्कि पूर्व परिणाम का सशक्त प्रत्युत्तर भी मानी जा रही है। टीम ने इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रणनीति अपनाते हुए प्रतिद्वंदी टीम पर दबाव बनाए रखा और शानदार तालमेल के बल पर एकतरफा बढ़त कायम की। अब सेमीफाइनल में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम का मुकाबला लवली प्रोफ़ेशनल विश्वविद्यालय (एलपीयू), चंडीगढ़ से होगा जिसे लेकर खेल प्रेमियों में काफ़ी उत्साह है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि हमारी महिला कबड्डी टीम ने यह साबित किया है कि आत्मविश्वास और रणनीतिक परिपक्वता का संगम जब प्रतिभा से होता है, तो परिणाम निर्णायक होते हैं। यह जीत केवल स्कोरबोर्ड की बढ़त नहीं, बल्कि खेल मानसिकता की श्रेष्ठता का प्रतीक है। हमें अपनी इन साहसी खिलाड़ियों पर गर्व है। विश्वविद्यालय खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने आज जिस आत्मविश्वास, गति और सामूहिक एकजुटता का परिचय दिया, वह उच्च स्तरीय तैयारी का प्रमाण है। सेमीफाइनल में भी यही ऊर्ज़ा और आक्रामकता टीम को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। विश्वविद्यालय परिवार ने महिला कबड्डी टीम को सेमीफाइनल के लिए शुभकामनाएँ दी हैं और आशा व्यक्त की है कि टीम अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की निरंतरता बनाए रखते हुए प्रतियोगिता में नया इतिहास रचेगी।

# तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी शुरु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव प्रखंड के अंतीचक गांव के समीप पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आगामी 13, 14 व 15 मार्च को होने वाले तीन दिवसीय विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी शुरु कर दी गई है।

इस महोत्सव के सफल आयोजन के सिलसिले में बुधवार को कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) कृष्ण चन्द्र गुप्ता ने स्थानीय नागरिकों, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सभी ने एक स्वर से इस बार महोत्सव को पहले से आकर्षक और भव्यता के साथ से मनाने पर जोर दिया। पंचायत स्तर से महोत्सव के प्रचार-प्रसार, लोगों में जागरुकता लाने और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों की पूरी सहभागिता पर चर्चा हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि महोत्सव में बड़ी संख्या में आने वाले दशकों की सुविधा के लिए व्यवस्थित पंडाल, पेयजलापूर्ति और बेहतर सड़क परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को कहा गया है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल से कहलगांव, पीरपैंती, सन्हौला प्रखंड मुख्यालय सहित जिला मुख्यालय (भागलपुर) में विक्रमशिला महोत्सव से संबंधित छोटे-बड़े होडिंग लगवाने पर सहमति बनी। श्री गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के दौरान तीन दिनों तक कहलगांव से अंतीचक जाने वाले दोनों मार्गों सहित भागलपुर-पीरपैंती मुख्य मार्ग पर आवागमन को सुचार रुप से जारी रखने के लिए कहलगांव एवं पीरपैंती के पुलिस उपाधीक्षक को कहा गया है। बैठक में कहलगांव के पुलिस उपाधीक्षक कल्याण आनंद, कहलगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार, सीओ, जिला पार्षद सोनी कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, कहलगांव प्रखंड की प्रमुख नूतन कुमारी, पीरपैंती की प्रमुख रशिमी कुमारी, अंतीचक की मुखिया ललिता देवी, प्रो राजकुमार साह, राम कुमार पाठक, शाहनवाज आलम मुन्ना, राजेश सिंह, देवकीनंदन शर्मा, प्रवीण कुमार राणा, पंकज गुप्ता पवन कुमार भारती, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अंतीचक गांव के पास प्राचीन शिक्षा केन्द्र विक्रमशिला महाविहार की गाथा एवं पुरातात्विक महत्ता को देखते हुए हर वर्ष विक्रमशिला महोत्सव का आयोजन किया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के नामचीन कलाकार, गायक और प्रदेश की लोक संस्कृति से जुड़े कलाकार आते हैं और अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति से हजारों दर्शकों का दिल जीत लेते हैं।

# याद किए गए गलवान के बलवान बिहारी रणबांकुरे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** बुधवार की सुबह, दानापुर छावनी स्थित शहीद स्मारक पर गलवान के बलवान 16 बिहार के वीर बिहारी सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार रेजीमेंट केंद्र के सैकड़ो अधिकारियों और सैनिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर यह विशेष आयोजन 16 बिहार बटालियन के 41वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था। 16 बिहार बटालियन 11 फरवरी 1985 को दानापुर छावनी में मेजर एचडी सालोंके के नेतृत्व में गठित की गई थी। शुरू से ही यह बटालियन रेजीमेंट की बाकी बटालियनों की अपेक्षा कुछ भिन्न रही है। इसका कारण यह है कि इस बटालियन में बिहार और झारखंडी सैनिकों के अलावा उड़ीसा के आदिवासी मजहबी सिख और गढ़वाली सैनिक भी रहे हैं। 10 अगस्त 1985 को कर्नल एस के पुरी को बटालियन के पहले कमान अधिकारी और सूबेदार मेजर एस एन प्रसाद को पहले सूबेदार मेजर का कार्यभार सौंपा गया। अपनी स्थापना से लेकर अभी तक बटालियन ने हर क्षेत्र में अपनी बहादुरी वीरता और योग्यता का परचम लहराया है। युद्ध काल हो या शांति काल हर समय पर बटालियन ने हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके लिए बटालियन को समय-समय पर विभिन्न वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। 16वीं बिहार बटालियन, बिहार रेजीमेंट के ताज में एक कोहिनूर हीरे की तरह है। गलवान घाटी में हुए चीन के साथ मुठभेड़ में बटालियन की वीरता को कभी बुलाया नहीं जा सकता । यह घटना इतिहास में दर्ज हो चुकी है कि जब हमारे वीर बिहारी बांकुरों ने उस दुर्गम क्षेत्र में चीन की सेना को नाको चने चबवा दिए थे और चीन को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा, समादेष्टा, बिहार रेजीमेंट केंद्र, ले. कर्नल कुणाल कुमार शर्मा, सूबेदार मेजर विपिन कुमार प्रधान समेत सभी सैनिकों ने हमारे शहीद नायकों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि के दौरान सेना के बैंड द्वारा वंदे मातरम और रेजिमेंटल गीत सहित देशभक्ति की धुनें बजाई गईं।

# किसना ने दरभंगा में एक्सक्लूसिव शोरूम का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार के दरभंगा में अपने 15वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। मिर्ज़ापुर स्टेशन रोड स्थित इस शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया एवं दरभंगा एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस शुभ अवसर और वैलेंटाइन वीक के जश्न को खास बनाने के लिए किसना ने विशेष लॉन्च ऑफर्स की घोषणा की। इसके तहत डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में प्रति 5 ग्राम तक 5,000 की छूट तथा प्रति ग्राम तक 1,000 की छूट दी जा रही है, जिससे प्यार और तोहफों का यह मौसम और भी खास बन गया है। शोरूम लॉन्च के साथ ही किसना ने अपनी विशेष वैलेंटाइन डे कलेक्शन भी पेश की, जिसमें प्रेम, आत्म-अभिव्यक्ति और उपहार देने की भावना को दर्शाते हुए समकालीन और आकर्षक डिज़ाइनों को शामिल किया गया है। इस कलेक्शन में हल्के और स्टाइलिश आभूषण शामिल हैं, जो रोज़मर्रा के उपयोग के साथ-साथ खास मौकों के लिए भी उपयुक्त हैं और आधुनिक ग्राहकों की बदलती पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि बिहार हमारे रिटेल विस्तार की रणनीति में एक महत्वपूर्ण बाज़ार बना हुआ है और दरभंगा में हमारा यह शोरूम 'हर घर किसना' के हमारे विज़न की दिशा में एक और मजबूत कदम है। हमारी वृद्धि का आधार उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण, बदलती पसंद की समझ, पारदर्शिता और एक सहज एवं भरोसेमंद खरीदारी अनुभव है। दरभंगा एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि हमें दरभंगा में किसना को लाने और यहां के ग्राहकों को ब्रांड की विशेष रूप से तैयार की गई कलेक्शन्स से परिचित कराने पर गर्व है।

# भारी मात्रा में नशीला पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**मशरक (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मशरक थाना क्षेत्र के चांद कुदरिया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चांद कुदरिया निवासी राजकुमार राय उर्फ डोढा राय के रूप में हुई है। अपर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नशीला पदार्थ भूसा में छुपाकर कहीं ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में भूसे के बीच बोरे में रखा लगभग 30 किलो डोडा चुरा/भुक्की जैसा नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार ने बताया कि वह यह सामान पटना के विपुल बाबा से खरीदकर पंजाब ले जाकर बेचता है। उसने यह भी खुलासा किया कि इसी प्रकार के मामले में वर्ष 2023 में पंजाब के पाटियाला जिला के राजापुर थाना में भी पकड़ा गया था। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# नाला क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मशरक (सारण)।** बंगरा पंचायत के चरिहारा गांव स्थित वार्ड 15 में पिछले वर्ष बने नाले के क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि नाला घटिया निर्माण सामग्री से बनाया गया, जिसके कारण एक वर्ष के भीतर ही ध्वस्त हो गया।

ग्रामीण अशोक साह ने बताया कि उनकी बेटी की शादी होने वाली है, लेकिन नाला टूट जाने से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने नाला पुनर्निर्माण की मांग की है।

उधर, ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वार्ड 14 के हसापीर में भी इसी प्रकार की लापरवाही सामने आई थी, जहाँ नया नाला बना लेकिन कुछ ही दिनों में टूटने लगा। इसकी शिकायत प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी बीच चैनपुर गांव निवासी तारकेश्वर सिंह ने पंचायत के मुखिया पर जबरन सोलिंग कराए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। दर्ज शिकायत में उन्होंने बताया कि खाता संख्या 16, सर्वे संख्या 705, 706 व 707 के कुल 18 कट्ठा 17 धुर कास्तकारी भूमि पर उनका पूर्ण अधिकार है, लेकिन उनकी अनुमति के बिना मुखिया द्वारा जबरदस्ती सोलिंग कराई जा रही है। विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी गईं और गाली-गलौज भी किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया और उनके परिजनों द्वारा दबंगई का नाजायज लाभ उठाया जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 48-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 10.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल के तहत स्टेशनों/केबिनों में डेटा लॉगर एवं एमएसडीएसी के लिए एनालाइजिंग सॉफ्टवेयर के साथ डायग्नोस्टिक टर्मिनल का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,39,79,882/-, **बयाना राशि:** रु. 2,19,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 05.03.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-345/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 09.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-180-25-26, कार्य का नाम:** माझेरहाट और ब्रेस ब्रिज में:-सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता (वर्क्स)/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में माझेरहाट और ब्रेस ब्रिज स्टेशनों पर नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम को बदलना। **निविदा मूल्य:** रु. 2,29,28,687.73, **बयाना राशि:** रु.2,64,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 10 (दस) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.:टीएन-181-25-26, कार्य का नाम:** नंगी में:-सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता (वर्क्स)/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में नंगी स्टेशन पर नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम को बदलना। **निविदा मूल्य :** रु. 1,10,07,062/-, **बयाना राशि :** रु.2,05,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 08 (आठ) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.03.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 06.03.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-389/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर 1663 टीमें घर-घर जाकर वितरण कर रही दवा

## अभियान का मंत्री ने लिया वर्जुअल जायजा

- मेगा कैंप में सुबह से ही देखी गई भारी भीड़
- अधिकारियों ने दवा खाकर लोगों को किया प्रेरित
- स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति में दी जा रही है दवा
- फाइलेरिया है लाइलाज, समय पर दवा सेवन से बचाव है संभव
- आठ लाख से अधिक लोगों को

फाइलेरिया मुक्ति अभियान
सुरक्षित दवा, भरोसा स्वास्थ्य का

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में तेघड़ा प्रखण्ड ने एक नजीर पेश करने का काम किया। तेघरा प्रखंड के मधुरापुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-71 तथा स्थानीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय मेगा कैंप ने व्यापक जनभागीदारी के साथ नई मिसाल कायम की। इस विशेष अभियान का वर्चुअल अवलोकन स्वयं बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया तथा लाभार्थियों और स्वास्थ्य अधिकारियों से सीधे संवाद कर जिले के प्रयासों की सराहना की। मेगा कैंप में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम कृष्ण के नेतृत्व एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा (सर्वजन दवा सेवन) कराई गई। केंद्र परिसर को फूलों और गुब्बारों से सजाकर अभियान को उत्सव का रूप दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। जिसके बाद अधिकारियों ने स्वयं दवा सेवन कर लोगों को प्रेरित किया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सुभाष रंजन झा ने कहा कि फाइलेरिया लाइलाज जरूर है। परंतु समय पर दवा सेवन से इससे बचाव संभव है। तेघरा में दिखा उत्साह पूरे जिले के लिए प्रेरणादायी है और सरकार इस बीमारी के उन्मूलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम कृष्ण ने अभियान की सफलता का श्रेय स्वास्थ्य टीम, आशा कार्यकर्ताओं, जीविका दीदियों और ग्रामीणों के सहयोग को दिया। तथा कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में दवा सेवन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय मेगा कैंप की सफलता के बाद जिले भर में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। पूरे जिले में आज 1,663 टीमें घर-घर जाकर दवा खिलाने में जुटी हैं। तथा विशेष अभियान के तहत 8 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सुबीर पंकज, बीसीएम शारदा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका रंजना कुमारी सहित पिरामल फाउंडेशन के ज्ञानोदय प्रकाश, दीपक मिश्रा, ऐश्वर्या कुमार एवं अंकित झा ने सक्रिय सहयोग दिया। फील्ड स्तर पर एएनएम अनुपमा कुमारी, प्रियंका, सीएचओ लक्ष्मी कुमारी, आशा फैसिलिटेटर सुनीता देवी, सेविका सावित्री देवी, प्रेम शिला कुमारी, ऊषा कुमारी तथा आशा कार्यकर्ता साधना कुमारी, आनंदी देवी, मिली कुमारी और बबीता देवी ने घर-घर संपर्क कर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की। बड़ी संख्या में जीविका दीदियों और ग्रामीणों ने भी फाइलेरिया मुक्त प्रखंड बनाने का संकल्प लिया।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में दवा का सेवन अवश्य करें तथा खाली पेट दवा न लें।

# विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में भूखंड आवंटन को लेकर समीक्षा बैठक

## गृह निर्माण सहयोग समिति को समन्वय के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा सचिवालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बिहार विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बिहार सांसद एवं विधान मंडलीय सदस्य गृह निर्माण सहयोग समिति से संबंधित भूखंड आवंटन के मुद्दे पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सांसद एवं विधान मंडलीय सदस्य गृह निर्माण सहयोग समिति द्वारा सदस्यों को आवंटित भूऽखंडों की समीक्षा की गई। इस दौरान समिति के माध्यम से सदस्यों को नए भूऽखंड उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर भी विस्तार से विचारऽविमर्श हुआ। बैठक में अध्यक्ष ने समिति को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व में समिति द्वारा लीज पर आवंटित भूऽखंडों के नवीनीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही जो विधान मंडलीय सदस्य अभी तक इस समिति के सदस्य नहीं हैं, उन्हें सदस्य बनाने के लिए आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा को दिया गया। अध्यक्ष ने सभा सचिवालय और गृह निर्माण सहयोग समिति के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए एक नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश दिया। इस बैठक में भोला यादव, सचिव, बिहार सांसद एवं विधान मंडलीय सदस्य गृह निर्माण सहयोग समिति, राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, रजनीश कुमार सिंह, निबंधक, सहयोग समितियां, सहकारिता विभाग, राहुल वर्मन, सचिव, बिहार राज्य आवास बोर्ड, एडीएम पटना, जिला सहकारिता पदाधिकारी दीपक कुमार तथा सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हथियार लहराते वीडियो वायरल मामले में प्राथमिकी

## फुलवरिया पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच की शुरू

- वीडियो में शामिल युवक की पुलिस की रही खोज
- घटना में शामिल लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी का पुलिस ने किया दावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** फुलवरिया थाना क्षेत्र के शोकहरा गांव में हथियार लहराते वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को एक सनसनीखेज वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दो पक्षों के बीच मारपीट के दौरान खुलेआम हथियार लहराते हुए युवक दिखाई दे रहे हैं। वायरल फुटेज में पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होती दिख रही है। जो देखते ही देखते हाथापाई में तब्दील हो जाती है। इसी दौरान एक युवक हाथ में हथियार लेकर लोगों को डराने और एक महिला को धमकी देते हुए नजर आता है। घटनास्थल पर दर्जनों लोग मौजूद हैं।कोई बीच-बचाव करता दिख रहा है तो कोई मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड करता हुआ नजर आ रहा है। मारपीट के दौरान थप्पड़ और लात-घूंसे भी चलते देखे जा सकते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मामले को गंभीरता से लेते हुए फुलवरिया थाना पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया है। पुलिस द्वारा वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की जा रही है। और यह भी पता लगाया जा रहा है कि वीडियो कब का है तथा विवाद की असल वजह क्या थी। इतनी भीड़ मौजूद होने के बावजूद बदमाशों का हौसला इस कदर बुलंद नजर आया कि एक युवक खुलेआम हाथ में हथियार लेकर एक महिला को जान से मारने की धमकी देता दिख रहा है। सवाल यह है कि आखिर यह युवक कौन है और कहां का रहने वाला है- इसकी तलाश में अब पुलिस जुट गई है। फुलवरिया थाना अध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो शोकहरा गांव का ही है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस हथियार की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# घर से नगद और लाखों के जेवरात की चोरी

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में चोरों ने लगातार चोरी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैला दी है। कुछ दिन पहले मुरादपुर गांव में लोगों की तत्परता से चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया था। इसी कड़ी में मंगलवार के देर रात में पकड़ी गांव वार्ड संख्या 4 निवासी रामाश्रय ठाकुर के घर में ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए पीड़ित गंगाराम ठाकुर ने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा मेरे घर का ताला तोड़कर पचास हजार नगद और मेरी पत्नी के एक भर सोने का गहना और भाभी के डेढ़ भर सोने का गहना एवं एक भर मां के सोने के गहना को चोरी कर लिया। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया है कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट

## डीएम ने किया बियाडा औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बीहट।** जिले के बरौनी प्रखंड स्थित औद्योगिक एरिया में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। बुधवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बरौनी प्रखंड के अंतर्गत बियाडा औद्योगिक क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में विकास कार्यों और सुरक्षा मानकों को परखा। मुख्य रूप से निम्नलिखित स्थलों पर बारीकी से गौर किया गया। नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज की स्थिति और सुविधाओं का अवलोकन। कैम्पा कोला और नेचुरल पॉलीप्लास्ट जैसी बड़ी कंपनियों के प्लांट का निरीक्षण। मुख्यमंत्री के चॉपर की लैंडिंग के लिए बनाए जा रहे हेलीपैड की सुरक्षा और मानकों की जांच। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उप विकास आयुक्त बेगूसराय सदर अनुमंडल पदाधिकारी, तेघड़ा अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी तारीखों को लेकर सस्पेंस बरकरार मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम पहले 6 मार्च के लिए प्रस्तावित है लेकिन प्रशासनिक गलियारों में मिल रही ताजा जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की तिथि में बदलाव हो सकती है। जो मुख्यमंत्री का आगमन 28 फरवरी को भी संभावित बताया जा रहा है। इसी अनिश्चितता को देखते हुए प्रशासन समय से पहले सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर औद्योगिक क्षेत्र की साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं में कोई कमी न रहे।

# उत्पाद थानेदार व शराब माफिया के बीच कथित ऑडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में उत्पाद विभाग के थानेदार और कथित शराब माफिया के बीच बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि नवबिहार टाइम्स वायरल ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। पूरी खबर ऑडियो और सोशल मीडिया में किए जा रहे दावों पर आधारित हैं। इधर, ऑडियो के वायरल होते ही जिला पुलिस अधीक्षक मनीष ने डीएसपी बलिया को जांच का आदेश दिया गया। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि इस जिले के किसी एसएचओ की आवाज नहीं है। वायरल हो रहे ऑडियो में कथित तौर पर यह सुना जा सकता है कि बीते 4 फरवरी को बड़ी बलिया थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम द्वारा एक वाहन से स्प्रिट बरामद की गई थी। ऑडियो में आरोप है कि इस मामले को दबाने और केस से नाम हटाने के लिए तीन शराब कारोबारियों का जिक्र किया जा रहा है। जिसमें एक दलाल से कहा जा रहा है कि तीनों से सम्पर्क करो कि हमसे मिल कर केस में अपना नाम बचाने के लिए मोटी रकम रिश्वत में दे। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया। परन्तु वे सम्पर्क करना मुनासिब नहीं समझे। इस कारण उनका पक्ष नही जाना जा सका।

# गंगा घाट से 1560 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** बड़हरा प्रखंड के सिन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कान्हा छपरा गांव के समीप गंगा नदी घाट से पुलिस ने छापेमारी कर 1560 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। बरामद शराब किंग फिसर बीयर, ऑफिसर च्वाइस ह्विस्की, 8 पीएम और ऑफ्टर ब्लू शामिल हैं। पुलिस ने स्थल से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार की। वही एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। जो नाव के समीप मौजूद थे। मंगलवार रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गंगा नदी के रास्ते नाव से विदेशी शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एक टीम गठित किया। मंगलवार रात व बुधवार सुबह करीब 2-3 बजे त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी घाट की घेराबंदी की। पुलिस को आते देख अंधेरे का लाभ लेते हुए तस्कर खड़ी फसल में घुसकर भाग गये। एक तस्कर समेत एक विधि विरुद्ध बालक पकड़ा गया। पकड़े तस्कर से पुलिस पुछताछ के दौरान भागने वालो की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं पुलिस ने घाट पर नाव की तलाशी ली गयी। नाव में छुपाकर रखी गयी शराब मिली। उसमें रखे 1560 बोतल व पीस शराब बरामद हुआ। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला परिषद करेगी सैरातों की बन्दोबस्ती

## आवेदन प्रपत्र 12 से 21 फरवरी तक कार्यालय अवधि में रहेंगे उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बुधवार को जिला परिषद कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष के लिए महत्वपूर्ण सैरातों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसमे साहेबपुर कमाल प्रखंड अंतर्गत मल्हीपुर घाट मेला-सह-टैक्सी स्टैंड तथा कुरहा हाट की बंदोबस्ती खुली डाक (नीलामी) के माध्यम से की जाएगी। आवेदन प्रपत्र 12 फरवरी से 21 फरवरी तक कार्यालय अवधि में उपलब्ध रहेंगे। जबकि भरे हुए आवेदन पत्र 23 फरवरी से 25 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। खुली डाक की तिथियाँ क्रमशः 27 फरवरी, 7 मार्च तथा 11 मार्च निर्धारित की गई हैं और यह प्रक्रिया दोपहर 12:30 बजे डीआरडीए सभागार में संपन्न होगी। उप विकास आयुक्त बेगूसराय सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त सैरातों में मल्हीपुर घाट मेला-सह-टैक्सी स्टैंड की सुरक्षित राशि 20,75,750 रुपया तथा जमानत राशि 5,19,000 रुपया निर्धारित की गई है। जबकि कुरहा हाट की सुरक्षित राशि 13,51,250 रुपया एवं जमानत राशि 3,38,000 रुपया तय की गई है। आवेदन पत्र का शुल्क 500 रुपया नकद होगा।जो अप्रतिदेय है। आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट, चरित्र प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा दो रंगीन पासपोर्ट आकार के स्व-अभिप्रमाणित फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट डीडीसी कम सीईओ, जिला परिषद बेगूसराय के पक्ष में देय होगा तथा खुली डाक की प्रक्रिया समाप्ति के तुरंत बाद सफल बोलीदाता को बंदोबस्ती की संपूर्ण राशि जमा करनी होगी। अधिक जानकारी एवं विस्तृत नियमों के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला परिषद कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं अथवा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# आर्म्स एक्ट मामले में आरोपित को तीन साल की सजा

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रणधीर कुमार ने आर्म्स एक्ट मामले में एक आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई है। बताते चलें कि बलिया थाना कांड संख्या 161/2009 में आरोपी बलिया थाना क्षेत्र के लखमिनिया बाभन टोली निवासी स्व.नारायण सिंह के पुत्र दीपक कुमार को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-उ)थ में तीन वर्ष की साधारण कारावास तथा धारा 26 में एक वर्ष का कारावास की सजा सुनाई गई।अभियोजन की ओर से इस मुकदमें में विद्वान अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी फिरोज अहमद ने कुल तीन गवाहों की गवाही कराई थी। तथा जब्त प्रदर्श को न्यायालय में प्रस्तुत कराई।ज्ञात हो कि 18 सितंबर 2009 की संध्या में करीब 05:30 बजे को बलिया थाने की पुलिस के द्वारा गश्ती के क्रम में लखमिनिया बाजार स्थित सोनार टोली में पहुंचीं तो पुलिस की गाड़ी को देखकर आरोपी दीपक कुमार भागने लगा।तभी गश्ती दल ने पुलिस बल के सहयोग से उसे खदेड़ कर पकड़ लिया जिसके कमर के पास से एक लोडेड देशी पिस्तौल बरामद किया गया था।

# अनियंत्रित ऑटो की टक्कर से रेलवे बुम गेट क्षतिग्रस्त, छह घंटे बाधित रहा आवागमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा सिवान रेलखंड के एकमा स्टेशन स्थित पश्चिमी ढाला संख्या 68 बी पर बुधवार को एक अनियंत्रित तिपहिया वाहन ऑटो की टक्कर से रेलवे का बुम गेट टूट गया, जिससे करीब छह घंटे तक सड़क आवागमन बाधित रहा। गेटमैन राजेश कुमार ने बताया कि मालगाड़ी को सुरक्षित पार कराने के बाद जैसे ही गेट खोला जा रहा था, उसी दौरान उत्तर दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे यात्रियों और सामान से भरे ऑटो ने बुम में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बुम का दक्षिणी हिस्सा पूरी तरह टूट गया।

घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी गई, जिसके बाद गेटमैन और रेल पटरी पर कार्यरत कर्मचारियों ने बुम की मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। विभागीय सूचना पर छपरा से नया बुम मंगाया गया, जो शाम करीब छह बजे पहुंचा। नया बुम लगाने के बाद ही सड़क आवागमन सामान्य हो सका। इस दौरान ढाला के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि सिग्नल विभाग और संबंधित अधिकारियों की ओर से तत्परता दिखाई जाती, तो मरम्मत कार्य में इतना समय नहीं लगता।

# संक्रमण से बचाव के लिए घर एवं समाज को रखें स्वच्छ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार सम्पूर्णता अभियान 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पूजा कुमारी, आईसीडीएस सह नोडल पदाधिकारी, मिशन शक्ति द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुश्री कुमारी ने बालिकाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का सीधा संबंध पोषण और स्वच्छता से है। शरीर, घर एवं समाज को स्वच्छ रखना संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक है। शौच के उपरांत तथा भोजन से पूर्व हाथों को साबुन से अच्छी तरह साफ करना अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी के दौरान विशेष स्वच्छता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि माहवारी एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जो स्वस्थ होने का संकेत है। इस विषय पर खुलकर चर्चा कर सही जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है, ताकि संक्रमण से बचाव हो सके। पोषण संबंधी जानकारी देते हुए उन्होंने संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा हरी सब्जियों, मौसमी फलों, दूध, दाल एवं अनाज को दैनिक भोजन में शामिल करने की सलाह दी। साथ ही बाहरी फास्ट फूड से बचने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालिकाओं को नाश्ता, पेयजल एवं स्वच्छता किट का वितरण किया गया तथा माहवारी स्वच्छता पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। जिससे उन्हें स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार के महत्व की समझ विकसित हो सके।इस अवसर पर गौस अली हैदर खान, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, राजकुमार सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक, वीणा कुमारी, केंद्र प्रशासक, मणि भूषण मिश्रा, केस वर्कर, स्वीटी कुमारी, परामर्शी, मृत्युंजय कुमार, जिला समन्वयक, आईसीडीएस अश्वनी कौशिक, जिला परियोजना सहायक, आईसीडीएस संजीत कुमार, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत बेगूसराय जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बालिकाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-50-25, दिनांक 10.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडलः-चिनपाई (सीपीएलई) स्टेशन में पूर्ण लंबाई की यार्ड लाइन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,88,01,491.25, **बयाना राशि:** रु. 2,44,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 10.03.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-348/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# चलती ट्रेन में गूंजी किलकारी, 'ऑपरेशन सेवा' बनी जीवनरक्षक

## झाझा स्टेशन पर आरपीएफ-जीआरपी की तत्परता से सुरक्षित प्रसव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** रेलवे सुरक्षा बल झाझा द्वारा संचालित ऑपरेशन सेवा के तहत मानवीय संवेदना और त्वरित कार्रवाई का सराहनीय उदाहरण सामने आया। गाड़ी संख्या 13287 अप साउथ बिहार एक्सप्रेस के झाझा स्टेशन पहुंचते ही आरपीएफ और जीआरपी की सतर्कता से एक प्रसूता महिला और नवजात बच्ची की जान सुरक्षित बचाई गई।

रायपुर से पटना की यात्रा कर रही महिला यात्री खुशबू को चलती ट्रेन में अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोच में मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मियों ने तुरंत सूचना दी। ट्रेन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर पहुंचते ही आरपीएफ झाझा के अशोक कुमार ने कोच संख्या ट्ट1 को अटेंड किया। इसी दौरान महिला ने कोच में ही एक बच्ची को जन्म दिया।

सूचना मिलते ही रेलवे डॉक्टर मौके पर पहुंचे और मां व नवजात को प्राथमिक उपचार दिया। प्रारंभिक जांच के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल झाझा रेफर किया गया। बिना देरी किए एंबुलेंस की व्यवस्था की गई और सुरक्षा के मद्देनज़र जीआरपी की महिला आरक्षी को भी उनके साथ भेजा गया। आरपीएफ और जीआरपी के आपसी समन्वय, त्वरित निर्णय और संवेदनशील रवैये के कारण समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी। यह घटना ऑपरेशन सेवा के तहत रेलवे सुरक्षा बल की यात्रियों के प्रति प्रतिबद्धता और मानवीय भूमिका को एक बार फिर रेखांकित करती है।

# पिता की हत्या मामले में प्रेमी युगल को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** सारण जिले के व्यवहार न्यायालय छपरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने अपने पिता की हत्या प्रेमी के साथ करने के आरोपित प्रेमिका- प्रेमी को आज बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमनौर थाना क्षेत्र में दर्ज प्राथमिकी संख्या भारतीय दंड संहिता की धारा 172/25, दिनांक 07.06.2025, धारा 103 (1)/109(1)/331 (2) एवं सत्र वाद संख्या 1049/25 के आरोपित खास पटी गांव निवासी रामबाबू कुमार और अनिता कुमारी को धारा 103(1) बीएनएस के तहत दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा नहीं करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 109(1) बीएनएस के अंतर्गत दोनों को छह-छह वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड, अर्थदंड न देने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा दी गई। इसके अतिरिक्त धारा 331(2) बीएनएस के तहत अभियुक्त रामबाबू कुमार को दो वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है।

भारत सरकार

नहर, कुआँ, सिंचाई साधन, जल का हो विस्तार,
खेत जल वितरण प्रणाली से सींचे हर खेत अपार।
बूँद-बूँद से फसल संवरे, समृद्ध हो किसान हर बार।

CBC 35101/13/0114/2526



Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
125 दिन
की रोज़गार गारंटी



# मुख्य सचिव ने जाना औरंगाबाद में संचालित योजनाओं का हाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 01 फरवरी 2025 से अब तक बिहार राज्य में संचालित परियोजनाओं की प्रगति की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेन्द्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान औरंगाबाद जिला अंतर्गत संचालित प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं, विशेषकर उत्तर कोयल नहर परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में परियोजना की भौतिक प्रगति, समय-सीमा, लागत एवं भूमि अर्जन की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में यह अवगत कराया गया कि उत्तर कोयल नहर परियोजना के वितरण प्रणाली हेतु औरंगाबाद जिला में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अर्जन की आवश्यकता है, जिसमें से 36.504 हेक्टेयर भूमि अर्जित की जा चुकी है तथा 4.747 हेक्टेयर भूमि का अर्जन विभिन्न चरणों में लंबित है। मुख्य सचिव द्वारा की गई समीक्षा के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उत्तर कोयल नहर परियोजना से संबंधित लंबित भूमि अर्जन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रक्रियाएं निष्पादित की जाएं। साथ ही परियोजना के कार्यों में तेजी लाने हेतु विभागीय समन्वय सुदृढ़ करते हुए नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में यह स्पष्ट किया गया कि औरंगाबाद जिला प्रशासन विकास कार्यों को गति देने तथा जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों का प्रमंडल स्तर पर होगा चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय ओपन दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन गांधी मैदान में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उक्त जिला स्तरीय ओपन दिव्यांग खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स, दृष्टिबाधित क्रिकेट तथा दृष्टिबाधित फुटबॉल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिव्यांगजनों के विभिन्न समूहों से 30 वर्ष तक की आयु के बालक-बालिकाओं सहित कुल 146 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अत्यंत उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, उनकी खेल प्रतिभा को पहचानना तथा उन्हें आगे के उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों का चयन प्रमंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु किया जाएगा, जिससे उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग एवं संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रतियोगिता के संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, तथा खिलाड़ियों की आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा सिंह, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पु राज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** माली थाना के माली-इटवां के बीच गोकुलधाम के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक माली थाना क्षेत्र के कस्तूरी कर्मा गांव निवासी परीखा सिंह के बेटे अमित सिंह (30) के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन ने बताया कि अमित इटवां बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रहा था। जैसे ही गोकुलधाम के पास पहुंचा एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। युवक की मौत की खबर सुनते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अमित मिलनसार और मेहनती युवक था, जो दिल्ली स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

# एनटीपीसी नबीनगर स्टेज-दो के तहत यूनिट-4 के बॉयलर का प्रथम कॉलम स्थापित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**






**नबीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी नबीनगर की स्टेज-दो विस्तार परियोजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में यूनिट-4 बॉयलर के प्रथम कॉलम की स्थापना की गई। पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक विजय गोयल द्वारा प्रथम कॉलम की स्थापना संपन्न हुई। प्रथम कॉलम की स्थापना के उपरांत विजय गोयल ने एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहरा के साथ स्टेज-दो निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना निर्माण विभाग एवं एल एंड टी के अधिकारियों के साथ मिलकर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निर्धारित समय सीमा में इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा करने के लिए उन्होंने सभी विभागों के समर्पण एवं लगन की सराहना की तथा परियोजना को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। बता दें कि एनटीपीसी नबीनगर स्टेज-दो विस्तार परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 मई 2025 को वर्चुअल माध्यम से किया गया था। इसके बाद से निर्माण कार्य पूरी दक्षता और गति से चल रहा है। लगभग 29,900 करोड़ की लागत से बनाई जा रही यह परियोजना राज्य की ऊर्जा आपूर्ति और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में एनटीपीसी नबीनगर की स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 1,980 मेगावाट है, जो 660 मेगावाट की तीन पूर्णतः क्रियाशील इकाइयों के माध्यम से संचालित हो रही है। स्टेज-दो विस्तार के अंतर्गत 800 मेगावाट की तीन नई इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है। ये इकाइयां तकनीकी दृष्टि से अत्याधुनिक होंगी क्योंकि इनमें अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक एवं एयर कूल्ड कंडेंसर प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। यह तकनीक जल उपयोग को न्यूनतम रखते हुए उच्च दक्षता सुनिश्चित करेगी जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। यूनिट-4 बॉयलर के प्रथम कॉलम स्थापना समारोह में महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अनिल कुमार टीसी, महाप्रबंधक (एडीएम एवं मेंटेनेंस) एम. पाणिग्रही सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# समय पर कार्य पूर्ण नहीं होने पर संवेदक के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल परिसर स्थित मॉडल अस्पताल भवन का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मॉडल अस्पताल में निर्माणाधीन 100 बेड अस्पताल भवन के निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेना था। निरीक्षण के क्रम में निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं पाई गई तथा धरातल पर कार्य की स्थिति संतोषजनक नहीं रहने पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित संवेदक को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि एक माह के भीतर निर्माण कार्य को पूर्ण कर भवन को उपयोग योग्य स्थिति में तैयार किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित संवेदक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा मॉडल अस्पताल भवन में लिफ्ट एवं फर्नीचर की स्थापना कार्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया, ताकि अस्पताल संचालन हेतु आवश्यक बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि 100 बेड मॉडल अस्पताल का शीघ्र संचालन आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) मो. अनवर आलम उपस्थित रहे।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 44 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 35 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 4, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 17 तथा अन्य मामलों में 23 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 68.20 लीटर देसी शराब, 10 लीटर स्प्रिट, एक मोबाइल, एक स्मार्ट घड़ी, 2 बाइक बरामद किया गया है। इसके अलावा 6 वारंटों का निष्पादन भी किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 30 लीटर देसी शराब, 8 लीटर विदेशी शराब एवं 1 बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1229 वाहनों की जांच की गई जबकि एक लाख 29 हजार रूपये शमन की राशि वसूल की गई।

# टक्कर के बाद कार में लगी आग, एक जखमी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित अर्टिगा और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसमें स्विफ्ट डिजायर में आग लग गई। देखते ही देखते कार जलने लगी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घटना शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना मंगलवार रात करीब 2 बजे की है। पहले दोनों कारों के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई, जिसके बाद स्विफ्ट डिजायर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। टक्कर के कुछ ही देर बाद कार से धुआं निकलने लगा और फिर उसमें आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन दमकल की टीम के पहुंचने तक स्विफ्ट डिजायर पूरी तरह जल चुकी थी। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य कार सवारों की पहचान में पुलिस जुटी है। गनीमत रही कि आग की लपटें अर्टिगा कार तक नहीं पहुंचीं। बताया जा रहा है कि अर्टिगा में सीएनजी लगा था। यदि आग उस वाहन तक फैल जाती तो बड़ा विस्फोट हो सकता था और आसपास मौजूद लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहाल कराया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# औरंगाबाद में मगध सर्जिकल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के एमजी रोड स्थित जेके होटल के सामने बुधवार को मगध सर्जिकल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का उद्घाटन किया गया। विधिवत फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ अस्पताल की शुरुआत की गई। उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य लोग, चिकित्सक, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अस्पताल के संचालक जेनरल लेप्रोस्कोपिक एवं इंडो यूरोलॉजी सर्जन डॉक्टर मनीष कुमार सिंह और स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रश्मि सिंह ने बताया कि इस अस्पताल का मुख्य उद्देश्य औरंगाबाद तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अत्याधुनिक एवं किफायती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अब गंभीर सर्जरी, ट्रामा एवं महिला रोग संबंधी इलाज के लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। डॉ. मनीष कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, पथरी का ऑपरेशन, प्रोस्टेट संबंधी सर्जरी, हर्निया, अपेंडिक्स, पित्ताशय की पथरी सहित विभिन्न प्रकार की जटिल सर्जरी आधुनिक उपकरणों के माध्यम से की जाएगी। वहीं ट्रामा सेंटर में सड़क दुर्घटना, चोट एवं आपातकालीन स्थिति के मरीजों के लिए चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार की जांच एवं उपचार, सुरक्षित प्रसव, सिजेरियन ऑपरेशन, बांझपन संबंधी परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों का इलाज यहां विशेषज्ञों की देखरेख में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर, डिजिटल जांच सुविधा, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड तथा साफ-सुथरे वार्ड की व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रबंधक सत्येन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं अनुभवी तकनीशियन तैनात किए गए हैं। साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए विशेष रियायती व्यवस्था भी की जाएगी। समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई दिशा मिलेगी और स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा अपने शहर में ही उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआइजी सत्य प्रकाश एवं पूर्णिया के जिलाधिकारी अंशुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में तीन ज़ख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज के समीप एनएच-19 पर खड़ी ट्रक में पीछे से दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए। घटना बुधवार की सुबह साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है। घायलों की पहचान झारखंड प्रदेश के धनबाद जिले के झरिया थाना क्षेत्र के जामाडुआ गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र विकास यादव एवं दिनेश यादव के पुत्र रौशन यादव के रूप में की गई है। सुबह 10 बजे सदर अस्पताल में इलाज के दौरान रौशन यादव ने बताया कि वह अपने बहनोई विकास यादव के साथ झरिया से कोयला लेकर डेहरी ऑन सोन आये हुए थे। वापसी के दौरान शिवगंज डाईवर्सन पर जाम लगा हुआ था जिसके कारण उनकी ट्रक खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे हमलोग घायल हो गए। हादसे में पीछे वाला ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। मगर दूसरे ट्रक चालक की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# दो भाइयों के घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के करमा रोड स्थित वार्ड नंबर-7 स्थित संस्कार कॉलोनी में दो सगे भाइयों के सुनसान घरों में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों रूपये नगद सहित करोड़ों के जेवरात उड़ा लिए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गृहस्वामी शंकर दयाल सिंह ने बताया कि उनके चचेरे भाई की शादी थी। पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैतृक गांव फ़ेसर थाना क्षेत्र के देवरिया कला गांव गया हुआ था। नौ फरवरी को बारात थी। बारात से लौटने के बाद सभी लोग गांव पर ही रुके थे, उसी रात चोरों ने उनके और उनके छोटे भाई के घर को निशाना बनाया। मंगलवार को पड़ोसियों ने घर का दरवाजा टूटा देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। पड़ोसियों ने बताया कि घर के बाहर जेवर के बैग और कुछ आभूषण बिखरे पड़े थे। सूचना मिलते ही शंकर दयाल सिंह परिवार के साथ लौटे तो देखा कि घर के अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। गहनों और नकदी की जांच की गई तो सब गायब मिला। यह देख परिजन बिलख उठे। घटनास्थल से टूटे हुए ताले और चोरी में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड बरामद हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उस स्थान की घेराबंदी की, जहां से जेवरात के बैग और अन्य सामान मिला था। शंकर दयाल सिंह की पत्नी पिंकी देवी ने बताया कि उनके अपने गहनों के अलावा उनकी दो बहनों के भी गहने घर में सुरक्षित रखे गए थे। एक बहन बंटी सिंह पंजाब के जालंधर स्थित मानसा में रहती हैं जबकि दूसरी बहन सीमा बारून प्रखंड के गोपी बिगहा गांव में रहती हैं। दोनों के घरों की सुरक्षा को देखते हुए गहने पिंकी देवी के यहां रखे गए थे। चोरों ने सभी गहनों पर हाथ साफ कर दिया। शंकर दयाल सिंह ने नगर थाना में आवेदन देकर चोरी गए सामान की विस्तृत जानकारी दी है। आवेदन के अनुसार 14 सोने की अंगूठियां, दो सोने के कंगन, दो सोने की चेन, छह सोने के लॉकेट, एक सोने का हार, पांच जोड़ी सोने के टॉप्स, तीन सोने के टीका, तीन सोने की नथिया, दो जोड़ी सोने के झुमके, तीन जोड़ी सोने की कुंडल बाली, चार सोने की नथुनी, आठ जोड़ी चांदी की पायल, 18 चांदी के सिक्के, 23 चांदी की बिछिया और एक लाख 30 हजार रुपए नकद चोरी हुए हैं। प्रभारी नगर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ में जुटी हैं।

# चेन छिनतई के छह मामलों में आरोप गठित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने 2024 के सभी छह मामलों में आरोपीयों पर आरोप गठित किया है। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि नगर थाना की एक कांड में अभियुक्त मो मामूल रशिद, आरिफ, धीरज उर्फ टिंकू, मो. अब्दुल मोतलिब के खिलाफ आरोप गठित किया गया है। नगर थाना क्षेत्र के कन्हैया कम्पलैक्स, सुभाष नगर कर्मा रोड, यादव कोलेज, कर्मा रोड, शाहपुर के ठाकुरबाड़ी रोड कालीबाड़ी, दानी बिगहा पार्क के समीप चैन छिनतई की घटना घटित हुई थी। आरोप गठन के बाद वाद के सुनवाई में तेजी आयेगी।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
आवश्यकता
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com